सूर्योदय 5:41 सूर्यास्त 7:13

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.4 न्यू | 25.0 अधि |
| धर्मशाला | 20.5 न्यू | 27.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81355.84 |
| निफ्टी | 24836.10 |
| सोना 69,160 | चांदी 84,499 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



कांस्य से चूके अर्जुन, 10 मीटर एयर राइफल में 'चौथे स्थान' पर रहे

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 30 जुलाई 2024 | 15 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 223, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

# सरकार ने अभिमन्यु की तरह देश को 'चक्रव्यूह' में फंसाया : राहुल

## बजट पर चर्चा : 46 मिनट के भाषण में वित्त मंत्री और सरकार पर जमकर बोला हमला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** संसद सत्र के छठे दिन सोमवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 46 मिनट के भाषण में वित्त मंत्री और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने हिंदुस्तान के युवाओं, किसानों और गरीबों को अभिमन्यु की तरह 'चक्रव्यूह' में फंसा दिया है।

उन्होंने केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए बजट की तुलना महाभारत के 'चक्रव्यूह' से की। उन्होंने कहा कि सत्तापक्ष 'चक्रव्यूह' बनाता है, लेकिन कांग्रेस पार्टी एवं विपक्ष 'चक्रव्यूह' तोड़ता है। हजारों साल पहले अभिमन्यु को 'चक्रव्यूह' में छह लोगों ने फंसा कर मारा था। 21वीं सदी में एक और 'चक्रव्यूह' तैयार किया गया है। 'चक्रव्यूह' का दूसरा नाम है 'पद्मव्यूह', जो कमल के फूल के आकार का होता है। इसके अंदर डर और हिंसा होती है। आज 'चक्रव्यूह' के बीच में 6 लोग हैं। ये 6 लोग नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत, अजित डोभाल, अडाणी और अंबानी हैं, जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपत्ति जताई। राहुल ने आरोप लगाया कि सेना के जवानों को अग्निपथ के 'चक्रव्यूह' में फंसाया गया। राहुल के भाषण के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अग्निवीरों को लेकर कभी भी सदन में स्टेटमेंट देने को तैयार हूं। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पर चर्चा का जवाब मंगलवार को देगी।



### फोटो दिखाकर कहा– देश में 73 फीसदी पिछड़े–दलित, इन्हें कहीं जगह नहीं

**नेता** प्रतिपक्ष ने बजट की हलवा सेरेमनी का फोटो दिखाते हुए कहा कि इसमें एक भी आदिवासी, दलित या पिछड़ा अफसर नहीं दिख रहा है। 20 अफसरों ने बजट तैयार किया। आपने एक माइनॉरिटी और एक ओबीसी को रखा, बाकी को तो फोटो में आने ही नहीं दिया। देश में करीब 73 फीसदी दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लोग हैं, लेकिन इनको कहीं जगह नहीं मिलती।

### अग्निवीरों व किसानों के लिए कुछ नहीं

**बजट** में अग्निवीरों को पेंशन के लिए रुपया नहीं दिया गया। अन्नदाता ने आपके चक्रव्यूह से निकलने के लिए आपसे सिर्फ एक चीज मांगी है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी दे दीजिए, लेकिन नहीं दिया गया। एमएसपी की कानूनी गारंटी इतना बड़ा काम नहीं है, अगर बजट में इसका प्रावधान कर दिया जाता तो किसान चक्रव्यूह से निकल जाता। विपक्षी गठबंधन की तरफ से मैं कहना चाहता हूं कि हम एमएसपी की कानूनी गारंटी देंगे।

### लोकसभा में उठा छात्रों की मौत का मामला

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को विभिन्न दलों के सदस्यों ने राजधानी के एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भरने से तीन विद्यार्थियों की मौत का मुद्दा उठाते हुए मामले की व्यापक जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग केंद्र सरकार से की। सदस्यों ने दिल्ली में नालों की सफाई नहीं होने और विभिन्न निर्माण और सुरक्षा मानकों के कथित उल्लंघन के लिए दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार को भी जिम्मेदार ठहराया।

### बोले– क्या अंबानी और अडाणी को ए1, ए2 कह सकता हूं,

**राहुल** गांधी की स्पीच में चक्रव्यूह के 6 किरदारों के जिक्र पर सत्तापक्ष के सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ने उन्हें टोकते हुए कहा कि जो सदन का सदस्य नहीं है, उसका नाम नहीं जाना चाहिए। इस पर राहुल ने कहा कि आप कहते हैं तो एनएसए, अंबानी और अडाणी का नाम निकाल देता हूं। फिर राहुल ने पूछा क्या इन्हें ए1, ए2 कह सकता हूं। ये हिंदुस्तान के इंफ्रास्ट्रक्चर को और बिजनेस को कंट्रोल करते हैं। इनके पास एयरपोर्ट्स हैं, टेलिकॉम हैं, अब रेलवे में जा रहे हैं। इनके पास हिंदुस्तान के धन की मोनोपॉली है। अगर आप कहो कि इनके बारे में नहीं बोल सकते तो ये हमें स्वीकार नहीं है। हमें तो बोलना है।

# 100 वन वीरों की नियुक्ति करेगी प्रदेश सरकार : सुक्खू


हिमाचल राज्य वन विकास निगम की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश राज्य वन विकास निगम की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निगम के डिपो में रखी गई इमारती लकड़ी की निस्तारण प्रक्रिया में तेजी लाने के आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए, ताकि इसे गलने से बचाया जा सके।

सीएम ने कहा कि वन विकास निगम पहली बार एफसीए मंजूरी के उपरांत ब्यास नदी से खनन गतिविधियां शुरू करेगा। उन्होंने निगम को दोषी ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने और उनके खिलाफ वसूली की कार्रवाई शुरू करने व भविष्य में निविदाओं में उनके भाग लेने पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन निगम में कर्मचारियों की कमी दूर करने के लिए 100 वन वीरों को नियुक्त किया जाएगा।

- वन निगम को डिपो में रखी इमारती लकड़ी की निस्तारण प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

### दैनिक भोगियों की दिहाड़ी 400 रुपए करने का लिया निर्णय

**निदेशक** मंडल ने 2022-23 के लिए निगम के कर्मचारियों को अतिरिक्त लाभ प्रदान करने को स्वीकृति प्रदान की, जिससे 227 कर्मचारी लाभान्वित होंगे। बैठक में निगम के दैनिक भोगियों की दिहाड़ी 400 रुपए करने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा, निगम के सभी कर्मचारियों को 1 अप्रैल, 2024 से चार प्रतिशत महंगाई भत्ते की एक और किस्त जारी करने और दो वर्ष का अनुबंध कार्यकाल पूरा करने वाले 80 कर्मचारियों को नियमित करने का निर्णय लिया गया।

### वन निगम ने भेंट किया 51 लाख का चेक

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि पिछले वर्ष मानसून के प्रकोप के कारण शिमला शहर में 618 पेड़ क्षतिग्रस्त हुए, जिनकी लकड़ी बेचकर 2.50 करोड़ रुपए का लाभ हुआ है। इस मौके पर वन निगम ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए मुख्यमंत्री को 51 लाख रुपए का चेक भेंट किया। इस अवसर पर वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची, प्रधान सचिव वन अमनदीप गर्ग, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज शॉर्ट्स

### केजरीवाल के खिलाफ अंतिम आरोप पत्र दाखिल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में जांच पूरी करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ सोमवार को राऊज एवेंन्यू कोर्ट में अपना अंतिम आरोप पत्र दाखिल किया। सीबीआई ने इससे पहले इस मामले में एक मुख्य आरोपपत्र और चार अनुपूरक आरोप पत्र दाखिल किए थे, जिनमें दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, तेलंगाना की विधान पार्षद के. कविता और अन्य को भी आरोपी बनाया गया था।

### सिसोदिया की जमानत पर सुनवाई टली



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मनीष सिसोदिया की जमानत से जुड़ी याचिकाओं पर 5 अगस्त को सुनवाई करेगा। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा। इसके बाद जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने सुनवाई स्थगित कर दी।

### अमृतसर में बॉर्डर के पास मिले पाकिस्तानी हथियार

**अमृतसर।** अमृतसर में भारत-पाक बार्डर पर संघोके गांव के नजदीक बीएसएफ ने गश्त के दौरान पाकिस्तानी हथियार बरामद किए हैं। जवानों ने राइफल, चाकू, कारतूस बरामद किए। हथियारों की बरामदगी पर पुलिस और बीएसएफ ने क्षेत्र को सील कर तलाशी अभियान चलाया चलाया है।

### हेमंत सोरेन की जमानत के खिलाफ याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत देने के झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका खारिज कर दी। पीठ ने कहा कि हम संबंधित आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं।

### शरद गुट की याचिका पर अजित पवार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार के गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) मानने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के फैसले के खिलाफ शरद पवार खेमे की याचिका पर उपमुख्यमंत्री (अजित पवार) और उनके 40 विधायकों से जवाब तलब किया।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- फोरलेन पर 60 से अधिक स्पीड से चले तो चालान -पेज 3
- जोगिंद्रनगर में पीलिया से नर्सिंग की छात्रा की मौत -पेज 3
- मंडी जिले में बढ़ा डायरिया व पीलिया का प्रकोप -पेज 9
- मणिमहेश यात्रा : देहरा के युवक की हृदय गति रुकने से मौत -पेज 10
- श्रीलंका का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत -पेज 14


# दिल्ली 'कोचिंग सेंटर' हादसा : पांच और लोग गिरफ्तार

## जूनियर इंजीनियर बर्खास्त, सहायक इंजीनियर निलंबित, 13 अवैध कोचिंग सेंटर किए सील

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** के राव आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट हादसे मामले में म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली (एमसीडी) ने सोमवार को एक्शन लिया। एक जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त और एक असिस्टेंट इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया।

ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित चार मंजिला कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में शनिवार को बारिश का पानी भर जाने के कारण डूबने से 3 छात्रों की मौत हो गई थी। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने पांच और लोगों को गिरफ्तार किया है। अब तक कुल 7 लोग अरेस्ट हो चुके हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में 'बेसमेंट' का मालिक भी शामिल है। वहीं, नगर निगम ने 13 अवैध कोचिंग सेंटर को सील किया है। एमसीडी ने सोमवार को ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में अतिक्रमण रोधी अभियान भी चलाया। उधर, दिल्ली पुलिस ने एमसीडी को नोटिस जारी किया है।

### 'आप' मुख्यालय पर भाजपा का का प्रदर्शन




**'आप'** मुख्यालय के पास भाजपा ने प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह घटना 'आप' की लापरवाही के कारण हुई। कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन चलाई। वहीं, 'आप' कार्यकर्ताओं ने एलजी सचिवालय के बाहर भाजपा और एमसीडी कमिश्नर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कमिश्नर की लापरवाही के कारण जलभराव हुआ और स्टूडेंट्स की मौत हुई।

### प्रदर्शन कर रहे छात्रों से मिले उपराज्यपाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके का दौरा किया और तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों से बातचीत की। सक्सेना ने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# जम्मू–कश्मीर के सोपोर में कबाड़ की दुकान में विस्फोट, चार लोगों की मौत

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**जम्मू**–कश्मीर के सोपोर इलाके की शेर कॉलोनी में सोमवार को कबाड़ की दुकान के अंदर विस्फोट हो गया।

इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने इलाज के दौरान अपना दम तोड़ दिया। यह हादसा उस वक्त हुआ जब कुछ लोग ट्रक से स्क्रैप उतार रहे थे। मृतकों की पहचान नजीर अहमद नादरू (40), आजिम अशरफ मीर (20), आदिल राशिद भट (23) और मोहम्मद अजहर (25) के रूप में हुई है। मरने वाले सभी पीड़ित शेर कॉलोनी के निवासी थे। हालांकि, विस्फोट के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और जांच कर रही है। जांच के बाद ही सटीक कारणों का पता चल पाएगा। (अनंत ज्ञान)

# बाबा रामदेव कोरोनिल पर वापस ले दावा : हाईकोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- कोविड की बताया था दवा
- डॉक्टर्स एसोसिएशन की याचिका पर सुनाया फैसला



**दिल्ली** हाईकोर्ट ने सोमवार को पतंजलि और बाबा रामदेव के खिलाफ डॉक्टरों की कई एसोसिएशन की तरफ से दाखिल याचिका पर फैसला सुनाया।

जस्टिस अनूप भंभानी की बेंच ने बाबा रामदेव को आदेश दिया है कि रामदेव 3 दिन के अंदर अपने दावे को वापस लें, जिसमें उन्होंने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद की कोरोनिल सिर्फ इम्युनिटी बूस्टर नहीं, बल्कि कोविड–19 ठीक करने की दवा है। डॉक्टरों की एसोसिएशन ने 2021 में बाबा रामदेव, उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ यह याचिका दाखिल की थी।

### ट्रेडमार्क उल्लंघन पर चार करोड़ का जुर्माना

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने 2023 के एक अंतरिम आदेश की अवहेलना के लिए सोमवार को पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड पर चार करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। न्यायमूर्ति आरआई चागला की एकल पीठ ने कहा कि पतंजलि ने अदालत के आदेश का जानबूझकर उल्लंघन किया।

# सुप्रीम कोर्ट की वकील को लताड़, आप क्यों आए हो, स्टूडेंट्स को खुद आने दो

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने प्रश्न पत्र लीक होने के आधार पर यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द करने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया।



- यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने के फैसले के खिलाफ दायर याचिका खारिज

हालांकि, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका को खारिज करने का फैसला उसके गुण–दोष को लेकर सुनाया गया निर्णय नहीं है। इसे एक वकील ने दायर किया, न कि पीड़ित छात्रों ने। प्रधान न्यायाधीश ने वकील से कहा कि आप (वकील) क्यों आए हैं? छात्रों को खुद यहां आने दीजिए। उन्होंने कहा कि इस जनहित याचिका को अस्वीकार करते हुए हम इसके गुण–दोष पर कुछ नहीं कहेंगे। पीठ ने याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता उज्ज्वल गौड़ से कहा कि वह कानूनी मामलों पर ध्यान केंद्रित करें और ऐसे मुद्दों को पीड़ित व्यक्तियों के लिए छोड़ दें।

यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द करने के केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और एनटीए के फैसले के खिलाफ न्यायालय में यह याचिका दायर की गई थी।


ABHILASHI UNIVERSITY
(Accredited by NAAC with 'B+' Grade)
Approved By: HP Govt., UGC, PCI, NCISM, NCTE, HPSPVC, HPPERC & Member AIU
ADMISSION OPEN 2024-25

FACULTY OF AYURVEDA
B.A.M.S.
M.D. Kayachikitsa
M.D. Kumar Bhritya Evum Bal Rog
D. Pharmacy (Ayurveda)
Diploma in Yoga

SCHOOL OF HEALTH SCIENCES
Bachelor of Physiotherapy (B.P.T.)
M.P.T. (Neurology & Orthopedics)
B.Sc. (MLT) / M.Sc (MLT)
Diploma Multipurpose Health Worker

FACULTY OF ENGG. & MANAGEMENT
M.Tech in CE
MBA, BCA, BBA
Ph.D. in CE & Management

FACULTY OF EDUCATION, HUMANITIES & BASIC SCIENCE
Diploma in Art & Crafts (Drawing Master)
4 Years Integrated B.A. - B.Ed.
4 Years Integrated B.Sc.- B.Ed.
SAVE ONE YEAR
Bachelor of Arts (B.A.)
B.Sc. Medical/ Non-Medical
M.Sc. Mathematics, Physics & Zoology
M.A. Education
Ph.D. Zoology, Physics & Education

FACULTY OF AGRICULTURE
B.Sc. (Hons.) Agriculture
M.Sc. Agriculture
- Entomology
- Plant Pathology
- Agronomy
- Genetics & Plant Breeding
- Agriculture Extension
- Horticulture (Veg. Sciences)
Bachelor of Veterinary Science & Animal Husbandry (B.V.Sc & AH)*
Two Years Veterinary Pharmacist Training Course

FACULTY OF PHARMACY
Diploma in Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy) (Lateral Entry)
Master of Pharmacy (M.Pharma)
- Pharmaceutical Chemistry/ Pharmaceutics
Pharm. D (6 Years-Doctor in Pharmacy)
Pharm. D-PB
(Doctor in Pharmacy - Post Baccalaureate)
Ph.D. in Pharmaceutical Science

SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply

H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9816400520, 9816700520
9816242139, 9816102238
Website: www.abhilashiuniversity.ac.in Email: info@abhilashiuniversity.ac.in, regabhilashi@gmail.com


# मुकेश ने केंद्र से मांगी जल आपूर्ति और सिंचाई परियोजनाओं के लिए धनराशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने सोमवार को नई दिल्ली में श्रम शक्ति भवन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भेंट की। वहीं, बैठक में जल जीवन मिशन के तहत जल शक्ति विभाग को धनराशि जारी करने संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।


केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भेंट करते डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

मुकेश ने केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल को अवगत करवाया कि केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत वर्तमान वित्त वर्ष के लिए 916.53 करोड़ रुपए आवंटित करने को स्वीकृति दी है, लेकिन अब तक राज्य सरकार को कोई धनराशि जारी नहीं की गई है, जिससे प्रदेश की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति प्रभावित हो रही है। उपमुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन की पहली किस्त के पहले और दूसरे ट्रेंच की 458.26 करोड़ रुपए की राशि शीघ्र जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कुछ प्रमुख परियोजनाएं जिनमें फिना सिंह मध्यम सिंचाई परियोजना केंद्र सरकार के पास प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत शामिल करने के लिए काफी समय से विचाराधीन है। इसके लिए लगभग 282.47 करोड़ की धनराशि की जरूरत है। इसके अलावा 120.79 करोड़ रुपए की बीत एरिया और कुटलैहड़ परियोजनाओं की मंजूरी प्रदान करने का आग्रह भी किया। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे।




## न्यूज ब्रीफ

### गुरुद्वारे के समीप भूस्खलन की जल्द की जाए मरम्मत : अनुपम



**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के पुराना बस अड्डा के साथ गुरुद्वारा के समीप फिर से रविवार देर शाम को भूस्खलन की घटना सामने आई, लेकिन किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है और यातायात भी सुचारु रूप से चला हुआ है। जिलाधीश शिमला अनुपम कश्यप ने घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अजीत भारद्वाज और उपमंडल दंडाधिकारी शिमला शहरी भानु गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों से रिपोर्ट ली। अनुपम कश्यप ने बताया लोक निर्माण विभाग को सभी एहतियात बरतने और मरम्मत कार्य जल्द से जल्द पूर्ण के निर्देश दिए गए हैं।

### डॉक्टर ने की लोगों के स्वास्थ्य की जांच



**अनंत ज्ञान, शिमला।** विकासखंड मशोबरा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कन्वर्जेंस प्रोजेक्ट के अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमी में हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें की पंचायत के पदाधिकारी आई मेंटर मधुबाला और एलआरपी और एसएचजी की महिलाओं एवं पंचायत के स्थाई निवासियों ने भाग लिया साथ में फॉरेस्ट अधिकारी व पंचायत उप प्रधान गौरव वर्मा डॉ. विवेक कंवर व पंचायत सचिव पंचायत पदाधिकारी ने मिलकर पौधरोपण किया।

### बलवंत बने शूटिंग बाल फेडरेशन के राज्य अध्यक्ष




**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** शूटिंग बॉल फेडरेशन की राज्य कार्यकारिणी की बैठक जुब्बल में आयोजित हुई। वहीं कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से ललित ठाकुर को मुख्य संरक्षक चुना गया। वहीं धार गांव के निवासी बलवंत झौहटा को राज्य कार्यकारिणी का चेयरमेन चुना गया। मदन कौशल को वाइस चेयरमेन चुना गया। वहीं जुब्बल के धार गांव के रहने वाले राजेश झौहटा को शूटिंग बॉल राज्य कमेटी का प्रधान चुना गया। जबकि जितेश्वर दत्ता, किशोर कुमार व कुणाल सिंह को उपप्रधान चुना गया। वहीं सचिव पद के लिए प्रीति दत्ता को चुना गया। सहायक सचिव कंचन शर्मा व सुभाष को चुना गया। श्यामलाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं ओपी शर्मा को टेक्नीकल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अजय शर्मा, संजीव कुमार, अनीश, राजीव, विशाल दिल्टा, लेखराज व आशीष शर्मा को बतौर टेक्नीकल सदस्य नियुक्त किया गया।

### ढाडी लेजेंड्स ने जीती ग्रामीण स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** नेहरू युवा संगठन फरोग द्वारा आयोजित ग्रामीण स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा संपन्न हो गई है। कुठाड़ी पंचायत के प्रधान ललित संगरेल ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर पारितोषिक वितरण किया। ढाडी लेजेंड्स ने कड़ीवन को 2-1 से पराजित कर विजेता ट्राफी पर अपना कब्जा किय। वहीं जूनियर वर्ग में बटाड़ा ने मसली को 2-0 से पराजित किया। स्कूल स्तरीय स्पर्धा का फाइनल मुकाबले में हारमोनी स्कूल ने 2-1 से विजय हासिल की।

### घुमारवीं में पीजी कक्षाओं की काउंसिलिंग शुरू

**अनंत ज्ञान, दधोल।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में नए स्नातकोत्तर सत्र 2024-2026 के लिए विभिन्न विषयों की काउंसिलिंग की जा रही है। महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल ने बताया कि काउंसिलिंग के प्रथम दिवस गणित विभाग में 49, इंग्लिश में 14, राजनीति विज्ञान में 42, वाणिज्य में 36, जीव विज्ञान के लिए 42, वनस्पति विज्ञान में 85 से भौतिक विज्ञान के लिए 35 तथा रसायन विज्ञान विभाग में 84 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### श्रावण के दूसरे सोमवार बरठीं में लगा खीर का भंडारा

**गोपाल कपिल, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के केंद्र बिंदु बरठीं में शाहतलाई की गौरी



महंत ने श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के उपलक्ष्य पर खीर के विशाल भंडारे का आयोजन किया। यह भंडारा सुबह 9 बजे से शुरू हो गया था और शाम लगभग 4 बजे तक चला। इस भंडारे में स्थानीय लोगों के साथ साथ व्यापार मंडल बरठीं, सुन्हाणी, धरोटी, सरगल, मौही, टिहरी के लोग भारी संख्या में खीर के भंडारे में आए और शिव का प्रसाद ग्रहण किया। आपको बता दें कि शाहतलाई से संबंध रखने वाली गौरी महंत समाज में इस तरह के कार्यक्रम करती रहती है और शाहतलाई के विभिन्न इलाकों में खीर के भंडारे लगाती रहती हैं। (अनंत ज्ञान)

### सरकार की डिनोटिफाइड छवि बन चुकी : गर्ग

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि छवि काम करने से चमकतीं है, भाड़े पर लोग रखकर मंत्रियों की छवि नहीं चमकेगी। हिमाचल प्रदेश में सत्तासीन कांग्रेस सरकार की डिनोटिफाइड छवि बन चुकी है, जो कि अगले चुनावों तक बरकरार रहेगी। गर्ग ने कहा कि एक तरफ सरकार के मंत्री रिसोर्स मोबलाईजेशन कमेटी की बैठक के बाद मीडिया में बयान दे रहे है कि हिमाचल के हर नागरिक पर एक लाख सोलह हजार एक सौ अस्सी रूपए का कर्ज है, और सरकार के अनावश्यक खर्चों पर लगाम लगाई जाएगी और ठीक सात दिन बाद सरकार हर मंत्री की सोशल मीडिया में ईमेज चमकाने के लिए मंत्रियों को कहती है कि सरकारी खर्चे पर आप दो-दो आदमी नियुक्त कर सकते हैं, जो मंत्री की ईमेज को चमकाएं, पर यह हर संस्थान को डिनोटिफाइड करने वाली सरकार हिम केयर कार्ड को बंद करने वाली सरकार चाहे कितने भी आदमी नियुक्त कर लें, सरकार की जो डिनोटिफाइड छवि बन चुकी है, वह अगले चुनावों तक बरकरार रहेगी। उन्होंने कहा कि छवि काम करने से चमकती है, भाड़े पर लोग रखकर मंत्रियों की छवि नंही चमेकेगी। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा करने वाली कांग्रेस पार्टी अब सता मिलते ही हजारों बेरोजगार युवाओं को भूल चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### सरकार का मरीजों के साथ क्रूर मजाक : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पूर्व जयराम सरकार द्वारा प्रदेश के गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए प्रारंभ की गई हिमकेयर योजना को प्राइवेट अस्पतालों में बंद करने के निर्णय को भाजपा गरीब व जनविरोधी मानती है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने इस निर्णय पर निराशा प्रकट करते हुए कहा कि पिछले 19 महीनों के सुखु सरकार का कार्यकाल जनविरोधी व विकास विरोधी निर्णय के लिये जाना जाएगा। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की जयराम नेतृत्व वाली सरकार द्वारा सभी जन सेवा के फैसलों को राजनीतिक आधार पर बदला व बंद किया जा रहा है। धर्माणी ने कहा कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जो लोग छूट गए थे, उन्हें कैशलेस इलाज देने के लिए पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा 2019 में प्रदेश में हिम केयर योजना शुरू की गई थी, जिसका लाभ प्रदेश के लाखों गरीब लोगों को मिल रहा था। लेकिन प्रदेश की विकास व गरीब विरोधी सुक्खू सरकार के तुगलकी फरमान से गरीबों को प्राइवेट अस्पतालों में मिलने वाली सुविधा बंद हो गई है। हिम केयर कार्डधारकों के साथ सरकार ने क्रूर मजाक किया है।

### जहरीला पदार्थ खाने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भराड़ी थाना के तहत आने वाले पडयालग पंचायत के पडयालग (लड़ा) गांव के 35 वर्षीय व्यक्ति की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ क्यों निगला, इसकी जानकारी नहीं चल पाई है। हालांकि परिजनों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन उसे बचाया न जा सका। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### एमसी हाउस में सभी पार्षदों ने दी प्रस्ताव को मंजूरी, शिमला में घरों में मिलेगी गैस

# मर्ज एरिया के पेयजल कनेक्शन होंगे डोमेस्टिक

**रविन्द्र जस्टा, शिमला**

शहर में मर्ज एरिया के पेयजल कनेक्शन अब डोमेस्टिक होंगे। शिमला में घरों में ही नेचुरल गैस मिलने वाली है। यह निर्णय नगर निगम की बैठक में लिया गया।

नगर निगम शिमला की मासिक बैठक मेयर सुरेंद्र चौहान और डिप्टी मेयर उमा कौशल की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में कंगनाधार वार्ड के पार्षद राम रतन वर्मा ने सवाल उठाया कि मर्ज एरिया के बहुत से लोग हैं जिनके अभी भी कमर्शियल पेयजल कनेक्शन लगे हैं। जबकि प्रदेश सरकार ने 2003 में एक्ट पास कर दिया था कि नगर निगम में जो भी मर्ज एरिया हैं उन्हें डोमेस्टिक पेयजल कनेक्शन दिया जाए। बावजूद इसके भी मर्ज एरिया के लोगों को कनेक्शन नहीं बदले गए हैं। इस पर शिमला जल प्रबंधन निगम के एजीएम पीपी शर्मा ने उत्तर दिया कि जिनके दस्तावेज पूरे थे और गाइड लाइन के अनुसार सभी नियमों को पूरा करते थे उन्हें कनेक्शन दे दिए हैं, लेकिन जिनके दस्तावेज पूरे नहीं है।



हाउस की बैठक में मौजूद पार्षद व अन्य।

उन्हें अभी कनेक्शन नहीं मिले हैं। इस पर पार्षदों ने कहा कि ऐसे कौन से दस्तावेज हैं जो पूरे करने है।

नगर निगम के आयुक्त भुपेंद्र अत्री ने कहा कि जो मर्ज एरिया है उनके नक्शे पास होने चाहिए लेकिन उसमें एक आपति लगाई गई थी कि कई लोगों के घर काफी पुराने हैं और इनके नक्शे कैसे पास होंगे। इसको लेकर पेजयल कंपनी को एनओसी नहीं दी जा रही है। लेकिन इसको लेकर हम समाधान कर रहे हैं।

पार्षदों ने हाउस से आग्रह किया है कि मर्ज एरिया के परिवारों के कर्मिशयल पेयजल कनेक्शनों को डोमेस्टिक कनेक्शनों में बदला जाए। इस पर नगर निगम के हाउस में मेयर सुरेंद्र चौहान ने पेजयल कंपनी को आदेश जारी किए हैं कि सभी मर्ज एरिया के लोगों के पेजयल कनेक्शन शीघ्रता से डोमेस्टिक में बदले जाएं और इसकी रिपोर्ट भी सौंपी जाए। वहीं एमसी हाउस में पानी की समस्याओं को लेकर पार्षदों ने सवाल खड़े किए हैं।

मेयर सुरेंद्र चौहान ने अवगत करवाया कि शहर में तीन टैंकों का काम पूरा हो गया है। जिसमें दो टैंक सुचारू किए जा रहे हैं, जिसमें सयोग टैंक भर दिया गया है और ढली टैंक के साथ गिरि और सयोग की कनेक्टिविटी की जानी है जिसका काम दो दिन में पूरा हो जाएगा और तीन दिन कें अंदर इस टैंक को भरा जाना है। जिसके बाद सियोग और ढली टैंक से शहरवासियों को पेयजल सप्लाई सुचारू की जानी है और पेयजल परियोजनाओं में गाद आने के बाद भी शहरवासियों को पानी की किल्लत नहीं होगी।(अनंत ज्ञान)

### घर पर ही मिलेगी नेचुरल गैस की सुविधा

शिमला में लोगों को अब घर पर ही नेचुरल गैस की सुविधा मिलने वाली है। शहरवासियों को पाइप के माध्यम से गैस की सप्लाई देने का प्लान है। नगर निगम की मासिक बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। नगर निगम शिमला जल्द ही लोगों को घर द्वार गैस की सुविधा देने जा रहा है। इसके लिए आईओएजीपीएल कंपनी द्वारा शहर में सड़क किनारे जगह की मांग की गई है।

### दुकानों का किराया बढ़ाने की तैयारी में एमसी

**नगर** निगम शिमला दुकानों व संपत्ति का किराया बढ़ाने की तैयारी में है। नगर निगम ने कई सालों से अपनी संपत्ति का किराया नहीं बढ़ाया है। ऐसे में अब नगर निगम दुकानों व संपत्ति का किराया बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। नगर निगम द्वारा सॉफ्टवेयर भी तैयार किया जा रहा है। इस प्रस्ताव को नगर निगम सितंबर माह में होने वाले हाउस में लेकर आएगा।

---

## एमडब्ल्यूबी के चंडीगढ़ के संजीव हिमाचल के विशाल सूद अध्यक्ष नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) के महासचिव सुरेंद्र मेहता ने बताया कि एमडब्ल्यूबी के द्वारा उत्तर भारत में पंजाब, हिमाचल, चंडीगढ़, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर की राज्य इकाइयों का पुर्न गठन किया जा रहा है। पंजाब के अध्यक्ष सुमित खन्ना (अमृतसर), संजीव शर्मा को दिल्ली, मीर आफताब को जम्मू-कश्मीर, संजीव महाजन को चंडीगढ़ और विशाल सूद को हिमाचल का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। इसके अलावा ज्योति संग को एसोसिएशन के सलाहकार बोर्ड का उत्तर भारत का अध्यक्ष बनाया गया है।

डॉ. मेहता ने बताया कि इन सभी राज्यों के अध्यक्षों को 31 जुलाई को एमडब्ल्यूबी के रेड बिशप पंचकूला में होने वाले कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, पीडब्ल्यूडी मंत्री डॉ. बनवारी और समाज कल्याण मंत्री बिशंभर बाल्मीकि एसोसिएशन के उत्तर भारत के प्रदेश प्रमुखों को उनके नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। सुरेंद्र मेहता ने बताया कि 31 जुलाई को रेड बिशप पंचकूला में सभी पत्रकारों की मुफ्त नेत्र जांच के लिए आदेश मेडिकल कॉलेज की ओर से एक चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

आदेश मेडिकल कॉलेज के चांसलर डॉ. एचएस गिल से इस बारे में बातचीत हो चुकी है। मेहता ने बताया कि शिविर में पत्रकारों के निशुल्क नेत्र जांच की जाएगी और उन्हें इलाज के लिए उचित सलाह प्रदान की जाएगी। सुरेंद्र मेहता ने बताया कि मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन का मुख्य मकसद पत्रकार और उनके परिजनों के हितों की रक्षा करने के साथ ही उनका भविष्य सुरक्षित करने की भी कोशिश है। उन्होंने उम्मीद जताई कि हरियाणा की तर्ज पर ही हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर में नए नियुक्त किए गए प्रदेश अध्यक्ष भी अपनी टीम के साथ लगातार पत्रकारों के हित में कार्य करते हुए उनकी आवाज को बुलंद करने का काम करेंगे।

---

### हिम केयर कार्ड निजी अस्पतालों में बंद : शशि

**दशमी रावत, रोहडू।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारणी सदस्य व भाजपा नेत्री शशि बाला, जिलाध्यक्ष अरुण फाल्टा एवं मंडल अध्यक्ष शशि रावत ने बताया कि जिस



आयुष्मान भारत योजना से आज देश की जनता लाभान्वित हो रही है। अब प्रदेश की सुक्खू सरकार ने एक तुगलकी फरमान जारी करते हुए निजी अस्पतालों में इसे एक झटके में बंद कर दिया है। उन्होंने बताया कि 2019 में शुरू की गई इस हिमकेयर योजना से प्रदेश व प्रदेश के बाहर 292 अस्पतालों में यह योजना चल रही थी, जिसमें से 141 अस्पताल निजी थे। इन सभी अस्पतालों में प्रदेश के लोग अपना-अपना ईलाज करवा रहे थे। सरकार ने लगभग 30 हजार करोड़ रुपए का कर्जा ले चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### 31 और 1 अगस्त को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल में कई क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग केंद्र शिमला ने 31 जुलाई और 1 अगस्त को सिरमौर, कांगड़ा, ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी और शिमला जिले भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अन्य हिस्सों में 4 अगस्त तक मौसम खराब रहने का अनुमान है। ऑकलैंड भराड़ी रोड में बड़ा मोड के पास पहाड़ी से पत्थर गिरने से सड़क बंद हो गई। प्रदेशभर में 45 से अधिक सड़कों पर यातायात बंद हो गया है।

लाहौल-स्पीति, चंबा, मंडी और शिमला जिला में 215 ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं। राजधानी शिमला में कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है, पवाबों कोठी सड़क के अलावा भराड़ी के मोड पर यातायात बाधित हो गया है।

## विद्या भारती देती है संस्कारयुक्त शिक्षा: बाल किशन

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी, जिला शिमला में चल रहे 30 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह का शुभारंभ शिशु वाटिका एवं संस्कृत विषय की प्रदर्शनी के अवलोकन तथा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वल कर सरस्वती वंदना के और प्रशिक्षु अध्यापकगणों द्वारा किए गए योगासन के प्रदर्शन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता के रूप में पधारे विद्या भारती उत्तरक्षेत्र सह-संगठन मंत्री बाल किशन ने विद्या भारती का विस्तृत परिचय देते हुए कहा कि आज विद्या भारती का नया नाम नहीं है।

विश्व के सबसे बड़े गैर-सरकारी संगठन विद्या भारती का कार्य 1952 में गोरखपुर में किराए के मकान में 40 छात्रों के साथ सरस्वती शिशु मंदिर के रूप में शुरू



हस्तलिखित पत्रिका साधना का विमोचन करते हुए मुख्यातिथि व अन्य।

किया। विद्या भारती संस्कारयुक्त शिक्षा देने की गारंटी देती है। देश के प्रधानमंत्री ने यह बात कही कि देश के प्रशासनिकों में अधिकांश व्यक्ति शिशु मंदिर में पढ़े हैं। योग्य व्यक्ति को निर्माण करने का कार्य विद्या भारती अपनी वंदना अन्य गतिविधियों के माध्यम से कर रही है। विद्या भारती सुदूर वनवासी, जनजातीय व तटवर्ती क्षेत्रों में अपने लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है। संस्कारों से परिपूर्ण शिक्षा की व्यवस्था करना विद्या भारती का लक्ष्य है। समापन समारोह के मुख्यातिथि राज्य एवं राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंधन के प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने कहा कि गुरु का समाज में आज भी सम्मान होता है, यदि गुरु अपने कार्य का क्रियान्वयन सही तरीके से करें।

इस अवसर पर प्रशिक्षु अध्यापकों द्वारा स्वागत गीत, संस्कृत गीत, समूहगान, योगासन, शिशु वाटिका के विभिन्न क्रियाकलाप व सिरमौरी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्यतिथि तथा अधिकारी वर्ग द्वारा वर्ग के प्रशिक्षु अध्यापकों द्वारा तैयार की गई हस्तलिखित पत्रिका 'साधना' का विमोचन भी किया गया।(अनंत ज्ञान)

### जनहित की योजनाओं का गला घोटना निंदनीय : राकेश

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की भ्रष्ट, कन्फ्यूज, कामचोर और कुप्रबंधन की सरकार चल रही है। भाजपा मुख्य प्रवक्ता और सुन्दरनगर से विधायक राकेश जमवाल ने कहा कि 19 महीने बीतने पर भी कांग्रेस की सरकार के पास अपनी उपलब्धि के नाम पर कुछ भी कहने के लिए नहीं हैं।



इस सरकार को इतिहास में तालाबंदी की सरकार के रूप में जाना जाएगा। प्रदेश में मरीजों की सुविधा के लिए हिमकेयर की सुविधा जोकि हिमाचल के लोगों के लिए लाइफलाइन की भूमिका निभा रही थी परंतु इस असंवेदनशील मुख्यमंत्री ने यह सुविधा भी लोगों से छीन ली है। हिमकेयर योजना को योजनाबद्ध तरीके से बंद करने का कार्य यह सरकार कर रही है।

---

# डीसी ऑफिस में ग्रामीणों ने किया हंगामा

### ज्ञापन देने आए नयना देवी के लोगों ने लगाए मुर्दाबाद के नारे, बुलानी पड़ी पुलिस

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर उपायुक्त पक्ष में उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब नयना देवी जी विस क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने यहां पर आकर हंगामा शुरू कर दिया। अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त कक्ष में पहुंचे ग्रामीणों ने भूमि पर बैठकर और उपायुक्त के सामने खड़े होकर जिला प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाना शुरू कर दिए। नयना देवी जी विधायक रणधीर शर्मा ने भी काफी गुस्से में आकर ग्रामीणों संग उनकी मांगों को लेकर उपायुक्त को बताया।

ग्रामीणों का आरोप है कि नयनादेवी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे लाइन निर्माण में जुटी कंपनियों पर प्रभावित लोगों ने मनमानी का आरोप लगाया है। गुस्साए इन लोगों ने जिला मुख्यालय पर सोमवार को रेलवे कंपनियों के खिलाफ प्रदर्शन किया, जिसकी अगुवाई नयनादेवी विधायक रणधीर शर्मा ने की। इस दौरान लोगों ने उपायुक्त कार्यालय



**रेलवे लाइन बना रही कंपनियों की लापरवाही से ग्रामीणों में भारी रोष**

परिसर में जिला प्रशासन के साथ ही रेलवे कंपनियों के खिलाफ नारेबाजी की।

यहां तक कि इन लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ तो सरकार के खिलाफ भी नारेबाजी की। वहीं, उपायुक्त कार्यालय परिसर में इस दौरान भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। इस दौरान नयनादेवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि भानुपल्ली-बरमाणा रेलवे लाईन के तहत कोठीपुरा पंचायत के गांव न्याई सारली गांव की पालंगरी न्याई सारली व स्वाहण पंचायत के गांव खैरियां में रेलवे सुरंग निर्माण के लिए जो ब्लास्टिंग की जा रही है उससे लोगों के घरों में दरारें आ चुकी हैं। कंपनी से बार-बार आग्रह किया लेकिन ब्लास्टिंग कंपनी द्वारा बंद नहीं की गई। अभी तक लोगों को नुकसान की भी कोई भरपाई नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि टाली पंचायत के गांव टाली में संपर्क सड़क से रेलवे लाइन जाएगी, जिसके चलते इस गांव का संपर्क पंचायत मुख्यालय, स्कूल, फोरलेन से कट जाएगा। इस स्थान पर ओवर ब्रिज बनाने की मांग की गई थी, लेकिन अधिकारी इसमें भी आनाकानी कर रहे हैं। इस दौरान मंडल भाजपा अध्यक्ष बालकृष्ण, प्रदेश महामंत्री एससी मोर्चा कृष्णलाल, जिला भाजपा महामंत्री बृजलाल ठाकुर, पूर्व प्रधान कोठीपुरा पंचायत नंदलाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## अनाप-शनाप बयानबाजी कर कंगना बन रही हैं हास्य का पात्र : हीरा पाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मंडी लोकसभा सांसद कंगना रनौत के बयान आये दिन बिना किसी प्रामाणिकता के होते है। यह बात पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं प्रदेश सहसंयोजक राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के ठाकुर हीरा पाल सिंह ने मीडिया के साथ रू-ब-रू होते हुए कही। उन्होंने कहा कि चाहे लोकसभा में दिए जा रहे बयान की बात हो या उनका 1947 की आजादी के इतिहास से संबंधित या फिर पिछले 10 वर्ष में भारत के विकास की बात है।

सांसद कंगना रनौत अभी-अभी फिल्म इंडस्ट्री से आई हैं, उन्हें फिल्मी दुनिया की आदत है। जमीनी हकीकत से उनको ज्यादा ताल्लुक नहीं रहता है। जो स्क्रिप्ट लिखी जाती है, उन्हें वह पर्दे पर पढ़ते हैं और उनका अपने शब्दों में जनता के सामने रखने की बड़े पर्दे की आदत है। उन्होंने कहा कि वह ऐसे अनेक बयान देते हैं, जिनका जमीनी हकीकत से कोई वास्ता नहीं रहता है। पिछले 10

**बोले, सांसद के बयानों का जमीनी हकीकत से कोई वास्ता नहीं**

वर्षों की विकास गाथा में वे जो बात कर रहे हैं, उससे ऐसा लगता है कि उनके पास राजनीतिक ज्ञान की ताकत है। उन्होंने शायद राजनीति में पीएचडी किया होगा और हर बात को झूठ से शुरू करते है।

हीरा पाल सिंह ने कहा कि भाजपा को ऐसे सांसदों की जरूरत है जो लोकतंत्र के मंदिर संसद में बिना तथ्यों और आंकड़ों के झूठ बोलते है। पुराने इतिहास और विकास के खिलाफ बोलकर और उनका गुणगान करके अपना समय व्यतीत करें। वह हमेशा झूठ बोल कर अपनी राजनीतिक और सामाजिक अभियानों से चर्चा में रहती है। उनके बयान सीधे गांधी परिवार के खिलाफ रहते है। उन्होंने कहा कि कि कंगना रनौत चर्चा में रहने के लिए इस प्रकार के बयान देते है।

---

### बिलासपुर एम्स में अभी भी कई खामियां : गौरव

# एम्स से ज्यादा बिलासपुर अस्पताल में महिलाओं की हो रही हैं डिलीवरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स बिलासपुर में अभी तक भी काफी खामियां हैं, जिसको दूर करने के लिए न तो एम्स प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा। यह बात सोमवार को बिलासपुर नगर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए बामटा वार्ड से जिला परिषद सदस्य व कांग्रेस नेता गौरव शर्मा ने कही।

गौरव शर्मा ने कहा कि बिलासपुर एम्स में अधिकतर निजी लैब है और इन लैब में मरीजों से टैस्ट के अधिक पैसे वसूले जाते हैं। जिससे मरीजों को काफी दिक्कतें होती है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि एम्स बिलासपुर की कैंटीन में न तो लंच मिलता है और न ही डिनर। अन्य जो भी सामान कैंटीन में मिलता है उसका भी मार्किट के मुताबिक अधिक शुल्क है। उन्होंने कहा कि सबसे हैरानी की बात है कि एम्स के मुताबिक बिलासपुर अस्पताल में महिलाओं की डिलीवरी अधिक होती है। जबकि बिलासपुर अस्पताल में एक गायनी विशेषज्ञय चिकित्सक है और एम्स में सात। पत्रकारों को संबोधित



पत्रकार वार्ता करते जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा।

करते हुए गौरव शर्मा ने कहा कि बहुत हैरानी की बात है कि एम्स में डिलीवरी के लिए भी पैसे देने पड़ते हैं। उन्होंने हैरानी जताई है कि एम्स को क्या फायदा की जब यहां पर मरीजों को नि:शुल्क इलाज और अन्य सुविधा समय पर न मिलती हो। उन्होंने कहा कि बिलासपुर एम्स में अल्टासाउंड करने के लिए 6 महीनों तक की तिथि दी जा रही है, जिसके चलते मरीजों को बाहर निजी लैब में जाकर अल्टासाउंड करवाना पड़ रहा है। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मांग उठाई है कि इस विषय पर ध्यान दें। इस मौके पर समाजसेवी विक्की भट्टा, अजय व अन्य मौजूद रहे।

---

**निंदा** | निजी अस्पतालों में हिम केयर सुविधा बंद करना निंदनीय : रणधीर

# लगातार जनविरोधी फैसले ले रही सुक्खू सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा के प्रदेश मीडिया संयोजक एवं नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने सुक्खू सरकार द्वारा निजी अस्पतालों में हिम केयर योजना को बंद करने के फैसले की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि झूठी गारंटियों से लोगों को गुमराह करके सत्ता में आई कांग्रेस एक के बाद एक लगातार जनविरोधी फैसले ले रही है। प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार के समय शुरू की गई जनहितैषी योजनाओं को बंद करके लोगों से सभी तरह की सुविधाएं छीनी जा रही हैं। इससे खुद को लोगों की हमदर्द कहने वाली इस सरकार का चेहरा बेनकाब हो रहा है।



रणधीर शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना से लाभान्वित होने से वंचित रह गए लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाने के लिए जयराम सरकार के समय हिम केयर योजना शुरू की गई थी। इसमें 5 लाख रुपए तक के निशुल्क इलाज की सुविधा थी। इसे हिमाचल और अन्य राज्यों के 292 अस्पतालों में शुरू किया गया था। इनमें से 141 निजी अस्पताल थे। इससे लाखों लोग लाभान्वित हो रहे थे। कांग्रेस सरकार इन अस्पतालों को हिम केयर योजना का पैसा देने से पहले ही आनाकानी कर रही थी। प्रदेश सरकार पर अभी भी लगभग 370 करोड़ रुपये की देनदारी है। अब इस सरकार ने निजी अस्पतालों में हिम केयर योजना को बंद करने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया है। सरकारी कर्मचारियों के लिए भी हिम केयर कार्ड पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। रणधीर शर्मा ने कहा कि सुक्खू सरकार केवल मित्रों की सरकार बनकर रह गई है।

रणधीर शर्मा ने कहा कि आम लोगों के हितों की इस सरकार को कोई चिंता नहीं है। लोगों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने की गारंटी पूरी करना तो दूर, उसने भाजपा सरकार के समय से दी जा रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा भी छीन ली है। इसी कड़ी में अब हिम केयर योजना बंद करके लोगों से स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा छीनी गई है। बेहतर होगा कि सुक्खू सरकार जनहितैषी योजनाओं को तुरंत प्रभाव से बहाल करे।

### राजनीतिक द्वेष से काम कर रही है सरकार : सांख्यान

**बिलासपुर।** भाजपा के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान ने प्रदेश सरकार पर राजनीतिक द्वेष भावना से काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने कई जनहितैषी योजनाएं केवल इसी वजह से बंद कर दी हैं, क्योंकि उन्हें प्रदेश की पूर्व जयराम सरकार के समय शुरू किया गया था। सत्ता में आते ही कांग्रेस ने सबसे पहले भाजपा कार्यकाल में जनहित में खोले गए 1000 से अधिक संस्थान डिनोटिफाई कर दिए। उसके बाद से लोगों से कई सुविधाएं छीनकर उन्हें लगातार झटके दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब निजी अस्पतालों में हिम केयर योजना भी बंद कर दी गई है। कांग्रेस सरकार में सरकारी अस्पतालों की हालत दयनीय हो चुकी है। यह सुविधा लोगों के लिए वरदान साबित हो रही थी, लेकिन सरकार ने इसे भी छीन लिया है। इससे जनविरोधी सरकार का चेहरा एक बार फिर से बेनकाब हुआ है।

# जोगिंद्रनगर में पीलिया से नर्सिंग की छात्रा की मौत

## विभाग की खुली पोल : पीलिया से हुई दूसरी मौत से इलाके में सनसनी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में पीलिया रोग से ग्रस्ति नर्सिंग कालेज की छात्रा की मौत ने उपमंडल के लोगों की चिंताएं बढ़ा के रख दी है। जोगिंद्रनगर में पीलिया रोग से दूसरी मौत की घटना पेश आने से इलाके में सनसनी है। इससे पहले भी जोगिंद्रनगर के आईटीआई में पढ़ने वाले 21 वर्षीय कर्ण निवासी तुल्लाह इस बीमारी के कारण अपनी जान से हाथ धो बैठा था, पीलिया से हुई दूसरी मौत ने एक बार फिर विभाग के दावों की पोल खोल के रख दी है।

जोगिंद्रनगर के निजी बीएससी नर्सिंग कालेज में पढने वाली छात्रा शिल्पा कुमारी (20) ने पीलिया रोग के कारण जोगिंद्रनगर में तीन दिन उपचार लिया था। शिल्पा की माता अंजना प्यारी ने कहा कि उसे घर भेज दिया जाता था। दो दिन पहले उसे जोगिन्द्रनगर से टांडा रैफर कर दिया गया था।



एक दिन टांडा में उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया, लेकिन गत दिवस देर सायं रानीताल के पास उनकी बेटी ने रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। शिल्पा के पिता नंद लाल विद्या उपासक का देहांत उस समय हो गया था जब वह बहुत छोटी थी। गरीबी की हालत में उसकी पढ़ाई का खर्च नानी द्वारा ही उठाया जा रहा था। माता अंजना देवी की दो लड़कियां थी जिसमें से एक को इस बीमारी ने उससे छीन लिया।

मृतिका का सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। पंचायत प्रधान ज्ञान चंद ने बताया कि हेरडा नाला सोर्स से पंचायत को पानी की सप्लाई की जाती है। उन्होंने कहा कि विभाग ने समय पर सोर्स की सुध ली होती तो शायद यह बीमारी इतनी न फैलती। पंचायत में अब भी लोग पीलिया के रोग से ग्रस्त हैं। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि इस बीमारी से गंभीरता से नहीं निपटा गया तो नतीजे और भी बुरे होगें। उधर स्वास्थ्य विभाग की लीपापोती ने लोगों की चिताएं बढ़ा के रख दी है। जल शक्ति विभाग व स्वास्थ्य विभाग की कथित लीपापोती लोगों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ती नजर आ रही है। विभाग पर आरोप लगाए जा रहे है कि विभाग आंकड़ों को छिपा रहा है।

हालांकि प्रशासन द्वारा सभी जल स्रोतों को साफ करने के आदेश जारी किए गए है, लेकिन जोगिन्द्रनगर अस्पताल में अब भी मरीजों का आना बदस्तूर जारी है। (अनंत ज्ञान)

### पीलिया में क्या खाना चाहिए

पीलिया होने पर आपको अपने खान-पान का खास ध्यान रखना चाहिए। आइये जानते हैं पीलिया में आपका खान-पान कैसा होना चाहिए।

1. फलों का जूस पीएं
2. ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं
3. ताजा और शुद्ध भोजन करें
4. थोड़ा-थोड़ा खाना दिन में 4-6 बार खाएं
5. खाना खाने से पहले अच्छी तरह हाथों को धोएं

इन सबके अलावा, आप अपनी डाइट में निम्नलिखित चीजों को शामिल का सकते हैं जिसमें दही, मूली, प्याज, पपीता, तुलसी, टमाटर, छाछ, मट्ठा, नारियल पानी, धनिया का बीज, गिलोय और शहद शामिल है।

### मां के दर राज्यपाल



ऊना। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सोमवार को उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ छिन्नमस्तिका धाम माता चिंतपूर्णी मंदिर में माथा टेका। इस अवसर पर उनकी पत्नी जानकी शुक्ल भी उनके साथ थीं। इस अवसर पर उपायुक्त ऊना जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, एसडीएम अंब विवेक महाजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कांगड़ा में होगा फिल्म फेस्टिवल हिम फिल्मोत्सव




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमसिने सोसाइटी हिमाचल प्रदेश द्वारा द्विवार्षिक फिल्म फेस्टिवल हिम फिल्मोत्सव-2024 का आयोजन धर्मशाला, जिला कांगड़ा में 19-20 अक्तूबर को किया जाएगा। यह जानकारी सोसाइटी की उपाध्यक्ष भारती कुठियाला ने शिमला में दी। उन्होंने बताया कि इस फिल्महोत्सव में विभिन्न श्रेणियों में 5 लाख रुपए तक की राशि पुरस्कार के रूप में विजेताओं को प्रदान की जाएगी। फिमोत्सव में डॉक्यूमेंट्री फिल्म जिसकी अवधि 30 से 45 मिनट, कैंपस फिल्म्स जिसकी अवधि 05 से 20 मिनट रहेगी, को शामिल किया गया है। फिल्म निर्माण के लिए शामिल विषयों में ऐतिहासिक गौरवशाली हिमाचल, हिमाचल की कला संस्कृति और परम्पराएं, हिमाचल के संदर्भ में देश सेवा और बलिदान, देवभूमि हिमाचल की देव परम्परा, स्वतंत्रता संग्राम में हिमाचल की भूमिका, प्रदूषणमुक्त हरित हिमाचल, वोकल फॉर लोकल, हिमाचल की सशक्त नारी आदि है।

### संदीप धवल होंगे बिलासपुर के नए एसपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने आईपीएस अधिकारी संदीप धवल को बिलासपुर का नया एसपी लगाया है। उनकी नियुक्ति को लेकर सोमवार को अधिसूचना जारी हुई है। संदीप धवल इससे पहले टीटी एंड आर में एआईजी पदस्थ थे। वह 2016 बैच के आईपीएस हैं। उन्हें पहली बार जिले के एसपी की कमान मिली है। संदीप धवल बिलासपुर के एसपी रहे विवेक चहल की जगह लेंगे। विवेक चहल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। एसपी बिलासपुर के तौर पर विवेक चहल का कार्यकाल 5 माह तक रहा। नए एसपी बनाए गए संदीप धवल एसपी साइबर क्राइम भी रहे हैं। इस दौरान उन्हें केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से केंद्रीय गृहमंत्री पदक सम्मान से भी नवाजा गया था। इंडियन टैक्नोमैक कंपनी के बहुचर्चित 6 हजार करोड़ के घोटाले की जांच के लिए संदीप धवल को यह सम्मान मिला था।



### जम्वाल ने सुक्खू सरकार को आड़े हाथ लिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने प्रदेश के 400 स्कूल बंद करने के फैसले को लेकर सुक्खू सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वल भविष्य और रोजगार के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। इसी के मद्देनजर संविधान में शिक्षा को मौलिक अधिकारों में शामिल किया गया है। हैरानी इस बात की है कि जनहित के कार्यों के लिए आर्थिक तंगी का रोना रोने वाली कांग्रेस सरकार ने इस पहलू को नजरअंदाज करके घाटे का राग अलापते हुए स्कूल बंद करने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया है। शिक्षण संस्थान बंद करके इस सरकार ने बच्चों से न केवल उनका शिक्षा का मौलिक अधिकार छीना है, बल्कि वह उनका भविष्य भी अंधकारमय बना रही है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में झूठी गारंटियों से लोगों को गुमराह करके सत्ता हासिल करने वाली कांग्रेस ने अपने वादे पूरे करने तो दूरए लोगों से उन्हें पहले से मिल रही कई सुविधाएं भी छीन लीं। इसकी शुरुआत कांग्रेस की सरकार बनते ही 1000 से अधिक संस्थानों पर तालाबंदी से की गई थी। इन संस्थानों को पूर्व भाजपा सरकार ने जनहित में खोला था।



### शौचालय में युवक की मिली डेडबॉडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के बीचों-बीच स्थित एक निजी नामी मॉल के शौचालय में सोमवार शाम के समय एक युवक का शव बरामद हुआ। पुलिस शव की पहचान में लगी हुई है। खबर की पुष्टि बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चैधरी ने की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार शाम के समय मॉल का कर्मचारी शौचालय करने के लिए शौचालय में जा रहा था लेकिन शौचालय का दरवाजा अंदर से बंद था। ऐसे में कर्मचारी ने इसकी जानकारी मॉल के अधिकारियों को दी। मॉल के अधिकारियों ने जब दरवाजा खोला तो अंदर युवक फर्श पर गिरा हुआ था। ऐसे में तुरंत प्रभाव से इसकी सूचना बिलासपुर पुलिस को दी गई। जांच के दौरान पाया गया कि शौचालय के अंदर यूज्ड इंजेक्शन भी मिला है। पुलिस को शक है कि युवक की नशे के ओवरडोज से मृत्यु हुई है।

# फोरलेन पर 60 से अधिक स्पीड से चले तो चालान

## किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर मेहला में शुरू हुआ आईटीएमएस

**शुभम राही, बिलासपुर**

किरतपुर-नेरचैक फोरलेन पर स्थित मेहला में आईटीएमएस यानी इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम शुरू हो गया है। एक सप्ताह तक यहां पर ट्रायल बेस पर आईटीएमएस को शुरू किया गया था, लेकिन अब बिलासपुर पुलिस द्वारा इसको विधिवत रूप से शुरू कर दिया है और इस कैमरे के तहत नियमों की अवहेलना करने वालों के ऑनलाइन चालान भी काटे जा रहे हैं।

अभी तक बिलासपुर जिला में मेहला, मंडी-भराड़ी, टिहरा, औहर, बिलासपुर बस स्टैंड, घुमारवीं में आईटीएमएस शुरू किए गए हैं। यह आईटीएमएस के तहत 60 से अधिक स्पीड, बिना हेलमेट, तीन सवारियों सहित बिना सीट बेल्ट के अगर कोई वाहन चलाता है तो उसके खिलाफ कार्रवायी हो रही है।

खास बात यह है कि इस आधुनिक कैमरे से उसी समय ऑनलाइन चालान कट रहा है और संबंधित व्यक्ति को मैसेज के माध्यम से चालान की जानकारी भी मिल रही है। आपको बता दें कि बिलासपुर जिला में आईटीएमएस के तहत अधिक चालान होने का मुख्य कारण यहां पर शुरू हुए किरतपुर-नेरचैक फोरलेन है, क्योंकि अब मनाली की ओर जाने वाले पर्यटक व लोग इसी मार्ग से जा रहे हैं। इस मार्ग पर लोगों का सफर जहां आसान हुआ है तो वहीं, समय की भी बचत हुई है। इसी के साथ सड़क सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए, इसके लिए बिलासपुर पुलिस द्वारा यहां पर आईटीएमएस कैमरे स्थापित किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)






किरतपुर नेरचैक फोरलेन पर स्थित मेहला में आईटीएमएस कैमरे शुरू हो गए हैं। नियमों की अवहेलना करने वालों और 60 से अधिक स्पीड से वाहन चलाने वालों के ऑनलाइन चालान कटना शुरू हो गए हैं।
-मदन धीमान, डीएसपी बिलासपुर

### फोरलेन का एरिया 44 किलोमीटर लंबा, चार टनल और दो मेजर पुल

बिलासपुर जिला में फोरलेन का एरिया 44 किलोमीटर लंबा है जिसमें चार टनल हैं और दो मेजर पुलों के अलावा अन्य छोटे ब्रिज भी शामिल हैं। बलोह नामक स्थान पर टोल प्लाजा स्थापित किया गया है। इसी के साथ गरामोड़ा से लेकर मंडी के भवाणा तक 7 वीडियो सर्विलांस कैमरा लगाए गए हैं, जबकि दुर्घटनाओं की डिटैक्शन के लिए दो बड़े कैमरे लगाएं हैं। इसके साथ ही 60 छोटे सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए है तथा 5 आईटीएमएस स्थापित हो गए हैं। इन हाईटैक कैमरों के माध्यम से फोरलेन पर होने वाली हर गतिविधि पर पुलिस चैबीस घंटे पैनी नजर रख रही है। इसके अलावा फोरलेन पर एक बड़ी क्रेन जल्द ही उपलब्ध होगी जो कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। आपको बता दें कि बिलासपुर, मंडी और कुल्लू इन तीन जिलों में एक एक टैफिक पुलिस थाना स्थापित किया गया है।

# लोकसभा में गूंजा हिमकेयर योजना को बंद करने का मुद्दा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल में चलाई जा रही हिमकेयर योजना का मुद्दा लोकसभा में भी गूंजा है। शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप ने लोकसभा में प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में 18 महीने से कांग्रेस की सरकार है जो कि विपक्षी गठबंधन का भाग भी है और इनके राज में हिमाचल प्रदेश के विकास पर ग्रहण लग चुका है।

जितनी भी भाजपा एवं जयराम ठाकुर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रदेश में चल रही थी उसको बंद किया जा रहा है। हाल ही में आयुष्मान भारत के तर्ज पर शुरू की गई हिमकेयर योजना इसका ताजा उदाहरण है। इस योजना के अंतर्गत 370 करोड़ की देनदारी बाकी है और निजी अस्पतालों में इस योजना के अंतर्गत हो रहे इलाज पर रोक लगा दी गई है। प्रदेश में न महिलाओं को 1500 रुपए, न युवाओं को रोजगार, न किसान की गोबर खरीद, न दूध खरीद हो पा रहा है। यह सरकार केवल झूठ की सरकार है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य है और ऐसे देश के सभी पहाड़ी राज्यों के लिए एक मंत्रालय का गठन भी होना चाहिए जो इन राज्यों को सहायता मुहैया करवा सके।

उन्होंने हिमाचल एक पर्यटन राज्य होने का मुद्दा भी उठाया और इसके लिए अतिरिक्त सहायता भी मांगी, जिस प्रकार प्रदेश में टनल निर्माण का काम चल रहा है उसको और ज्यादा गति देने की मांग भी उठाई, अपने जिला सिरमौर में सीसीआई सीमेंट प्लांट को बढ़ाने की मांग भी रखी।

### सड़क हादसे में स्कूटी चालक की मौत

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** पुलिस थाना हरोली के तहत लालूवाल रोड पर नील गाय से बचाते हुए स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में स्कूटी चालक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला घायल है। मृतक की पहचान जसविंद सिंह पुत्र नसीब चंद (65) निवासी गांव व डा कोट फतूही तहसील गढशंकर जिला होशियारपुर जबकि महिला कमलजीत कौर जो मृतक जसविंदर सिंह की पत्नी है। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया है।

## मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, दधोल**

हिमाचल प्रदेश टीजीटी कन्फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रतन वर्मा की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से उनके कार्यालय शिमला में मिला।

संघ ने शिक्षा मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें मुख्यत: मुख्याध्याकों व प्रवक्ताओं से प्रधानाचार्य पदोन्नति कोटे में किसी भी प्रकार का बदलाव न करना व प्रधानाचार्य के खाली पदों को शीघ्र पदोन्नति द्वारा भरना, पलेस्मेंट वाले प्रधानाचार्य को रेगुलर कर सभी वितीय लाभ देना, प्रधानाचार्य की ज्वाईनिंग उप निदेशक के माध्यम से न हो, मुख्य अध्यापकों की पदोन्नति सूची जल्दी से निकालने व टीजीटी से पीजीटी पदोन्नति के लिए अनुरोध किया गया। जिस पर मंत्री ने शीघ्र ही पदोन्नति सूचियों को निकालने का आश्वासन दिया।

मुख्य अध्यापकों व प्राध्यापकों से प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नति के लिए पूर्व में निर्धारित 50.50: कोटे में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर टीजीटी कैडेर के सभी संघों के पदाधिकारी जिन में मुख्य रूप से हिमाचल प्रदेश पदोन्नत स्कूल प्राध्यापक संघ के राज्य प्रधान यशपाल रणौत, प्रदेश महासचिव राजीव चंदेल, जिला बिलासपुर के उप प्रधान राकेश ठाकुर, भंडारी राम, किशोरी शर्मा, हिमाचल प्रदेश साईंस मास्टर एसोसिएशन के राज्य प्रधान चंद्र केश धीमान व उनकी कार्यकारिणी सदस्य व एचपीएचसीओए के पदाधिकारी प्रदेश वरिष्ठ उप प्रधान व महासचिव उपस्थित थे।

## मंत्री को मिल रही थी शिकायतें, बिना सूचना जिला अस्पताल पहुंचे मंत्री धर्माणी

### मातृ एवं शिशु अस्पताल भवन, ट्रॉमा सेंटर, सामान्य ओपीडी का निरीक्षण किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला अस्पताल बिलासपुर की लगातार आ रही शिकायतों के बाद नगर नियोजन आवास, औद्योगिक प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी अचानक अस्पताल पहुंच गए। यहां पर पहुंचने पर उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं जांची और मौके पर कई दिशा निर्देश भी जारी किए।

उन्होंने मौके पर मातृ एवं शिशु अस्पताल भवन, ट्रॉमा सेंटर, सामान्य ओपीडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने बताया कि गत दिनों समाचार पत्रों और स्थानीय लोगों के माध्यम से क्षेत्रीय अस्पताल के मातृ एवं शिशु अस्पताल में महिलाओं को बैठने के लिए उचित व्यवस्था न होने और अस्पताल में शौचालय के बंद होने की शिकायतें मिल रही थी।



मरीजों के परिजनों से बातचीत करते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

मातृ एवं शिशु अस्पताल भवन के धरातल में गायनी और शिशु रोग विशेषज्ञ ओपीडी है। दोनों ओपीडी में एक दिन में 300 से ज्यादा मरीज का ईलाज किया जा रहा है। उन्होंने मौके पर चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इस भवन में अतिरिक्त बेंच लगाने और एसी या बड़े पंखों का इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक को वेटिंग एरिया के निर्माण के लिए हर संभव सहायता देने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत की और इलाज के दौरान क्षेत्रीय अस्पताल में पेश आ रही विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आया वाहन, मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश में मानसून सक्रिय होते ही जानमाल के नुकसान की घटनाएं भी सामने आने लगी है। सोमवार सुबह करीब सवा तीन बजे नेशनल हाइवे-5 के सनवारा में चंडीगढ़ से अखबार लेकर आ रही बोलेरो कार पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आ गई।

इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि तीन लोगों को गंभीर रूप से घायलावस्था में ईएसआई हॉस्पिटल परमाणु भेजा गया। हादसे में देव राज (40) पुत्र देस राज, निवासी पलाही गेट, फगवाड़ा कपूरथला की मौत हो गई है। वहीं चालक कुलदीप सिंह (40) पुत्र हरभजन सिंह निवासी गढ़शंकर, होशियारपुर, भावुक (23) पुत्र चमन लाल मोहल्ला जालंधर सिटी व वंदना सोंधी(43) पत्नी चमन लाल निवासी मोहल्ला जालंधर सिटी घायल हैं।

**शिक्षा पर चर्चा** — शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अगुवाई में जानेंगे असम में शिक्षा के क्षेत्र में हुई उन्नति को

# हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग का दल गुवाहाटी पहुंचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

असम में शिक्षा के क्षेत्र में अपनाई जा रही बेस्ट प्रैक्टिस को जानने के लिए हिमाचल शिक्षा विभाग का एक दल शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अगुवाई में गुवाहाटी पहुंचा। 13 सदस्यीय इस दल में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ सीपीएस आशीष बुटेल, समग्र शिक्षा के राज्य निदेशक राजेश शर्मा, उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा, अतिरिक्त निदेशक उच्च शिक्षा संजीव सूद, प्राथमिक शिक्षा निदेशक आशीष कोहली, पीडब्लयूडी के चीफ आर्किटेक्ट राजीव शर्मा, शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी शामिल रहे।

हिमाचल के इस दल ने असम के शिक्षा मंत्री डॉ. रनोज पेगु व विभाग के दूसरे अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में दोनों राज्यों सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अपनाई जा रही बेस्ट प्रैक्टिस पर विस्तार से चर्चा की गई। हिमाचल की ओर से समग्र शिक्षा के राज्य निदेशक राजेश शर्मा ने प्रदेश के शैक्षणिक परिदृष्यों और गुणात्मक शिक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए अहम कदमों की एक प्रेज़ेंटेशन दी।



असम के शिक्षा मंत्री डॉ. रनोज पेगु के साथ मीटिंग करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व अन्य पदाधिकारी।

### असम ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किए : रोहित ठाकुर

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि डॉ. रनोज पेगु की अगुवाई में असम शिक्षा विभाग ने बहुत अच्छे प्रयास किए हैं। असम शिक्षा विभाग ने, विशेषकर जिस तरह से डमी इनलोरमंट पर विराम लगाया है, वह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

असम सरकार ने प्राइमरी, सेंकडरी से लेकर यूनिवर्सिटी स्तर पर शिक्षा में जो बेहतरीन कार्य किए हैं, वो सहरानीय है। हिमाचल यह देखेगा कि शिक्षा के क्षेत्र में हम असम के इन अनुभवों का कैसे फायदा उठा सकते हैं। असम ने आर्टिफिशियल एेटेलिंजेंस से शिक्षा विभाग का पूरा डाटा तैयार कर 'एजुकेशन सेतु ऐप' सहित अन्य डिजिटल सार्थक पहल की है। इसके आधार पर ट्रांसफर सहित अन्य कार्य विभाग पूरी दक्षता के साथ कर रहा है।

पर्वतीय राज्य हिमाचल की साक्षरता दर काफी ज्यादा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में असम और हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें और वे इसमें नए आयाम स्थापित कर सकें, इसके लिए यह बैठक कारगर साबित होगी।

### असम शिक्षा विभाग ने उठाए कई इनोवेटिव कदम

**असम** ने शिक्षा के क्षेत्र में कई सुधारात्मक और इनोविटेव कदम उठाए हैं। इनमें शिक्षकों की ट्रांसफर आनलाइन करन के लिए 'एजुकेशन सेतु ऐप' प्रमुख है। इनके अलावा शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए समर्थ पोर्टल और टेली एजुकेशन जैसे अन्य प्रयास असम शिक्षा विभाग ने किए हैं।

इन प्रयासों से मिड-डे-मील, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें और वर्दी से जुड़े खर्चों को कम कर असम सरकार को काफी बचत करने में मदद मिली है।

हिमाचल के शिक्षा विभाग के इस दल की यात्रा को दोनों राज्यों के बीच सहयोग और शैक्षणिक ढांचे को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इससे हिमाचल और असम को एक दूसरों की बेस्ट प्रैक्टिस अपनाकर शिक्षा के स्तर को नई उंचाइयों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

# 797 पब्लिक लाइब्रेरियों पर लटके ताले, अभ्यर्थी परेशान

**रवि ठाकुर,हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश की सभी पब्लिक एंड अकेडमिक लाइब्रेरियों में ताले लटक गए हैं। क्योंकि लाइब्रेरियों में तैनात सहायक पुस्तकालय अध्यक्षों को यूजीसी स्केल मिलने के उपरांत कॉलेजों में जिला स्तर की लाइब्रेरियों में तैनात कर दिया है। इसके चलते स्कूलों की पब्लिक लाइब्रेरियों पर ताले लटक रहे हैं। ऐसे में लाइब्रेरियों में पड़ी किताबें दीमक इत्यादि लगने से खराब हो सकती हैं। पब्लिक लाइब्रेरियां बंद पड़ने से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां कर रहे अभ्यार्थियों की भी मुश्किलें बढ़ गई हैं, उन्हें प्राइवेट लाइब्रेरियों का मजबूरन रुख करना पड़ रहा है।

प्रदेश भर के करीब 800 सरकारी स्कूलों में पब्लिक लाइब्रेरियां खोली गई हैं। वर्तमान समय में तीन पब्लिक लाइब्रेरियां ही युवाओं के लिए खोली जा रही हैं। इनमें ऊना जिला में दो और हमीरपुर जिला में एक लाइब्रेरी में युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। जबकि 797 पब्लिक लाइब्रेरियों पर ताले लटक रहे हैं। प्रदेश में पिछले 15 वर्षों से लाइब्रेरियन के पद भरे नहीं गए हैं। हालांकि प्रदेश सरकार ने जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (लाइब्रेरी) के 771 पद भरने का जरूर फैसला लिया है। ऐसे में यह पद भर जाते हैं , तो पब्लिक लाइब्ररियों का लाभ प्रदेश के युवाओं को भी मिल सकेगा। क्योंकि प्रदेश की पब्लिक लाइब्रेरियों को हर वर्ष राजा राम मोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन कलकत्ता से जो पैसा किताबों, कप्यूटर, फर्नीचर और अलमारियां इत्यादि खरीदने के लिए आता है। उसका सही उपयोग नहीं हो पाएगा।

स्कूलों में 1 0 हजार से लेकर 15 हजार के करीब किताबें एक-एक पब्लिक लाइब्रेरी में पड़ी है। ऐसे में किताबों का सही रख-रखाव न होने के चलते प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित किताबें, धार्मिक व प्राचीनतम किताबें दीमक इत्यादि लगने से ख राब हो जाएंगीं। (अनंत ज्ञान)



प्रदेश की सभी पब्लिक लाइब्रेरियों पर ताले लटक रहे हैं। क्योंकि स्कूलों की पब्लिक लाइब्रेरी में तैनात सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष को जनवरी माह से यूजीसी स्केल मिलना शुरू हो गया है।- **सुरजीत धीमान, प्रदेशाध्यक्ष, राज्य बेरोजगार पुस्तकालय संघ**

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः। स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ॥

भावार्थ : श्रेष्ठ एवं महापुरुष जो आचरण करते हैं , जैसा-जैसा आचरण करते हैं , सामान्य मनुष्य भी उसी आचरण का अनुकरण करते हैं। समाज या परिवार के बड़े लोग श्रेष्ठ लोग जैसा उदाहरण प्रस्तुत करते हैं अन्य सभी जन उनका अनुसरण करते हैं। इसलिए परिवार समाज और देश के बड़े लोगों को हमेशा अपने आचरण और कार्य व्यवहार का ध्यान रखना चाहिए।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 30 जुलाई 2024

# सुकून चाहिए तो राजस्थान के नाथद्वारा श्रीनाथजी के दर्शन जरूर करें

**राजस्थान** में अनेक पवित्र तीर्थ स्थल हैं, जो पुरातन संस्कृति के गवाह हैं। ऐसा ही एक प्रसिद्ध मंदिर है प्रभु श्रीनाथजी का, जो कि राजसमंद जिले के नाथद्वारा में है। यह अरावली की खूबसूरत वादियों में बनास नदी के किनारे मौजूद है। यह वैष्णव संप्रदाय का प्रमुख तीर्थ स्थल है। मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण सात साल के बाल स्वरूप में विराजमान हैं। यहां भगवान श्रीकृष्ण की गोर्वधन धारी प्रतिमा है। नाथद्वारा का क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य का खजाना है। श्रीनाथजी के दर्शन के लिए देशभर के भक्त पहुंचते हैं। अक्तूबर से मार्च तक का मौसम इस जगह की यात्रा करने के लिए सबसे अनुकूल है। इस जगह पर आकर लोगों को एक अलग अनुभूति होती है। जीवन में एक बार नाथद्वारा की यात्रा कर श्रीनाथ भगवान के दर्शन का लाभ जरूर उठाना चाहिए। यहां आकर आपको सुकून महसूस होगा। श्रीनाथजी के दरबार में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर प्रबंधन और यहां के कारोबारियों ने तमाम तरह की सुविधाएं जुटा रखी हैं। यहां श्रद्धालु अपनी पॉकेट के अनुसार महंगे से महंगे और सस्ते से सस्ते होटल या धर्मशाला में स्टे कर सकते हैं। श्रद्धालु इन होटल्स और धर्मशालाओं की ऑनलाइन बुकिंग भी करवा सकते हैं। यहां कई समाजों में भी अपनी-अपनी धर्मशालाएं भी बनवा रखी हैं।



## वृंदावन से आई मूर्ति, मेवाड़ के राणा राजसिंह ने बनवाया मंदिर

**मुगल** आक्रांता औरंगजेब मूर्ति पूजा का विरोधी था इसलिए उसने अपने शासनकाल में वृंदावन में स्थित श्रीनाथजी के मंदिर को तोड़ने का काम भी शुरू करवाया। श्रीनाथजी की प्रतिमा को पुजारी दामोदर दास बैरागी मंदिर से बाहर निकाल लाए। इसके बाद उन्होंने बैलगाड़ी में श्रीनाथजी की मूर्ति को रखा और कई राजाओं से निवेदन किया कि मंदिर का निर्माण करवाकर श्रीनाथजी की मूर्ति को स्थापित करा दें, मगर औरंगजेब के डर से किसी ने उनका प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। इसके बाद पुजारी ने मेवाड़ के राजा राणा राजसिंह के पास संदेश भिजवाया। इतिहासकारों के मुताबिक, 1660 ईस्वी में राणा राजसिंह ने खुलकर औरंगजेब को चुनौती दी और कहा कि उनके रहते हुए बैलगाड़ी में रखी श्रीनाथजी की मूर्ति को कोई छू तक नहीं पाएगा। औरंगजेब को मंदिर तक आने से पहले एक लाख राजपूतों से निपटना होगा। इसके बाद 1672 ईस्वी में मंदिर का निर्माण पूरा करवाने के बाद उसमें श्रीनाथजी की मूर्ति स्थापित कर दी गई।

### जन्माष्टमी पर भगवान को 21 तोपों की सलामी

**जन्माष्टमी** के दिन रात के 12 बजे ट्रेंड होमगार्ड भगवान श्रीकृष्ण को 21 तोपों की सलामी देते हैं। वैसे यहां जन्माष्टमी के अलावा दीपावली, हरियाली अमावस्या, दशहरा व बाकी बड़े त्योहारों पर भी भव्य आयोजन होता है। यहां पर भगवान श्रीकृष्ण का गोवर्धन पर्वतधारी बाल रूप है। बता दें कि यहां पर श्रीनाथजी की दिन में आठ बार पूजा की जाती है। औरंगजेब की मां ने मंदिर में डायमंड भेंट किया था जो कि प्रतिमा में भगवान की ठुडी में जड़ा हुआ है। उदयपुर के तत्कालीन राजा ने 1934 में यह आदेश जारी किया कि श्रीनाथजी मंदिर से जुड़ी सभी प्रकार की संपत्ति मंदिर के अधिकार में रहेगी।




### ऐसे पहुंचें

**पश्चिम** रेलवे की अहमदाबाद-दिल्ली लाइन पर मारवाड़ जंक्शन स्थित है। मारवाड़ से एक लाइन मावली तक जाती है। मावली से 15 किलोमीटर पहले नाथद्वारा है। नाथद्वारा से 15 किलोमीटर की दूरी पर कांकरोली रेलवे स्टेशन है। नाथद्वारा स्टेशन से लगभग छह किलोमीटर दूरी पर स्थित है। स्टेशन से नाथद्वारा के लिए कई बसें संचालित होती हैं। यहां का नजदीकी हवाई अड्डा 45 किमी की दूरी पर उदयपुर है। उदयपुर से नाथद्वारा की दूरी 48 किलोमीटर है। देश के बड़े शहरों से उदयपुर हवाई, रेल या सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है। उदयपुर से बस से श्रद्धालु आसानी से नाथद्वारा पहुंच सकते हैं। उदयपुर-नाथद्वारा के बीच कई बसें संचालित होती हैं। वहीं, राजसमंद से भी बसों का यहां साधन उपलब्ध है। उदयपुर से बस के साथ ही टैक्सी द्वारा भी नाथद्वारा आसानी से पहुंचा जा सकता है।

### चावल का दान और चावल का भोग, चढ़ते हैं खिलौने

**मंदिर** परिसर में प्रसाद से लेकर हर चीज की अलग व्यवस्था है। लोग यहां प्रसाद में अपनी हिस्सेदारी देने के लिए चावल का दान करते हैं। भगवान को 56 प्रकार के भोग लगते हैं, जिसमें रोजाना 125 मन चावल का प्रमुख भोग लगता है। यह भारत के सबसे अमीर मंदिरों में से एक है। श्रद्धालु भगवान के बाल रूप में विराजित होने के कारण यहां खिलौने चढ़ाते हैं। मंदिर में भगवान श्रीनाथजी के कई सारे चित्र पिछवई शैली में बनाए गए हैं।

### कम खर्च में ठहरें

**प्रभु** श्रीनाथजी की नगरी में विभिन्न समाजों की धर्मशालाएं भी मौजूद हैं। उनमें श्रद्धालु महज 40 से 400 रुपए खर्च करके दिनभर ठहर सकते हैं या फिर नाइट स्टे कर सकते हैं। यहां पर मध्यम श्रेणी के ऐसे होटल्स भी मौजूद हैं जिनका किराया करीब 500 से 2000 रुपए तक का रहता है। वहीं, नाथद्वारा में फर्स्ट क्लास और लग्जरी होटल भी हैं जहां आप पूरे परिवार के साथ आराम से रह सकते हैं। इसके साथ ही मंदिर प्रशासन की ओर से भी यहां धर्मशालाएं बनवाई गई हैं। उनमें श्रद्धालु ऑनलाइन बुकिंग करवा सकते हैं।



## नाथद्वारा में भगवान शिव की सबसे ऊंची प्रतिमा

### 'विश्वास स्वरूपम स्टैच्यू' की ऊंचाई 369 फुट

**राजस्थान** के राजसमंद जिले में मौजूद नाथद्वारा में भगवान शिव की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थित है, जिसे 'विश्वास स्वरूपम स्टैच्यू' और 'स्टैच्यू ऑफ बिलीव' के नाम से भी जाना जाता है। 'विश्वास स्वरूपम स्टैच्यू' की ऊंचाई 369 फुट के आसपास है। इसी वजह से इसे दुनिया की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा भी कहा जाता है। इसके अलावा इस प्रतिमा का नाम विश्व की टॉप पांच ऊंची प्रतिमाओं में भी आता है।

**2022 में हुआ था प्रतिमा का अनावरणः** राजस्थान में भगवान शिव की सबसे ऊंची प्रतिमा ध्यान एवं अल्लड़ की मुद्रा में विराजित है, जो 20 किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'विश्वास स्वरूपम स्टैच्यू' को बनाने में कम से कम 10 साल का लंबा समय लगा था। इसके अलावा प्रतिमा के निर्माण में ऐसी खास धातुओं का इस्तेमाल किया गया है, जो कई वर्षों तक खराब नहीं होती हैं। इस प्रतिमा का अनावरण दो साल पहले 2022 में हुआ था। कहा जाता है कि हर समय यहां पर शिवभक्तों का तांता लगा रहता है।

**एडवेंचर पार्क का उठा सकते हैं लुत्फः** 'स्टैच्यू ऑफ बिलीव' के पास एक एडवेंचर पार्क भी खोला गया है। जहां आप फ्लाइंग जंप, जिप लाइन, फॉर्मूला कार्टिंग और बंजी जम्पिंग आदि एडवेंचर एक्टिविटी का लुत्फ उठा सकते हैं। यदि आप भी यहां आना चाहते हैं, तो इसके लिए ट्रेन एक अच्छा ऑप्शन है। 'स्टैच्यू ऑफ बिलीव' के सबसे नजदीकी मावली जंक्शन रेलवे स्टेशन है।

# विश्व का इकलौता मंडी का महामृत्युंजय मंदिर

## दिन में पांच बार मुख मुद्राएं बदलते हैं बाबा



**बाबा** महामृत्युंजय मंदिर जैंचुरा नौण के पास स्थित है। यह विश्व का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां बाबा महामृत्युंजय मूर्ति रूप में कमलासन सिद्धासनासीन और विभिन्न मुद्राएं धारण किए हुए हैं। इस मंदिर के निर्माण को लेकर दो राजाओं के नाम लिए जाते हैं। एक राजा सूरज सेन 1637 ई. में और दूसरा सिद्ध सेन 1684 ई. में। बाबा महामृत्युंजय अकाल मृत्यु, दुर्घटनाएं, रोग-पीड़ा, व्याधि आदि से रक्षा करते हैं। मंदिर में दो गणपति विराजमान हैं एक उत्तर की ओर तथा एक मुख्य द्वार पर कमलासन बैठे हुए हैं। द्वार पर हाथी, दो ऋषियों की जप करती हुई प्रतिमा है। मंदिर में 3 प्रकोष्ठ बने हुए हैं इनमें हनुमान, काल भैरों गदा और खप्पर लिए और गणपति की सुंदर प्रतिमा स्थापित है। मंदिर के ऊपर एक छोटा और एक बड़ा आमलक स्थापित है। इसके साथ ही त्रिदेवों की मूर्तियां भी मंदिर के ऊपर स्थापित हैं। बाबा महामृत्युंजय दिन में पांच बार अपनी मुख मुद्राएं बदलते हैं। कभी अत्यंत प्रसन्न तो कभी गंभीर, कभी क्रोध में तो कभी तेज में और कभी मायामयी रूप में भी दिखाई देते हैं। इस मंदिर में बहुत से भक्त दिन में तीन बार दर्शन करते हैं। काले रंग की यह मूर्ति अत्यंत मनोहारी है। बाबा महामृत्युंजय सिद्धासनासीन हैं। इनके दोनों हाथ माला युक्त विशेष मुद्रा में और ऊपर के वाम हाथ में अमृत कलश है और दाएं हाथ में त्रिशूल है। समाधि की इस अवस्था में नयन अर्धबंद हैं। कानों में कुंडल, शिखा और जनेऊ धारण किए हुए हैं। प्रतिमा इतनी मनोहारी है कि यह अन्नायास ही अपनी ओर आकर्षित करती है। बाबा महामृत्युंजय कमलासन्न पर विराजमान हैं जिस पर चांदी मढ़ा हुआ है। वर्तमान में मंदिर के बाहर नंदी बैल की प्रतिमा स्थापित है, लेकिन पूर्व में मंदिर के बाहर नंदी की कोई प्रतिमा स्थापित नहीं थी। यह बात महातंत्र साधना की ओर ईशारा करती है।

### मंडी के बाबा के हैं अद्भुत मंदिर

**भारत** के तीन अन्य क्षेत्रों में भी बाबा महामृत्युंजय के मंदिर हैं। इसमें जोगेश्वर धाम में महामृत्युंजय मंदिर व वाराणसी के मैदागिन में भी महामृत्युंजय का मंदिर है। मध्य प्रदेश के रीवा शहर में एक हजार 1001 छेदों वाला अद्भुत शिवलिंग है उसे भी महामृत्युंजय कहा जाता है, लेकिन मंडी में बाबा महामृत्युंजय का यह मंदिर अद्भुत है, क्योंकि यहां बाबा मूर्ति के रूप में और कमलासन विराजमान हैं।

-अनिल शर्मा, नौबाही, मंडी

# जन्म कुंडली में शुभ-अशुभ राज योग क्या दर्शाता है?

**ज्योतिष** शास्त्र कहता है कि राज योग एक ऐसा योग है जो व्यक्ति को राजा जैसा भाग्य प्रदान करता है, इस कारण से ही इसे राजयोग कहा गया है। जिसकी कुंडली में यह योग होता है उस व्यक्ति को कई तरह के फल प्राप्त होते हैं, लेकिन इसमें कुछ बातें विशिष्ट भी हैं, क्योंकि राजयोग केवल सुख ही देगा यह भी मुश्किल होगा, या फिर हम किसी शुभ रूप से ही अपने जीवन में लाभ प्राप्त कर पाएंगे यह भी इसके द्वारा परिभाषित नहीं हो सकता है, क्योंकि राजयोग अनुसार धन प्रसिद्धि का योग व्यक्ति को मिलता है और ऐसे में तो कई गलत कार्यो से भी व्यक्ति प्रसिद्धि और धन को पा लेता है तो इस स्थिति में उस राजयोग का क्या अर्थ निकाला जाए। इस स्थिति में योग तो फलित होता है, लेकिन जीवन में वह किन परिस्थितियों के द्वारा मिल रहा है यह भी जान लेना आवश्यक है। इसी के साथ सुख की प्राप्ति तब होना अजब जीवन से हर खुशी गायब होना या कष्ट इतना मिलना की मिलने वाले सुख का अनुभव ही न हो पाना भी इसी योग में देखने को मिल सकता है। इसी कारण से कुंडली में बनने वाले योग कैसे बन रहे हैं, कौन से ग्रह कहां स्थित हैं इन सभी बातों का अध्ययन करने के बाद ही इसे समझना उचित जान पड़ता है। व्यक्ति सुखी जीवन चाहता है, लेकिन खुशियां सभी के नसीब में बराबर मात्रा में नहीं होती। किसी व्यक्ति के सुख-दुख का अंदाजा उसकी कुंडली में ग्रहों और योगों की स्थिति से लगाया जा सकता है। राज योग शब्द के दो भाग हैं। राज और योग। ज्योतिष की शब्दावली में राज योग का अर्थ है राजा के समान सुख प्रदान करने वाला योग। राज योग कुंडली में ग्रहों की विशेष युति से बनता है। योग के फल का निर्णय करने के लिए ग्रहों, कारक, युति, दृष्टि जैसे प्रमुख कारक की शुभता और अशुभता का निरीक्षण करना आवश्यक है।

## राजयोग के बनने के कारक




**ग्रहों** की नैसर्गिक शुभता या अशुभता का ध्यान राजयोग के फल को जानने के लिए विशेष रुप से रखना चाहिए। राज योग के लिए केंद्र भाव में उच्च ग्रह, भाग्य रेखा में उच्च का शुक्र और नवांश और दशमांश के बीच संबंध महत्वपूर्ण होता है। नीच राशि में ग्रह का मतलब यह नहीं है कि वे अशुभ परिणाम प्रदान करेंगे, क्योंकि यदि कोई ग्रह नीच राशि में स्थित है। इस घटनाक्रम का परिणाम अन्य ग्रहों के संबंधों पर भी निर्भर करेगा।

राज योग किसी कुंडली में किसी ग्रह विशेष से नहीं बनता बल्कि इसके बनने के लिए सभी ग्रह समान रूप से जिम्मेदार होते हैं। ज्योतिष शास्त्र कहता है कि चंद्रमा अपने विभिन्न स्थानों में योग पर भारी प्रभाव डालता है। नीच का चंद्रमा हो या फिर पाप ग्रहों से त्रस्त चंद्रमा हो यह सकारात्मक परिणाम प्रदान करने वाले ग्रह के लिए बाधा बन सकता है।

कुंडली में विभिन्न प्रकार के राज योग बन सकते हैं जिनमें से केंद्र और त्रिकोण में बनने वाले योग अच्छे राजयोग को दर्शाते हैं। जब किसी कुंडली में लग्न की युति केंद्र या त्रिकोण भाव के स्वामी के साथ होती है तो यह राज योग बनता है। केंद्र और त्रिकोण घरों में देवी लक्ष्मी त्रिकोण का प्रतीक हैं और भगवान विष्णु केंद्र घर के प्रतीक हैं। यह योग व्यक्ति को भाग्य का सहयोग प्रदान करता है। यह राज योग जातक को धन, यश और वैभव प्रदान करता है। इस योग में शुभ ग्रहों की भूमिका होने के कारण ही ये शुभ फल देने में सक्षम माना गया है, किंतु इसमें भी एक बात जिसमें ग्रहों की नैसर्गिकता का गुण देख लेना अच्छा होता है। इसमें गुरु शुक्र चंद्रमा बुध जैसे ग्रहों की शुभता उच्च स्तर की हो तथा यह कुंडली के लिए भी शुभ ग्रह बनते हैं तो इसमें काफी सकारात्मक असर देखने को मिलते हैं। विपरीत राज योग

राजयोग में एक विपरीत राजयोग भी विशेष है, इस योग का प्रभाव हमारे जीवन पर संघर्षों के पश्चात जब फल की प्राप्ति का अवसर मिलता है। इसी प्रकार नीचभंग राजयोग भी इसी श्रेणी में स्थान पाता है, जिसमें ग्रह के नीच भंग होने की स्थिति ही इस योग का प्रभाव मिलता है। इन योगों के बनने से व्यक्ति को जीवन में कष्ट भी अधिक मिलते हैं उसके बाद स्थिति में अच्छे फल मिलते हैं इसी अनुसार खराब ग्रहों का योग भी इनमें हो तो व्यक्ति को कई प्रकार के गलत कार्यों से भी लाभ मिल सकते हैं। इस प्रकार के अन्य कई योग हैं जो दर्शाते हैं की एक शुभ तरह से बना राजयोग कितने बेहतर परिणाम दे सकता है तो खराब भाव एवं खराब ग्रहों से बने राजयोग जीवन में विपरीत रूप से अपना फल देने वाले होते हैं।

*-अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर*

## जीवात्मा को पापों से मुक्त करता है कामिका एकादशी व्रत



**कामिका** एकादशी का व्रत जीवात्मा को पाप से मुक्ति दिलाता है। कामिका एकादशी को श्रीविष्णु का उत्तम व्रत कहा जाता है। प्राचीन काल में एक गांव में एक क्रोधी स्वभाव के ठाकुर रहते थे। एक दिन उन्होंने एक ब्राह्मण की हत्या कर दी। उसने अपने अपराध की क्षमा याचना के लिए ब्राह्मण की क्रिया करनी चाही, लेकिन पंडितों ने उसे क्रिया में शामिल होने से मना कर दिया। ब्रह्म हत्या के दोष से ठाकुर त्रस्त होने लगा। ब्राह्मणों ने उसके घर में भोजन करने से मना कर दिया, तब उसने एक मुनि से प्रार्थना की कि हे भगवान, मेरा पाप कैसे दूर हो सकता है। इस पर मुनि ने उन्हें कामिका एकादशी व्रत करने की प्रेरणा दी। ठाकुर ने विधि विधान से कामिका एकादशी का व्रत किया। रात्रि को उसे प्रभु ने स्वप्न में दर्शन दिए और उसके पापों को क्षमा किया। एकादशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करने से अमोघ फल की प्राप्ति होती है। एकादशी का फल अश्वमेघ यज्ञ के समान होता है। एकादशी व्रत करने के लिए प्रातः स्नान करके भगवान श्रीविष्णु को भोग लगाना चाहिए। आचमन के सूर्यास्त, दीप, चंदन आदि से आरती करनी चाहिए। कामिका एकादशी व्रत के दिन श्री हरि का पूजन करने से पितरों के कष्ट दूर होते हैं। कथा सुनने से ही यज्ञ करने के फल की प्राप्ति होती है।

## हमारा धर्म पहले संपूर्ण धरती पर व्याप्त था

**पहले** धरती के सात द्वीप थे- जम्बू, प्लक्ष, शाल्मली, कुश, क्रौंच, शाक एवं पुष्कर। इसमें से जम्बूद्वीप सभी के बीचोबीच स्थित है। राजा प्रियव्रत संपूर्ण धरती के और राजा अग्नीन्ध्र सिर्फ जम्बूद्वीप के राजा थे। जम्बूद्वीप में नौ खंड हैं- इलावृत, भद्राश्व, किंपुरुष, भारत, हरि, केतुमाल, रम्यक, कुरु और हिरण्यमय। इसमें से भारतखंड को भारत वर्ष कहा जाता था। भारतवर्ष के 9 खंड हैं- इसमें इन्द्रद्वीप, कसेरु, ताम्रपर्ण, गभस्तिमान, नागद्वीप, सौम्य, गन्धर्व और वारुण तथा यह समुद्र से घिरा हुआ द्वीप उनमें नौवां है। भारतवर्ष के इतिहास को ही हिन्दू धर्म का इतिहास नहीं समझना चाहिए। ईस्वी सदी की शुरुआत में जब अखंड भारत से अलग दुनिया के अन्य हिस्सों में लोग पढ़ना-लिखना और सभ्य होना सीख रहे थे, तो दूसरी ओर भारत में विक्रमादित्य, पाणीनी, चाणक्य जैसे विद्वान व्याकरण और अर्थशास्त्र की नई इमारत खड़ी कर रहे थे। इसके बाद आर्यभट्ट, वराहमिहिर जैसे विद्वान अंतरिक्ष की खाक छान रहे थे। वसुबंधु, धर्मपाल, सुविष्णु, असंग, धर्मकीर्ति, शांतारक्षिता, नागार्जुन, आर्यदेव, पद्मसंभव जैसे लोग उन विश्वविद्यालय में पढ़ते थे जो सिर्फ भारत में ही थे। तक्षशिला, विक्रमशिला, नालंदा आदि अनेक विश्व विद्यालयों में देश विदेश के लोग पढ़ने आते थे। तो यदि आप हिंदू हैं तो गर्व कीजिए कि आप एक महान विरासत का हिस्सा हैं, अपने धर्मग्रंथों का अध्ययन कीजिए और उनके ज्ञान से स्वयं को उन्नत और श्रेष्ठ बनाइइए और यदि आप हिंदू नहीं भी हैं तब भी हर मनुष्य को स्वयं को अच्छाई की ओर ले जाने का जन्मजात हक है। आइए और हिंदुत्व की महान विरासत से, अद्भुत ज्ञान से अपने जीवन का निर्माण करें।



*-डॉ. अमन कुमार शर्मा करसोग*

## सावन हरियाली अमावस्या पर ये उपाय करें



**सावन** हरियाली अमावस्या को पीपल के पेड़ के नीचे तेल का दीपक जलाया जाता है। पीपल के पेड़ के चारों ओर एक धागा बांधा जाता है और धागा बांधते समय सात परिक्रमाएं की जाती हैं। इस दिन पीपल के अलावा बरगद, केले, तुलसी, शमी आदि वृक्षों की भी पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि पीपल के पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है। इस पेड़ की पूजा करने से गृह शांति मिलती है। ऐसा माना जाता है कि आंवले के पेड़ में भगवान लक्ष्मी नारायण का वास होता है, इसलिए इस पेड़ की पूजा करने से अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त होता है। चींटियों को गेहूं का आटा और चीनी खिलाने से धन लाभ होता है। नारद पुराण में कहा गया है कि सावन अमावस्या के दिन पूजा करने और पेड़ लगाने से भक्त को मोक्ष की प्राप्ति होती है। विवाह और संतान संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं। माता पार्वती और भगवान शिव की एक साथ पूजा करने से विवाह में आने वाली रुकावटें दूर होती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नाग नगुली मंदिर में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** विधानसभा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुंगल में स्थित प्रसिद्ध प्राचीन नाग नगुली मंदिर में श्रावण मास के दूसरे सोमवार के दिन भक्तजनों का आस्था का सलाब भारी संख्या में उमड़ा। प्रसिद्ध प्राचीन नाग नगुली मंदिर में श्रावण मास के दूसरे सोमवार को भारी संख्या में भक्तजन इस मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचे और साथ में भंडारे का आयोजन भी हुआ। इस भंडारे में काफी संख्या में भक्तजन प्रसाद ग्रहण किया।

### ज्योतिषी पंडित विपन शर्मा को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला स्थित धौलाधार होटल में अखिल भारतीय सरस्वती



ज्योतिष मंच द्वारा संचालित 72वें ज्योतिष सम्मेलन में अखिल भारतीय सरस्वती ज्योतिष मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजीव शर्मा और लाल किताब प्रमुख जीडी वशिष्ठ ने जवाली के ज्योतिषी पंडित विपन शर्मा को स्मृति चिन्ह, गोल्ड मेडल व ज्योतिष एक्सीलेंस अवॉर्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा भी उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स 30 सितंबर तक करवाएं वार्षिक सत्यापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सभी पेंशन भोगियों, पारिवारिक पेंशन भोगियों का वार्षिक सत्यापन 30 सितंबर 2024 तक किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला कोषाधिकारी टीएस खन्ना ने सभी पेंशन भोगियों को अपना वार्षिक सत्यापन जिला के विभिन्न कोषों में करवाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि जिला कोष कांगड़ा में कुल 35208 पेंशनधारक है जिसमें स्वयं पेंशन धारक 24665, पारिवारिक पेंशनधारक 10497, राजनीतिक पेंशनधारक 28तथा राजनीतिक पेंशनधारक 19 हैं।

### पालमपुर विज्ञान केंद्र में मनाया विश्व बाघ दिवस

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के उपलक्ष्य पर पालमपुर विज्ञान केंद पालमपुर में विद्यार्थियों, शिक्षकों व सामान्य आगंतुकों के लिए लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान व ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज परियोजना समन्वयक के लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान से हुआ। उन्होंने सतत् विकास लक्ष्यों व जलवायु परिवर्तन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर अपने विचार रखे। इसके साथ ही उन्होंने दैनिक जीवन में अपनाये जाने योग्य कुछ सुझाव भी श्रोताओं के साथ साझा किया। उन्होंने अपने वक्तव्य के अंत में समस्त सतत् लक्ष्यों को पूर्ण करने की प्रतिज्ञा सभी को दिलवाई। इसके बाद 'प्रोजेक्ट चीता-चीता पुनर्वास कार्यक्रम' विषय पर एक ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया । इस प्रश्नोत्तरी में प्रोजेक्ट चीता व अन्य परियोजनाओं से संबंधित सवाल पूछे गए तथा सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया ।

### पहाड़ी से गिरीं चट्टानें, एंबुलेंस क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** मंडी-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर बैजनाथ के साथ लगते घट्टा में चट्टाने गिरने से एक 102 एंबुलेंस उनकी चपेट में आ गई। एंबुलेंस का अगला हिस्सा क्षति ग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि जैसे ही चट्टानें एंबुलेंस के अगले हिस्से से टकराईं, उससे एंबुलेंस साथ लगते पैटापिट से टकरा कर रुक गई। अगर पैरापिट न होता तो एंबुलेंस गहरी ढांक में जा गिरती। एंबुलेंस में बैठे सभी लोग चालक सहित सुरक्षित हैं।

# हजारों श्रद्धालुओं ने भोले के दर नवाया शीश

## ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में सावन माह के दूसरे सोमवार को शिवभक्तों का लगा मेला



सावन माह के दूसरे सोमवार को ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में भोले नाथ के दर्शनों को जुटी भक्तों की भीड़।

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में सावन माह के दूसरे सोमवार मेले में हजारों भक्तों ने शिव मंदिर बैजनाथ में शीश नवाया । हालांकि मंदिर के कपाट सुबह 3 बजे खोले गए परंतु भोले के भक्त सुबह 2 बजे ही मंदिर के बाहर पहुंच गए थे इस दौरान वह मंदिर के गेट के बाहर भोले के जयकारों के साथ-साथ भोले के भजनों मे नाचते गाते रहे। सुबह-सुबह बारिश की वजह से अपेक्षाकृत श्रद्धालुओं की भीड़ कम रही पर 10 के करीब जैसे ही बारिश हटी श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगने आरंभ हो गई ।

शिव मंदिर में दिन भर जय भोले के उद्घोष लगते रहे । खीर गंगा घाट में भी स्नान के लिए लंबी कतारें लगी रहे भोले के मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु आते रहे और लंबी कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। प्रशासन की तरफ से भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। पुलिस के साथ-साथ मंदिर कमेटी के सदस्य ने भी मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए अपनी सेवाएं दीं।

मंदिर के साथ लगते प्रांगण में मंदिर ट्रस्टी घनश्याम अवस्थी बैजनाथ की तरफ से भंडारे का भी आयोजन किया गया था, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर पुजारियों की मानें तो सावन माह के इन दिनों में माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए कठिन तपस्या की थी इसी के चलते उन्हें भगवान शिव पति के रूप में प्राप्त हुए थे इसीलिए इन दिनों में जो भी भगवान की सच्चे मन से पूजा करता है उसे मनचाहा फल मिलता है। मंदिर न्यास कमेटी के सदस्य मिलाप राणा रमेश चड्ढा अनूप कौल इंदर नंदा बालकृण बंटी मुकेश शर्मा मनीष शर्मा लालचंद आदि ने अपनी सेवाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

### अव्यवस्था का आलम भी देखने को मिला

**ऐतिहासिक** शिव मंदिर में सोमवार को अव्यवस्था का आलम इस कदर था कि श्रद्धालुओं की श्रद्धा भी तार-तार हो गई। मंदिर प्रांगण के फर्श पर दूध इस कदर गिरा हुआ था कि लोगों के पैरों से होता हुआ यह मंदिर के भीतर तक जा रहा था। हालांकि हमारे हिंदू धर्म के अनुसार पैरों में दूध गिरना महा पाप है। कहने को तो यहां पर मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों के साथ-साथ पुरातत्व विभाग की भी लंबी फौज है, पर न जाने क्यों सावन मास के मेलों के दौरान अपनी ड्यूटी का निर्वाह करने के बजाय यह इधर-उधर ही भागते दिखाई देते हैं वहीं पर लोगों का मानना है कि कहने को तो मंदिर ट्रस्ट के पास करोड़ों रुपए बैंक में पड़े हुए हैं, परंतु जब वह मंदिर की व्यवस्था सुधारने के ही काम नआए तो ऐसी जमा पूंजी का क्या फायदा है। अगर मूर्तियों पर जल दूध तथा अन्य समान यूं ही बिना बजह चढ़ाया जाता रहा तो वह दिन ज्यादा दूर नहीं है जब अधिकतर मूर्तियों का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। वहीं, मंदिर टस्टी रमेश चड्ढा का कहना है कि अगले सोमवार को इस तरह के मामले में शक्ति से निपटा जाएगा।

### फतेहपुर में नाबालिगा ने बच्चे को दिया जन्म

**अनंत ज्ञान, जवाली।** फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ती एक पंचायत की नाबालिगा ने नूरपुर के एक निजी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया है तथा मां-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। अभी तक नाबालिगा ने बच्चे के पिता का नाम नहीं बताया है। इस घटना के बाद से हर कोई सन्न है तथा हर कोई बच्चे के पिता बारे अपने-अपने कयास लगा रहा है। जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर की नाबालिगा को निजी अस्पताल लाया गया, जहां पर नाबालिगा ने बच्चे को जन्म दिया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा इसकी सूचना पुलिस थाना में दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौका पर पहुंची लेकिन नाबालिगा द्वारा बच्चे के पिता का नाम नहीं बताया गया। नाबालिगा कुछ सहमी सी लग रही है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। अभी तक नाबालिगा ने बच्चे के पिता का नाम नहीं बताया है।

# विधायक ने लिया विकास कार्यों का ब्यौरा

## कमलेश ठाकुर बोलीं, ग्रामीण विकास में पंचायत कर्मियों की भूमिका अहम

**अनंत ज्ञान, देहरा**

ग्रामीण विकास में पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों की भूमिका बेहद अहम है। सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर आम जनमानस को सशक्त करने का सबसे बड़ा माध्यम हमारी पंचायतें हैं। इसलिए पंचायतों के कर्मचारी सेवा भाव से अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करें। विकास खंड देहरा कार्यालय में आज क्षेत्र के पंचायत कर्मचारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्थानीय विधायक कमलेश ठाकुर ने यह बात कही। विधायक ने पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों से विकास खंड देहरा में चल रहे विकास कार्यों का ब्यौरा लिया। बैठक में खंड विकास अधिकारी देहरा मुकेश कुमार ठाकुर, एसडीओ डेवलपमेंट ब्लॉक देहरा अजय डोगरा सहित विकास खंड देहरा के सभी पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक और ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे।



लोगों का अभिनंदन स्वीकार करतीं देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर।

### समन्वय से करें काम

**कमलेश** ने पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े कर्मचारी को निर्देश देते हुए कहा कि पंचायतों के कल्याण और विकास कार्यों के सुगम संचालन हेतु पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बेहतर तालमेल बनाते हुए कार्य करें। उन्होंने सभी कर्मचारियों को विकास के तय लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

### कार्यों की होगी मॉनीटरिंग

**कमलेश** ठाकुर ने कहा कि पंचायतों में चल रही परियोजनाएं और विकास कार्यों की वे स्वयं मॉनिटरिंग करेंगी। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि पंचायतों में चल रहे विकास कार्य तय समय में पूरे हों। कार्यों में गति लाने के साथ-साथ उनकी गुणवत्ता पर भी पूरा ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं के तहत निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी तत्परता के साथ कार्य करें।

# पहाड़ी इलाकों में जाने से करें परहेज 24 घंटे खुले रहेंगे कंट्रोल रूम : डीसी

## 31 जुलाई से एक अगस्त तक भारी बारिश का पूर्वानुमान

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के तहत 31 जुलाई से एक अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।



उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि बारिश के दौरान भूस्खलन संभावित क्षेत्रों तथा ऊपरी पहाड़ी क्षेत्रों में जाने से परहेज करें इसके साथ ही खराब मौसम में ट्रैकिंग करना भी खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा कि नदी तथा नालों के आसपास भी लोगों को जाने के लिए मनाही की गई है, ताकि किसी भी तरह से अप्रिय घटना नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधियों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आग्रह किया कि भारी बारिश को देखते हुए अनावश्यक यात्रा न करें, सुरक्षित स्थानों पर रहें और किसी प्रकार का जोखिम न उठाएं। (अनंत ज्ञान)

### राहत पुनर्वास को लेकर अलर्ट रहें अधिकारी

**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने कहा कि जिला प्रशासन राहत तथा पुनर्वास कार्य के लिए पूरी तरह से मुस्तैद है तथा तमाम अधिकारियों को मशीनरी के साथ फील्ड में डटे रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में जहां मार्गों पर भूस्खलन की संभावना है वहां पर जेसीबी जैसी मशीनरी भी तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने जिलावासियों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तत्काल जिला आपदा प्रबंधन केंद्र के टोल फ्री 1077 नंबर पर संपर्क करें। जिला मुख्यालय समेत सभी उपमंडलों में आपदा प्रबंधन केंद्र चौबीस घंटे चालू हैं।

## श्री मां संस्कृत कॉलेज ज्वालामुखी में मनाया विश्व हेपेटाइटिस डे

# दूषित पानी व भोजन से बढ़ जाता है हेपेटाइटिस का खतरा: सुरेश चंदेल

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

खंड चिकित्सा अधिकारी ज्वालामुखी डॉ. संजय बजाज के आदेशानुसार विश्व हेपेटाइटिस दिवस श्री मां संस्कृत कॉलेज ज्वालामुखी के प्रिंसिपल प्रबल कुमार की अध्यक्षता में मनाया गया। इस दिवस पर खंड स्वास्थ्य शिक्षक सुरेश चंदेल ने कॉलेज के बच्चों को बताया कि विश्व हेपेटाइटिस दिवस प्रति वर्ष 28 जुलाई को बैज्ञानिक डॉ. बारूक ब्लमबर्ग के जन्मदिन पर मनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि इस दिवस को मानने की शुरुआत 2008 में की गई और इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य हेपेटाइटिस बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करना है।




श्री मां संस्कृत कॉलेज ज्वालामुखी में हेपेटाइटिस दिवस मनाते शिक्षक और बच्चे।

चंदेल ने बताया कि हेपेटाइटिस होने से सबसे पहले लिवर में सूजन आ जाती है और खाना पचाने में भी बहुत सी परेशानियां होने लगती है। अगर समय पर इसका इलाज नहीं हुआ तो मरीज की जान भी जा सकती है।बारिश के मौसम में दूषित पानी व भोजन से हेपेटाइटिस बीमारी होने का खतरा अधिक होता है। यह लिवर डैमेज, लिवर फेलियर, लिवर कैंसर होने से मृत्यु का कारण बन सकता है। (अनंत ज्ञान)

# फोर्टिस अस्पताल हड्डी रोगों के उपचार में दे रहा विश्वस्तरीय सेवाएं : डॉ. गुरनिक

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा समस्त हड्डी रोगों के उपचार में विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान कर रहा है, फोर्टिस कांगड़ा में विशेषज्ञों द्वारा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ऑर्थोस्कॉपी तथा ट्रॉमा केयर एवं स्पाइन सर्जरी में अत्याधुनिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। फोर्टिस कांगड़ा के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गुरनिक सिंह ने बताया कि आम धारणा के अनुसार उम्रदराज व्यक्तियों के जोड़ों के दर्द को अर्थराइटस मानकर अनदेखी की जाती है, जबकि असलियत यह है कि अर्थराइटस के सौ से अधिक प्रकार हैं।



डॉ. गुरनिक सिंह के अनुसार घुटनों में दर्द 'रिएक्शन' (जलन) से होता है और ऑर्थराइटस से जोड़ों में क्षति पहुंचती है। इसका इलाज फिजियॉथैरेपी और दवाइयों से संभव है, लेकिन यदि ऑर्थराइटस से जोड़ों को क्षति पहुंचती है, तो उसका इलाज दवाइयों से संभव न होकर केवल घुटनों का प्रत्यारोपण ही है। डॉ. गुरनिक ने बताया कि घुटनों की प्रत्यारोपण सर्जरी में तकरीबन दो से तीन घंटे लगते हैं। हालांकि यह घुटनों में ऑर्थराइटस की गहनता पर भी निर्भर करता है।

फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में फ्रैक्चर फिक्षेसन ऑर्थोस्कॉपी, लिगामेंट इंजरी, गठिया का इलाज, रीढ़ की हड्डी, डिस्क की सर्जरी, हाथों व पैरों के टेढ़ेपन का इलाज एवं किसी भी प्रकार के फ्रैक्चर के सफल ऑपरेशन उपलब्ध हैं। (अनंत ज्ञान)

# प्रताप चंद प्रधान, दिनेश चुने वरिष्ठ उपप्रधान

## भेड़ू नागनी में कबीरपंथी समाज सुधार सभा का चुनाव संपन्न

**राकेश डोगरा, डरोह**

कबीरपंथी समाज सुधार सभा जिला कांगड़ा की सभी तहसीलों के चुनाव के उपरांत जिला स्तरीय चुनाव सद्गुरु कबीर आश्रम भेड़ू नागनी में संपन्न हुआ। यह चुनाव मुख्य पर्यवेक्षक देवराज शांडिल (ऊना) राज्य महामंत्री तथा सह पर्यवेक्षक किशन चंद (सेवानिवृत्त एएसपी) की देखरेख में हुआ। इस चुनाव में पालमपुर से प्रताप चंद कौशल को सर्वसम्मति से प्रधान, जयसिंहपुर से दिनेश कुमार को वरिष्ठ उपप्रधान, भवारना से अनिता कौशल व बैजनाथ से रोशन लाल को संयुक्त



रूप से उपप्रधान, शाहपुर से संदीप कुमार को सचिव, जालग से मनमोहन सिंह को कोषाध्यक्ष, पालमपुर से राजेश कुमार को संगठन सचिव, पालमपुर से डॉ. नरोत्तम कौशल को प्रेस सचिव, डॉ. धनी राम पालमपुरी को मुख्य सलाहकार, राजपुर से सुनीता कुमारी को सलाहकार, चौकी से मास्टर प्रताप चंद, बैजनाथ से मस्त राम, पपरोला से ओमप्रकाश, राजपुर से राधेश्याम, दुनी चंद, कैप्टन धर्मवीर डोगरा, डॉ. जोगिंदर पाल, कै. सुरजीत सिंह,व बलवीर सिंह बैजनाथ को राज्य प्रतिनिधि चुना गया। (अनंत ज्ञान)

### एयरपोर्ट की सुनवाई अब 30 अगस्त को

**अनंत ज्ञान, गगल।** एयरपोर्ट



विस्तारीकरण के विरोध में याचिका पर अब अगली सुनवाई 30 अगस्त को होगी, जिसकी जानकारी याचिका दायर करता गांव इच्छी के निवासी हंसराज चौधरी ने सोमवार को यहां दी। उन्होंने कहा के यह हाल में ही हुई सुनवाई 26 जुलाई को थी उसके बाद अब यह 30 अगस्त को रखी गई है।

# क्रशर पर काम करने वाले व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मौत

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

थाना डमटाल के अंतर्गत आते गांव टिप्परी में एक क्रशर उद्योग पर काम करने वाले एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस संबंधी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी डमटाल ने बताया कि सुबह थाना में सूचना मिली की टिप्परी के समीप खड्डु में एक व्यक्ति मृत पड़ा है, जिस पर तुरंत कार्यवाही करते पुलिस मोका पर पहुंची और लाश को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की तो सामने आया की मृतक नजदीकी क्रशर पर काम करता है व नशे का आदी था। उसके शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं है जिससे प्रतीत हो रहा है कि अधिक नशा करने से इसकी मौत हुई है। वहीं तफ्तीश में उसका नाम अशोक कुमार उर्फ दानू आयु 40 साल के करीब है। किंतु इसका कोई स्थाई पता नहीं है इसलिए शव को पोस्टमार्टम करने के बाद 72 घंटे के लिए सिविल अस्पताल नूरपुर में रखा गया है।अगर कोई इसको जानता है या परिवार के बारे जानकारी रखता है तो थाना डमटाल में सूचित कर सकता है।

### नरवाना में रक्तदान शिविर का आयोजन

**नरेश धीमान, योल।** कृष्णा सिमरन फाउंडेशन योल ने सोमवार को नरवाना बाजार के शिव मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। चेयरमैन विनय वालिया ने बताया कि पहली मर्तबा लगाए गए शिविर में बारह यूनिट रक्त ही एकत्र किया गया। हमारा प्रयास रहेगा कि अगले शिविर में रक्तदाताओं की संख्या बढ़े।



भगवान बुद्धा चैरिटेबल ब्लड सेंटर घुरकड़ी की टीम द्वारा रक्त इकट्ठा किया।

# पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे करते हैं मदद : एसके पुंज

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी कॉलेज में जी-20 सिटीजन अवेयरनेस समिति पठानकोट ने पौधरोपण किया। ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज और एमडी कंवर पुषार पुंज ने जी-20 सिटीजन अवेयरनेस समिति का साई कॉलेज आने पर दिल से स्वागत किया। एसके पुंज ने कहा कि पौधरोपण के महत्व पर समय-समय पर जोर दिया गया है। पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण की वजह से पौधरोपण की आवश्यकता इन दिनों अधिक हो गई है।

पौधरोपण से तात्पर्य वृक्षों के विकास के लिए पौधों को लगाना और हरियाली को फैलाना है कि अगर पेड़ वाईफाई सिग्नल देते तो हम कितने सारे पेड़ लगाते, शायद हम ग्रह को बचाते। बहुत दुख की बात है कि वे केवल ऑक्सीजन का सृजन करते हैं। कितना दुखद है कि हम प्रौद्योगिकी के इतने आदी हो गए हैं कि हम अपने पर्यावरण पर होने वाले हानिकारक प्रभावों की अनदेखी करते हैं। न केवल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल प्रकृति को नष्ट कर रहा है, बल्कि यह हमें उससे अलग भी कर रहा है। अगर हम वास्तव में जीवित रहना चाहते हैं और अच्छे जीवनयापन करना चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने चाहिए। जितने हरे-भरे पेड़ होंगे, उतना अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन होगा। (अनंत ज्ञान)



बधानी कॉलेज में पौधरोपण करते हुए।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स, सीडीपीओ सुपरवाइजर ने डीसी के माध्यम से सीएम को भेजा मांग पत्र

**पठानकोट।** सीडीपीओ, सुपरवाइजर तथा आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन का एक शिष्टमंडल डीसी पठानकोट आदित्य उप्पल से मिला तथा एक मांग पत्र दिया गया द्य इस संबंधी जानकारी देते हुए सीडीपीओ वरिंदर सिंह गिल ने बताया 26 जुलाई को रईआ के सीडीपीओ विक्रमजीत सिंह को बिना किसी कारण के सस्पेंड कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी में आने वाला कुछ सामान जो खाने योग्य नहीं था उसे संबंधी सीडीपीओ विक्रमजीत सिंह ने रिपोर्ट बनाकर विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजी थी, जिस पर राशन सामग्री बनाने वाली फॉर्म के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय उच्च अधिकारियों द्वारा सीडीपीओ को ही सस्पेंड कर दिया गया, जो कि एक निंदा योग्य कार्य है। उन्होंने कहा कि जो सामान आंगनबाड़ी में छोटे बच्चों, गर्भवती औरतों के लिए आता है अगर वह सामान सही नहीं है तो उसे बच्चों, गर्भवती औरतों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री से मांग की है कि जिन अधिकारियों की मिलीभगत से यह गलत राशन उठाया जाता है, उनकी उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए।

# टेट फीस में बढ़ोतरी करने से प्रशिक्षु छात्र नाराज : जगदीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड ने टेट परीक्षा की फीस में बढ़ोतरी की है, जिस पर प्रदेश के जेबीटी वा बी एड प्रशिक्षु काफी नाराज है। फीस बढ़ोतरी पर जेबीटी व डी एल एड प्रशिक्षित बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश परयाल ने बताया कि इस प्रकार अचानक टेट की फीस दोगुनी करना छात्र हित में नही हैं। जहां उन्हें पहले 500 या 800 फीस देनी पड़ती थी, अब 1000 और 1600 रुपए कर दी गई है । इस से प्रदेश के प्रशिक्षु आर्थिक रूप के साथ साथ मानसिक रूप से भी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि 4-5 वर्षों से जेबीटी भर्ती कमिश्नन के माध्यम से नहीं हुई है । पिछली बार 2019 में ही जेबीटी कमिश्नन हुआ है, उसके बाद कोई भर्ती कमिश्नन के माध्यम से



नहीं हुई, जिसकी वजह से प्रदेश के युवा मानसिक रूप से बहुत परेशान हैं, उस पर यह अचानक टेट फीस में बढ़ोतरी करना उनके जले पर नमक छिड़कने जेसा हो गया है। जगदीश परयाल ने कहा कि अगर सरकार आर्थिक रूप से कमजोर है तो इसका बोझ प्रदेश के बेरोजगारों के कंधों पर न डाले इसका समाधान निकाले और जल्द ही कमिश्नन के माध्यम से भर्ती करवाना शुरू करे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रिट उपरली
### विकास खंड नूरपुर , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

पंचायत बैठक में अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव रखा व सर्वसम्मति से पारित किया गया कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रिट उपरली के अंतर्गत समय समय पर सामग्री की वित्त वर्ष 2024-25 में विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए निविदाएं आमंत्रित करती हैं। जिसके लिए प्रतिष्ठित/अधिकृत विक्रेताओं/सप्लायर से दिनांकः 07/08/2024 तक पूर्ण रूप से भरी हुई अपनी निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा पंचायत कार्यालय रिट उपरली में भेज सकते हैं। निविदाएं दिनांक 08/08/2024 को 12.00 बजे निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों व कमेटी सदस्यों के समक्ष खोली जाएंगी।

**सामग्री का विवरण:-** 1 रेता (क्रैशर) प्रति क्युविक मीटर, 2. बजरी (क्रैशर) 10,20,40 एमएम प्रति क्युविक मीटर, 3. सोलिंग 60एमएम/बोल्डर पत्थर प्रति क्युविक मीटर, 4. ईंट प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी प्रति हजार, 5. जेसीबी (कटिंग एवं डिगिंग) प्रति घंटा, 6. शटरिंग लकड़ी व स्टील प्रति वर्ग फुट, 7. इंटरलॉक टायल (केवल आईएसआई मार्क) 40,60,80 एमएम प्रति टायल (लोडिंग एवं अनलोडिंग सहित) 8. पानी का टैंक (प्रति दिन) 3000 लीटर, 9. मिक्सर मशीन तेल सहित प्रति दिन ,10. सीमेंट किराया सिविल सप्लाई नूरपुर से कार्यस्थल तक (प्रति सीमेंट बैग लोडिंग व अनलोडिंग सहित) 11. सरिया 8,10,12,16 एमएम प्रति किलोग्राम, 12. आरसीसी साईन बोर्ड (साईज 3*2, 4*3) पेंटिंग एवं लिखाई सहित, 13. सीमेंटड बैंच प्रति बैंच, 14. वाटर कूलर 40,60,80 लीटर कंप्लीट इंस्टालेशन, 15. पीवीसी व ह्यूम पाईपस (सभी साईज) 16. एल्युमीनियम एवं लकड़ी के दरबाजे व खिड़कियां प्रति फुट, 17. रेडीमेट आरसीसी सोकपिट/सेप्टिक टैंक प्रति टैंक।

**शर्तेः-** 1. निविदादाता के पास अपनी पंजीकरण पैन संख्या जीएसटी नं. होना अनिवार्य है। 2. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की सर्टीफिकेशन के अनुरूप होगी। 3. समस्त दरें जीएसटी+एफओआर सहित लिखी जाएं। 4. कटिंग व ओवर साईटिंग वाली निविदा मान्य नहीं होगी। 5. सप्लायर द्वारा समय पर सामग्री नहीं दी जाती है या सामग्री की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती है, तो कार्यालय द्वारा उस निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा। 6. पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से संबंधित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होगी। 7. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्र में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की आपूर्ति देय नहीं होगी। 8. बिल/सामग्री की अदायगी कार्य पूर्ण होने पर संबंधित जे.ई. व तकनीकी सहायक द्वारा कार्य का मूल्यांकन करने व माप पुस्तिका के आधार पर की जाएगी। 9. सप्लायर यदि सामग्री आपूर्ति नियमानुसार नहीं कर पाता है, तो उसकी गत समय में की गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 10. सबसे कम दर वाली निविदा को ही स्वीकृति दी जाएगी व निविदा को स्वीकृत व रद्द करने का अधिकार पंचायत का होगा। 11. पारित निविदादाता को मु. 30000/- तीस हजार रूपए (चेक, बैंक ड्राफ्ट एफडी) धरोहर राशि के रूप में तीन दिन के भीतर-भीतर पंचायत के पास जमा करवाना अनिवार्य होगा, राशि जमा न करवाने की दशा में पारित निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार पंचायत के पास होगा। 12. पारित निविदादाता को एक्स व डब्ल्यू फार्म सामग्री की पूर्ति के साथ देना अनिवार्य होगा। 13. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समय पर नहीं कर पाता है तो आगामी बोलीदाता को आपूर्ति आदेश दे दिया जाएगा। 14. किसी भी निविदा किसी भी क्षण बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने व समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 15. निविदा के साथ आईएसआई सर्टीफिकेट व बैंक अकाऊंट की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत रिट उपरली**
**विकास खंड नूरपुर , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

# नगर परिषद सुजानपुर को मिला नया अध्यक्ष, उपाध्यक्ष

## मतदान प्रक्रिया के तहत शकुंतला देवी अध्यक्ष और मनीष गुप्ता उपाध्यक्ष निर्वाचित, दोनों जीतने वाले उम्मीदवारों को 9 में से 5 मत पड़े

**ए कुमार, सुजानपुर**

नगर परिषद सुजानपुर को नया अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मिल गया है। वार्ड नंबर 2 की पार्षद शकुंतला देवी, अध्यक्ष और वार्ड नंबर 9 के पार्षद मनीष गुप्ता नगर परिषद के उपाध्यक्ष निर्वाचित कर दिए गए।

सुजानपुर में भाजपा ने पार्षद शकुंतला देवी को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया था, जबकि कांग्रेस ने भाजपा में सेंध लगाते हुए भाजपा समर्थित पार्षद सुनीता देवी को अपना उम्मीदवार घोषित किया। उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस ने पार्षद मनोज ठाकुर को अपना उम्मीदवार बनाया। इसी पद के लिए कांग्रेस पार्षद मनीष गुप्ता ने भी अपना नामांकन भर दिया। इसके बाद वोटिंग करवाई गई, जिसमें भाजपा की अध्यक्ष की पद की उम्मीदवार शकुंतला देवी को 5 वोट पड़े, जबकि सुनीता देवी को 4 वोट पड़े। इस पर शकुंतला देवी को विजयी घोषित कर दिया गया। इसी तरह उपाध्यक्ष के पद के लिए हुए मतदान में मनीष गुप्ता को 5, जबकि मनोज ठाकुर को 4 वोट पड़े तथा मनीष गुप्ता को विजयी घोषित कर दिया गया।


नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ गणमान्य व अन्य।

बता दें कि नगर परिषद सुजानपुर में कुल 9 पार्षद हैं। लगभग 6 माह पूर्व अध्यक्ष सुनीता देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था तथा उन्हें उनके पद से हटा दिया गया था, जबकि लगभग एक माह पूर्व नगर परिषद उपप्रधान एवं वार्ड नंबर 7 के पार्षद पवन कुमार का निधन होने के चलते यह पद खाली हो गया था। सोमवार को अपनी गई मतदान प्रक्रिया में सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने भी भाग लिया, लेकिन अपने वोट के बावजूद वह अपने प्रत्याशियों को विजय नहीं दिला सके तथा एक रणनीति के तहत भाजपा अध्यक्ष पर झटकने में जहां कामयाब हो गई, वहीं उपाध्यक्ष पद पर अपना उम्मीदवार न उतार कर कांग्रेस के बागी उम्मीदवार को अपना समर्थन देकर उसे जीत दिला दी। नगर परिषद सुजानपुर में कांग्रेस समर्थकों का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनना तय था।

एक पार्षद के निधन के बाद नगर परिषद सुजानपुर में भाजपा और कांग्रेस समर्थकों की संख्या बराबर 4 पहुंच गई थी। वोटिंग में विधायक को भी भाग लेने के मिले अधिकार से कांग्रेस फ्रंट फुट पर थी। कांग्रेस के चार तथा विधायक का एक वोट के चलते उसके वोटो की संख्या 5 हो जानी थी तथा उसकी दोनों पदों पर जीत सुनिश्चित थी, लेकिन भाजपा ने और समय पर रणनीति बनाई और कांग्रेस के एक पार्षद को उपाध्यक्ष पद पर अपना समर्थन दे दिया, लेकिन कांग्रेस द्वारा भी भाजपा के एक पार्षद को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाए जाने से मामला बराबर पहुंच गया था। वोटिंग में दोनों पदों पर भाजपा को 5, जबकि कांग्रेस को 4 मत मिले जिससे कि कांग्रेस के दोनों प्रत्याशी हार गए।

### अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने प्रतिबद्धता दोहराई

उधर, नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को उनकी जीत पर भाजपा मंडल सुजानपुर ने बधाई दी है। सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रोफेसर विक्रम राणा ने कहा कि नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शकुंतला देवी और उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता सुजानपुर के विकास के लिए कार्य करेंगे।

### पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने दी बधाई

भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने नगर परिषद सुजानपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शकुंतला देवी, उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता को निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राणा ने कहा कि सुजानपुर के विकास के लिए दोनों मिलकर काम करेंगे, ऐसी मंगल कामना है। राणा ने कहा कि नगर परिषद अध्यक्ष उपाध्यक्ष पद पर पहले भी भाजपा का कब्जा था और आज एक बार पुनः भाजपा को जीत मिली है। नगर परिषद सुजानपुर में भाजपा 4 मतों के बावजूद जीती है जबकि कांग्रेस के पास चार पार्षद और एक विधायक का मत था और उन सभी ने अपने मत का प्रयोग किया, बावजूद इसके सुजानपुर कांग्रेस चारों खाने चित हुई। इस जीत के लिए तमाम सहयोगी पार्षद बधाई के पात्र हैं। उधर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, सांसद अनुराग ठाकुर, सुजानपुर भाजपा मंडल, सुजानपुर भाजपा शहरी इकाई तमाम मोर्चा प्रकोष्ठ के सदस्यों ने निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए 2 उम्मीदवार चुनाव मैदान में सामने आए जिसमें वार्ड नंबर 6 की पार्षद सुनीता देवी और वार्ड नंबर 2 की पार्षद शकुंतला देवी थी। वहीं, उपाध्यक्ष पद के लिए भी 2 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे जिसमें वार्ड नंबर 4 से मनोज कुमार और वार्ड नंबर 9 से मनीष गुप्ता रहे। मतदान प्रक्रिया के लिए 8 पार्षदों व स्थानीय विधायक ने अपने मत का प्रयोग किया, जिसमें अध्यक्ष पद की उम्मीदवार शकुंतला देवी को 5 मत और वार्ड नंबर 6 की सुनीता देवी को 4 मत पड़े। इसके बाद शकुंतला देवी को नपसुजानपुर का नया अध्यक्ष घोषित किया गया। इस तरह उपाध्यक्ष के लिए वार्ड नंबर 9 के पार्षद मनीष गुप्ता को 5 मत और वार्ड नंबर 4 के पार्षद मनोज कुमार को 4 मत पड़े जिसमें मनीष गुप्ता को नप का नया उपाध्यक्ष घोषित किया गया। (अनंत ज्ञान)

# न्यूज ब्रीफ

## भोरंज थाने में निर्मल ने संभाला एसएचओ का कार्यभार



**एसके शर्मा, जाहू।** पुलिस थाना भोरंज को नए थाना प्रभारी मिल गए हैं। ई. निर्मल सिंह ने थाना प्रभारी भोरंज का कार्यभार संभाल लिया है। नवनियुक्त एसएचओ भोरंज ई. निर्मल सिंह ने बताया कि इससे पहले वह थाना प्रभारी जोगिंद्र नगर जिला मंडी, थाना प्रभारी हमीरपुर सदर, सीआईडी हेडक्वार्टर शिमला के अलावा विजिलैंस हेडक्वार्टर शिमला में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि भोरंज में उनकी प्राथमिकता में नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करना रहेगा। इसके लिए स्थानीय लोगों के सहयोग की अति आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि नशे का अवैध कारोबार करने वालों की सूचना पुलिस को देने वाले का नाम पता पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि कस्बे लदरौर में खुलने वाली पुलिस चौकी के लिए अस्थायी तौर पर किराये का भवन तलाश कर शीघ्र ही पुलिस चौकी खोली जाएगी। बता दें कि भोरंज में सेवाएं दे रहे थाना प्रभारी योग राज चंदेल डीएसपी के पद पर पदोन्नत हो गए हैं।

## समुदाय की सहभागिता के लिए चलाया अभियान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शिक्षा विभाग द्वारा चलाए गए अभियान के अंतर्गत पूरे सप्ताह भर डाईट हमीरपुर गौना करौर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें टीएलएम, एफएलएन दिवस, खेल गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, डिजिटल कौशल विकास, जीवन कौशल पर्यावरण व पोषण के ऊपर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सप्ताह के अंतिम दिन समुदाय की सहभागिता बढ़ाने के लिए डाईट के प्रशिक्षुओं व अभिभावकों, अध्यापकों ने साथ लगते गांवों में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया तथा विशेषकर विद्याजंलि कार्यक्रम के बोर में जानकारी प्रदान की। सामुदायिक सहभागिता के जिला समन्वयक सुनील कुमार ने बताया कि विद्याजंलि एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम है, जिसमें जनसहभागिता बढ़ाने के लिए समय-समय पर विभिन्न तरह के प्रयास किए जाते रहे हैं। प्रधानाचार्य मदन बन्याल ने सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया।

## खेल मैदान के लिए 10 लाख स्वीकृत : कै. रणजीत



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** बीड बगेहड़ा में खेल मैदान के नवीनीकरण और सुंदर बनाने का कार्य किए जाने के लिए सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने 10 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। विधायक कै. रणजीत सिंह से खेल मैदान की बदहाल अवस्था होने के चलते उनसे युवा मिले थे, जिस पर विधायक ने तत्काल खेल मैदान के लिए उक्त धनराशि स्वीकृत की। युवाओं का कहना था कि उनके गांव में खेल मैदान तो हैं लेकिन खेलने लायक नहीं हैं। विधायक ने कहा कि जल्द यह कार्य शुरू भी किया जाएगा और ओर भी कई कार्य मैदान की सुंदरता के लिए किए जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं तथा अधिकांश का मौके पर ही निपटारा किया। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत चमियाना का दौरा किया। पंचायत के गांव झूलानी, कनेरड में जाकर जन समस्याएं सुनी और कुछ समस्यायों का मौके पर निपटारा किया।

## हिंद संग्राम परिषद ने 7 लोगों को दी मासिक पेंशन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिंद संग्राम परिषद हमीरपुर इकाई की बैठक कै. प्रेमचंद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें संस्था के उपाध्यक्ष भगवान दास, महासचिव रमण दास, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, सलाहकार रोशन लाल व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस मौके पर संस्था के महासचिव रमण कुमार ने संस्था में आए प्रार्थना पत्रों को बैठक में चर्चा के लिए रखा गया। संस्था में आए प्रार्थना पत्रों में से सिर्फ पांच प्रार्थना पत्रों को ही स्वीकार किया गया। इस मौके पर संस्था को आगे बढ़ाने के लिए भी विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में संस्था ने मीरा देवी गांव मतेड, डाकखाना वनाल तहसील सुजानपुर, जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश कि लड़की की शादी में 11000 रुपए कि आर्थिक सहायता प्रदान कि गई। इस मौके पर संस्था ने रीता देवी 800 रुपए, मीना देवी 800 रुपए, अशीष कुमार को 800 रुपए, रेखा देवी 800 रुपए, सुमना देवी 800 रुपए, वीरला देवी 800 रुपए, और सत्य देवी को 800 रुपए प्रदान किए । इस मौके पर संस्था के चेयरमैन कैप्टन प्रेम चंद ने संस्था जातिबाद व राजनीतिक से ऊपर उठकर कार्य कर रही है।

## सुनेश ने नेशनल किक बॉक्सिंग में जीते मेडल




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंचायत ख्याह के धनोटू से संबंध रखने वाले हवलदार सुनेश कुमार ने हिमाचल प्रदेश की टीम से खेलते हुए नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ब्रांज मेडल व सिल्वर मेडल जीतकर अपने क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। सुनेश कुमार मैच के दौरान चोटिल हो गए और उन्हें रेफरी ने खेलने की इजाजत नहीं दी नहीं तो वह गोल्ड मेडल जीत जाते। इस प्रतियोगिता में देश की 25 टीमों के करीब 1400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सुनेश कुमार ने बताया कि उनका चयन एशियन गेम्स और मिल्ट्री गेम्स के लिए भी हुआ है जो अक्तूबर में आयोजित की जाएगी।

## अंडर 19 खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए स्कूल चयनित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डिस्ट्रक स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर में आयोजित की गई। इस बैठक में अंडर 19 खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। यह खेलें कहां करवाई जाएंगी, इसके बारे में स्कूलों का चयन भी किया गया। उन्होंने बताया कि यह खेलें 20 अगस्त के बाद आयोजित की जाएंगी। डिस्टिक स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल ने बताया कि इस दौरान पदाधिकारियों और सदस्यों को भी नियुक्त किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य मुस्ताक मोहम्मद, तेज सिंह, रेणू कौशल, संदीप डडवाल, हेडमास्टर संगीता, डीपीई प्रदीप ठाकुर, डीपीई ललीता ठाकुर और पीईटी राकेश सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा प्रधानाचार्य विपन माहिल, राजेश शर्मा, डीपीई सुरजीत ठाकुर और पीइटी कमलेश को कोषाध्यक्ष, वहीं, डीपीई चमन लाल, डीपीई संजय खुशहाल, डीपीई संजय ठाकुर, डीपीई सैलेंद्र कुमार, डीपीई प्रवीन पठानिया, डीपीई अजय कुमार को सचिव बनाया गया है।

## 24वीं बार रक्तदान करने वाले सुनील का सम्मान



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन की ग्राम पंचायत चौडू के निवासी सुनील कौशल को रक्तदान शिविर में 24वीं बार रक्तदान करने पर इंकलाब संस्था रंगस द्वारा विशेष रूप से सम्मानित. किया गया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष पुनीत उप्पल ने कहा कि युवा वर्ग कं सुनील कौशल से प्रेरणा लेनी चाहिए जो कि रक्तदान शिविरों में रक्तदान करने के लिए बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। वहीं, सुनील कौशल ने युवा वर्ग से अपील की हैं कि आपके द्वारा दान की गई रक्त की एक बूंद किसी की जिंदगी बचाने के काम आ सकती है, इसलिए बढ़-चढ़कर भाग लें।

## सासन में अवैध निर्माण पर एक महिला को टीसीपी का नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम के अंतर्गत आने वाले हमीरपुर शहर के आसपास के क्षेत्रों में अवैध निर्माण और नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग के नियमों के उल्लंघन के मामलों पर विभाग की कड़ी नजर है।

इस तरह के मामले सामने आने पर विभाग तुरंत संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर रहा है। इसी क्रम में विभाग ने सासन मुहाल में नियमों के विपरीत किए जा रहे एक निर्माण कार्य का कड़ा संज्ञान लिया है तथा एक महिला को नोटिस जारी किया है। विभाग के मंडल कार्यालय हमीरपुर के योजना अधिकारी की ओर से जारी इस नोटिस में उक्त महिला को अवैध निर्माण को हटाने तथा संबंधित जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न करने पर हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# लड़के और लड़कियों की अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिताएं 4 अगस्त से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद 4 अगस्त से सरकारी स्कूलों में खेल गतिविधियां शुरू कर दी जाएंगी। इसके लिए प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय से अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिताओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके साथ खेलकूद गतिविधियां करवाने के लिए ऑफिसियल ड्यूटी भी अध्यापकों की लगा दी है। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि 4 अगस्त से ब्लॉक स्तर पर अंडर 14 लड़के और लड़कियों के टूर्नामेंट आयोजित किए जा रहे हैं, किस ब्लॉक के किस स्कूल में ये खेलें आयोजित की जाएंगी, इसके बारे में बैठक में चर्चा की गई थी।

उन्होंने बताया कि ब्लॉक हमीरपुर लड़के और लड़कियों की खेलें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाल्टी में 4 से 6 अगस्त तक, ब्लॉक सुजानपुर के लड़के और लड़कियों का टूर्नामेंट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पटलांदर में 4 से 6 अगस्त, टौणी देवी ब्लॉक के लड़के और लड़कियों की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बोहनी में 4 से 6 अगस्त, ब्लॉक भोरंज के लड़कों का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में 4 से 6 अगस्त, ब्लॉक बिझड़ी के लड़कों का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिझड़ी में 4 से 6 अगस्त व नादौन ब्लॉक के लड़कों का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चैडू में 4 से 6 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी।

**ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए अध्यापकों की लगाई ड्यूटी**

इसके अलावा अंडर-14 लड़कियों का टूर्नामेंट नादौन ब्लॉक का 8 से 10 अगस्त तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैल में, बिझड़ी ब्लॉक की लड़कियों का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धबीरी में 8 से 10 अगस्त, भोरंज ब्लॉक की लड़कियों का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़ैहर मे 8 से 10 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा लड़कों की मेजर एंड माइनर गेम्स के साथ बॉक्सिंग प्रतियोगिताएं 15 से 18 अगस्त तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेटा में आयोजित की जाएंगी, जिसमें कबड्डी, वॉलीबाल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केटबाल, हॉकी, फुटबाल, हैंडबाल, बॉक्सिंग खेले आयोजित की जाएंगी, जबकि लड़कियों की मेजर एंड माइनर खेलें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डिडवीं में 20 से 23 अगस्त तक जिसमें वॉलीबाल, कबड्डी, हैंडबाल, बास्केटबाल, हॉकी, खो-खो आयोजित की जाएंगी।

जिला स्तरीय एथलैटिक गेम्स लड़के और लड़कियों की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर में 25 से 27 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी, जिसमें रेसलिंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा स्टेट लेवल के कोचिंग कैंप भी हमीरपुर जिले में आयोजित किए जाएंगे।

### अभ्यर्थियों ने कल तक परिणाम न घोषित करने पर दी चेतावनी

# माता-पिता के साथ करेंगे राज्य चयन आयोग का घेराव


जेओए आईटी का परिणाम निकालने को लेकर 11वें दिन पहुंची भूख-हड़ताल।

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रदेशभर से जेओए आईटी पोस्ट कोड 817 के अभ्यर्थी राज्य चयन आयोग के सामने परीक्षा परिणाम घोषित करने को लेकर क्रमिक अनशन कर रहे हैं, लेकिन अभी तक परिणाम घोषित नहीं किया गया है।

अभ्यर्थियों का कहना है कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि 7 जुलाई को परिणाम घोषित कर दिया जाएगा, लेकिन बावजूद इसके अभी तक राज्य चयन आयोग द्वारा कोई परिणाम घोषित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने फिर से बयान जारी किया है कि पोस्ट कोड 817 का परिणाम शीघ्र घोषित कर दिया जाएगा। जेओए आईटी के सभी अभ्यर्थी मुख्यमंत्री के इस बयान का सम्मान करते हैं, लेकिन राज्य चयन आयोग द्वारा परिणाम घोषित न करने से अभ्यर्थियों में आक्रोश बढ़ रहा है। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी कि 31 जुलाई तक परिणाम घोषित नहीं किया जाता है तो प्रदेश भर से अभ्यर्थी अपने माता पिता सहित राज्य चयन आयोग का घेराव करेंगे।

प्रदेश भर से 5600 अभ्यर्थी पिछले चार वर्ष से परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि पोस्ट कोड के तहत प्रदेश के विभिन्न विभागों में जेओए आईटी के 1855 पद भरे जाएंगे। अभ्यर्थियों का कहना है कि पिछले 11 दिनों से परिणाम घोषित न करने को लेकर क्रमिक अनशन कर रहे हैं और जब तक परिणाम घोषित नहीं किया जाता हमारा क्रमिक अनशन जारी रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# छुट्टियों के बाद आज 9 बजे से खुलेंगे स्कूल, लौटेगी रौनक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद मंगलवार को फिर से स्कूल खुल रहे हैं। छुट्टियों से पहले गर्मी अधिक होने की वजह से बच्चों के स्कूल आने में समय परिवर्तन किया गया था, लेकिन अब सभी स्कूल 9 से 3 बजे तक खुलेंगे। इसी के साथ शैक्षणिक गतिविधियां शुरू हो जाएंगी।

छुट्टियों के दौरान उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल व निरीक्षण विंग के उपनिदेशक नवीन शर्मा ने विभिन्न सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूलों में पाई जाने वाली कमियों को दूर करने के निर्देश भी दिए गए। सरकारी स्कूलों के स्टाफ को निर्देश दिए गए थे कि स्कूलों में साफ सफाई की जानी चाहिए व पानी की टंकियां की सफाई भी स्कूल लगने से पहले हो जानी चाहिए।



**सरकारी स्कूलों में सफाई नहीं हुई तो होगी कार्रवाई**

बरसात के दिनों में पानी की टंकियों में ज्यादा दिन तक रहने से खराब हो जाता है। ऐसे में पानी की टंकियों की सफाई करना आवश्यक है जिससे बच्चे बीमार न हों। उन्होंने बताया कि यदि स्कूल में पानी की टंकियां या अन्य सफाई नहीं की होगी तो स्टाफ पर कार्रवाई की जाएगी। उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल ने बताया कि सभी स्कूलों को सफाई व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए हैं। विशेषकर पानी की टंकियों की साफ-सफाई अवश्य करें।

वहीं, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से सरकारी स्कूलों को साफ-सफाई, सभी कमरों की सफाई, मिड-डे मील कमरों की सफाई और पानी की टंकियों की सफाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन स्कूलों में सफाई व्यवस्था नहीं की होगी, उन स्कूलों का हमारी टीम भी निरीक्षण करेगी।

## शिवरात्रि के दिन भगवान शिव लिंग के रूप में हुए थे प्रकट



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** सावन मास के दूसरे सोमवार को उपमंडल नादौन के प्रसिद्ध धार्मिक एवं प्राचीनत्तम शिव मंदिर बिल्वकलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में सुबह से ही लोगों की पूजा-अर्चना के लिए भीड़ देखने को मिली। खराब मौसम के कारण भी लोगों की भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था दिख रही थी। वहीं, इस धार्मिक स्थल में चल रहे शिव कथा प्रसंग के दौरान कथा पंडित अनुज अंगिरस शर्मा ने बताया की शिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा इसलिए की जाती है, क्योंकि उस दिन भगवान शिव लिंग के रूप में प्रकट हुए थे। उन्होंने कहा कि शिव भक्त सावन मास में पार्थिव शिवलिंग का पूजन करें। ऐसा करने से कोटि-कोटि फल की प्राप्ति होती है।

## भोरंज महाविद्यालय में एमए की कक्षा में छात्रों के लिए प्रवेश शुरू

**अनंत ज्ञान, जाहू।** जाहू राजकीय महाविद्यालय भोरंज में पीजी अंग्रेजी, हिंदी व राजनीति शास्त्र में प्रवेश शुरू हो गया है, जो भी छात्र-छात्रा दल विषयों में प्रवेश लेना चाहते हैं, उन्हें महाविद्यालय परिसर में ऑफलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने का अंतिम तिथि 31 जुलाई है। महाविद्यालय के प्रधनाचार्य डॉ. विजय ठाकुर ने बताया कि इन विषयों में प्रवेश मेरिट के अधार पर होगा। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को अपने सभी दस्तावजे साथ लाकर आवेदन करना होगा। अन्तिम तिथि के बाद आवेदन फार्म के आधार पर मेरिट बनाई जाएगी, के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। पीजीडीसीए में प्रवेश के लिए भी प्रकिया शुरू है।

## चौडू की महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर सीखेंगी खिलौने बनाना

**अनंत ज्ञान, नादौन।** ग्रामीण महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने के लिए पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर की ओर से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नादौन उपमंडल के गांव चौडू में भी स्थानीय महिलाओं के लिए एक प्रशिक्षण शिविर सोमवार से आरंभ हो गया। इस शिविर में महिलाओं को खिलौने बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। शिविर के शुभारंभ अवसर पर आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने महिलाओं को उद्यमिता और बैंकिंग योजनाओं के संबंध में जानकारियां प्रदान कीं। संस्थान के प्रशिक्षक संजय हरनोट ने भी महिलाओं का मार्गदर्शन किया।

## भोरंज में रोजगार मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विधानसभा सभा तहसील हेडक्वार्टर बस्सी में होटल सन स्काई में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। बेरोजगार युवाओं के प्रति संवेदनशील सोच को लेकर इस रोजगार मेले का आयोजन कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस प्रदेश चेयरमैन व सचिव हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजीव राणा द्वारा किया गया। भोरंज में रोजगार मेला के माध्यम से लगभग 20 प्रतिष्ठित कंपनी भाग ले रही है, जिसमें लगभग 250 युवाओं को रोजगार का अवसर मिला । राणा ने यह भी कहा कि ये भोरंज के युवाओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता के चलते उनके लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है और आने वाले समय में इस प्रकार के रोज़गार के अवसर और उपलब्ध किए जाएंगे।

## योजनाएं को बंद करना हिमाचल की जनता के साथ भद्दा मजाक : शर्मा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के प्राइवेट अस्पतालों में हिमकेयर कार्ड को बंद करने के निर्णय पर निराशा प्रकट करते हुए इसे जनहित के खिलाफ कांग्रेस का एक और तुगलकी फरमान बताया है। देशराज शर्मा ने कहा कि 19 महीने की इस सरकार की अपनी तो कोई उपलब्धि है नहीं, साथ ही भाजपा के अच्छे कामों पर तालाबंदी कर कांग्रेस जनता के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है। हिमकेयर योजना को कांग्रेस सरकार ने निजी अस्पतालों के लिए बंद करने का तुगलकी फैसला लिया है। यह निर्णय हिमाचल की जनता के साथ भद्दा मजाक है, जिसकी जितनी भर्त्सना की जाए कम है।

## सुरक्षित भवन निर्माण पर जागरूकता के लिए चलेगा अभियान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

आम लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण के प्रति जागरूक करने के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) पहली अक्तूबर से विभिन्न जिलों की डीडीएमए के माध्यम से एक व्यापक जागरूकता अभियान शुरू करने जा रही है।

एसडीएमए के 'समर्थ' कार्यक्रम के तहत आयोजित किए जाने वाले इस अभियान के दौरान जिला हमीरपुर में भी लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया जाएगा। इस संबंध में एसडीएमए ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में एसडीएमए के निदेशक एवं विशेष सचिव डीसी राणा ने जागरूकता अभियान की रूपरेखा को लेकर जिला हमीरपुर के संबंधित अधिकारियों के साथ भी चर्चा की तथा उनके महत्वपूर्ण सुझाव लिए।

इस अवसर पर डीडीएमए हमीरपुर की ओर से जिला राजस्व अधिकारी जसपाल सिंह ने जागरूकता अभियान की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2 अक्तूबर को आयोजित की जाने वाली ग्राम सभाओं में लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण की जानकारी देने के लिए संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके अलावा एसडीएमए की ओर से प्रकाशित किए जाने वाले पंफ्लेट्स और अन्य प्रचार सामग्री को जन-जन तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी।

एसडीएमए के निर्देशानुसार कला जत्थों के माध्यम से किए जाने वाले प्रचार-प्रसार में स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाएगा। इसके अलावा प्रिंट एंड इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से भी लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, डीडीएमए और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।

**समस्या** मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में एक माह से नहीं हो रहे थायराइड के टेस्ट

# मरीजों को दोगुना खर्च कर बाहर से करवाना पड़ा रहा टेस्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की लैब में एक माह से थायराइड की मशीन खराब पड़ी हुई है। इस वजह से मरीज अपना थायरायड का टेस्ट अस्पताल के अंदर नहीं करवा पा रहे हैं। अस्पताल के अंदर थायराइड का टेस्ट मात्र 200 रुपए का है और बाहर की लैबोरेटरी में यह टेसट 400 से 500 रुपए में हो रहा है, ऐसे में मरीजों को दोगुना खर्चा करना पड़ रहा है।

वहीं, मशीन में आई खराबी के बारे में उच्चाधिकारियों को भी अवगत करवा दिया गया है। हालांकि सूत्रों की मानें तो पिछले एक माह से हालात ऐसे ही बने हुए हैं। लोग थायरायड का टेस्ट करवाने के लिए मेडिकल कॉलेज में आते हैं, लेकिन यह कहकर उनका टेस्ट नहीं किया जाता कि मशीन में कोई तकनीकी खराबी हो गई है, इसलिए टेस्ट नहीं हो पाएगा।



मशीन में आई तकनीकी खराबी से एक माह से परेशानी झेल रहे मरीज और तीमारदार।

मेडिकल कॉलेज में रोजाना 1000 से 1200 से अधिक की ओपीडी होती है। सरकारी अस्पताल के अंदर लैबोरेटरी में मशीन खराब हो चुकी है। इस वजह से अस्पताल के अंदर थायरायड का टेस्ट नहीं हो पा रहा, जिस वजह से मरीजों को बाहरी लैब के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। बाहरी लैब में अधिक आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

### जल्द होगा समाधान : डॉ. रमेश

वहीं, प्रिंसिपल डॉक्टर रमेश भारती का कहना है कि थायरायड टेस्ट करने वाली मशीन में कोई तकनीकी समस्या आई है। समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बहुत जल्द समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## सुमित कुमार ने ली बीडीसी उपाध्यक्ष पद की शपथ



**अनंत ज्ञान, ऊना।** सुमित कुमार ने पंचायतीराज समिति ऊना के उपाध्यक्ष के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। सोमवार को एसडीएम कार्यालय ऊना में आयोजित हुए शपथ समारोह कार्यक्रम में एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने सुमित कुमार शर्मा को बीडीसी उपाध्यक्ष ऊना के पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा और पूर्व विधायक ऊना सतपाल सिंह रायजादा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बीडीसी उपाध्यक्ष सुमित कुमार ने पूरी लगन, जिम्मेदारी व कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई ताकि पंचायतीराज समिति के अधीनस्थ क्षेत्रों के विकास को और गति मिल सके।

# सदा शिव में लगा शिवभक्तों का मेला

## कतारबद्ध भक्तों ने शिवलिंग का किया रुद्राभिषेक, जल चढ़ाकर भोलेनाथ से लिया आशीर्वाद

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के धौमेश्वर महादेव मंदिर तलमेहड़ा में सावन मास के दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु कतार में शिवलिंग पर जल चढ़ाते रहे और भोलेनाथ का आशीर्वाद लेते रहे। मंदिर परिसर में पार्किंग की व्यवस्था अलग से की गई थी, ताकि जाम की स्थिति न बने और श्रद्धालुओं के लिए मुख्य गेट से लेकर मंदिर तक आराम की स्थिति में दर्शन हों। इसकी विशेष व्यवस्था की गई थी।

ज्ञात रहे सावन मास के उपलक्ष्य पर सदाशिव एमएनडीआरए दूर-दूर से श्रद्धालु मंदिर आकर शिवलिंग पर रुद्राभिषेक करते हैं और जल चढ़ाकर भगवान का आशीर्वाद पाते है। वही मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सारी व्यवस्थाएं की गई हैं और विकलांगों के लिए लिफ्ट की विशेष व्यावस्था की गई हैं ताकि अपंग बिकलांग बुजुर्ग लिफ्ट के माध्यम से आराम से मंदिर परिसर जाकर भगवान का आशीर्वाद पा सकें। रविवार रात 12 बजे से ही श्रद्धालु मंदिर में जल चढ़ाने के लिए कतार बद खड़े हो गए थे।

कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि सावन मास को लेकर सदाशिव मंदिर 24 घंटे खुला रखने का कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया है।सुबह छः बजे से रात 12 बजे तक लंगर की व्यवस्था है और 12 बजे पूर्ण रूप से लंगर बंद हो जाता है। (अनंत ज्ञान)



सदाशिव मंदिर में अजय ठाकुर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के साथ

### सदाशिव में व्यवस्थाएं नंबर वन : अजय ठाकुर

**राज्य** हयूमन राइट विंग के प्रदेश अध्यक्ष अजय ठाकुर ने कहा कि वैसे यो राज्य में बहुत ज्यादा धार्मिक स्थल हैं। हर जगह कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को हर सुविधाएं दी जाती हैं, लेकिन सदाशिव मंदिर खेती द्वारा जो व्यावस्थाएं की गई हैं। वे सूमूचे प्रदेश में पहले स्थान पर हैं। पहाड़ी के सबसे ऊंचे टीले और एकांत पर सदा शिव मंदिर और कमेटी द्वारा मंदिर का विकास और संचालन वास्तव में सुंदरता को चार चांद लगा रहा है।

### उपायुक्त ने बनौड़े महादेव में नवाया शीश



**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने सोमवार को बनौड़े महादेव ऊना में पूजा-अर्चना कर शीश नवाया और क्षेत्रवासियों के सुखमय और खुशहाल जीवन की मंगल कामना की। इस मौके पर बनौड़े महादेव कमेटी ने उपायुक्त ऊना को शिव भगवान का चित्र और चुनरी देकर सम्मानित किया। इस दौरान उपायुक्त ने बनौड़े महादेव ऊना परिसर में पौधरोपण भी किया। उन्होंने कहा कि कहा कि पर्यावरण हमारा साझा संसाधन है। हम सब लोग इससे जीवन का निर्वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारी प्रकृति व जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और पर्यावरण सरंक्षण में इनका अमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा अगर हमें जल और गहराते पर्यावरण संकट से निजात पाना है तो पौधरोपण करना अत्यंत जरूरी है। इस मौके पर पीसीसी हिमाचल के सचिव संजीव सैणी, भूपिंद्र ठाकुर, विजय धीमान, परीक्षित ठाकुर सहित मंदिर कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# बिना बिल आभूषण ले जाने पर वसूला 2 .81 लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान, ऊना**





**राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने की कार्रवाई**

राज्य कर एवं आबकारी विभाग ऊना ने विभागीय नाका गगरेट तथा इसके साथ लगते क्षेत्र में गत दिनों विशेष चेकिंग के दौरान विभिन्न वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन मामलों में बिना बिल के सवर्ण आभूषण और बिस्किट पाए जाने पर जीएसटी अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की गई। यह जानकारी उप आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी विभाग ऊना विनोद सिंह डोगरा ने दी।

उन्होंने बताया कि पकड़े गए पकड़े गए मामलों में सोने की कुल मात्रा 664 ग्राम है, जिसका कुल मूल्य 46 लाख 12 हजार 400 रुपए बनता है। विभाग की ओर से कड़ी कार्रवाई करते हुए 2 लाख 81 हजार 470 रुपए का अर्थदंड लगाया गया, जोकि मौके पर ही वसूला गया। निरीक्षण के दौरान एएसटीइओ नरेंदर पठानिया, सहायक बाल कृष्ण और चालक जतिंदर सिंह शामिल रहे। विनोद डोगरा ने बताया कि विभाग प्रदेश के बाहर से लाए जाने वाले सामान पर कड़ी नज़र रखे हुए है। उन्होंने बताया कि जीएसटी अधिनियम की धारा 30 के तहत 200 रुपए से अधिक मूल्य की वस्तुओं की बिक्री पर बिल जारी करना अनिवार्य है तथा 50 हजार रूपये से अधिक मूल्य के सामान परिवहन करने पर ई-बिल अनिवार्य है।

विभाग द्वारा सभी प्रकार के व्यापारियों से आग्रह किया कि वे भविष्य में क्रय-विक्रय से संबंधित पूर्ण दस्तावेज जैसे कि मूल खरीद/बिक्री, ई-वे बिल सामान के परिवहन के साथ अवश्य रखें अन्यथा विभाग द्वार नियमानुसार कार्रवाई अमल में जाई जाएगी।

# अध्यापकों ने विधायक के समक्ष रखीं मांगें

## विवेक शर्मा ने मांगों को सीएम, डिप्टी सीएम व शिक्षा मंत्री के समक्ष उठाने का दिया आश्वासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ जिला ऊना का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा की अध्यक्षता में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा से एक शिष्टाचार भेंट के दौरान अपनी मांगों को लेकर मिला। संघ के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम उनकी जीत पर उनको हिमाचल प्रदेश साइंस मास्टर एसोसिएशन ऊना की तरफ से बधाई दी और साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा सत्र के शुरू में स्थानांतरण के लिए लिए गए निर्णय का स्वागत किया।

भेंट के दौरान ऊना जिले के विज्ञान अध्यापक संघ ने अध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा के नेतृत्व में अपनी मांगों का ज्ञापन कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा के समक्ष रखा। संघ के अध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा विधायक के समक्ष विज्ञान अध्यापकों के प्रेक्टिकल भत्ते को 150 से बढ़कर 1000 करने, रिटायर होने के बाद दोबारा नौकरी न देने, टीजीटी से लेक्चर ,टीजीटी से हेडमास्टर ओर हेडमास्टर से प्रिंसिपल की सूची को जल्द जारी करना, ट्रांसफर के लिए 30 किलोमीटर की से दूरी घटाकर 15 किलोमीटर करना, कॉन्ट्रेक्ट कर्मचारियों को डेट ऑफ ज्वॉइनिंग से सीनियरिटी देना और कॉन्ट्रेक्ट कर्मचारियों को सितंबर और मार्च में रेगुलर करने सहित अन्य मांगें रखीं। विधायक विवेक शर्मा ने उनकी मांगों को मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया।



विज्ञान अध्यापक संघ के पदाधिकारी विधायक विवेक शर्मा को ज्ञापन देते हुए।

# वीरेंद्र सिंह का डीसी ने 51 हजार रुपए का चेक देकर किया सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

इंगलैंड में आयोजित बधिर क्रिकेट टी-20 श्रृंखला में भारतीय टीम का नेतृत्व करने वाले ऊना जिले के अंब निवासी वीरेंद्र सिंह को उपायुक्त जतिन लाल ने 51 हजार रुपए का चेक भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हाल ही में इंगलैंड में आयोजित बधिर टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने 5-2 से सीरिज पर कब्जा करके देश को गौरवान्वित किया है, जो कि पूरे देश के साथ-साथ जिला ऊना के लिए भी गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि वीरेंद्र सिंह दिव्यांग व्यक्तियों के लिए प्रेरणादायक हैं। वीरेंद्र ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद इस मुकाम पर पहुंचकर देश व अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



उपायुक्त जतिन लाल वीरेंद्र सिंह को 51 हजार रुपए का चेक भेंट करते हुए।

# लोगों को बताया क्या होता है साइबर क्राइम

## टाउन हॉल ऊना में डिजिट साक्षरता जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

डिजिट साक्षरता को लेकर सोमवार को ऊना के टाउन हॉल में जागरूकता शिविर अयोजित किया गया। शिविर में लोगों को साइबर क्राइम, फेक न्यूज, विज्ञापन, सोशल मीडिया शिष्टाचार, ऑनलाइन सुरक्षा, ऑनलाइन बैंकिंग सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए डिजिट प्लेटफॉर्मों बारे विस्तारपूर्वक जानकारी एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने दी।

एसडीएम ने बताया कि वर्तमान समय में कंप्यूटर और मोबाइल का प्रयोग बढ़ता जा रहा है। प्रत्येक कार्य को सुगमता के साथ करने के लिए कंप्यूटर और ऑनलाइन सुविधा से जोड़ा जा रहा है। ऑनलाइन प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी के अभाव में लोग आय दिन साइबर क्राइम और डिजिट धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम लालच में आकर अपने निजी जानकारी दूसरों के साथ शेयर कर देते हैं जिस कारण दिन प्रतिदिन यह अपराध बढ़ता जा रहा है। इस अपराध को रोकने के लिए सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है कि जन-जन को साइबर क्राइम के बारे में संदेश दिया जाए और इससे बचने के सुझाव लोगों तक पहुंच जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग साइबर के बारे में जागरूक रहे और और इससे बचें। लोगों को साइबर क्राइम बारे जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम एक ऐसा अपराध है जिसमें कंप्यूटर या मोबाइल का उपयोग करके ऑनलाइन निजी जानकारी को प्राप्त करते हैं। उसका गलत इस्तेमाल करते हैं, उसी को साइबर क्राइम कहते हैं। इसके माध्यम से वह किसी भी यूजर की पर्सनल जानकारी, बैंक डिटेल, आधार डिटेल को चोरी करते हैं तथा उसके बाद साइबर क्राइम करते हैं।



# सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ने सलोह में किया टीकाकरण



बीसीजी टीकाकरण अभियान के तहत टीकाकरण करती टीम।

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम (प्रीति, मनीष, निहाल) ने डॉ. सुधि कौशल, डॉक्टर प्रदीप के नेतृत्व में गांव और पंचायत सलोह में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 70 लोगों की स्वास्थ जांच की गई तथाा 40 लोगों के टेस्ट किए गए। वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ने प्राथमिक उपचार केंद्र सलोह में बीसीजी टीकाकरण भी किया। मरीजों को उपचार एवं दवाइयों का वितरण भी नि:शुल्क किया गया ।

# 'एक गांव-एक पौधा' अभियान के तहत लगाया पौधा

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**

गगरेट क्षेत्र में 7 जून से पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जन-जन में जागरूकता व प्रकृति के प्रति मानवीय दायित्व को लेकर आमजन को जगाने को लेकर 'एक गांव-एक पौधा' व 'एक स्कूल-एक पौधा' अभियान किस तरह धीरे धीरे आमजनमानस के लिए प्रेरणा स्रोत बनकर प्रभाव दिखाने लगा है।

इसकी और आमजन की बढ़ती रविवार को उस समय सामने आया जब गोंदपुर बनेहड़ा प्राचीन तालाब के किनारे 'एक पौधा संतो के नाम' पौधे रोपित करके प्रबुद्ध वर्ग ने योग दान दिया। ध्यान देने योग्य है कि एक गांव एक पौधा अभियान का लक्ष्य आमजन को एक पौधा स्वयं लगाने व उसके सरंक्षण को सुनिश्चित बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है । वहीं एक गांव एक पौधा टीम द्वारा निरन्तर लोगों से पर्यावरण के लिए एक पौधा जरूर लगाने का आह्वान किया जा रहा है।



गोंदपुर बनेहड़ा में पौधा रोपते अभियान के सहयोगी।

## अब सामान्य समय सुबह 9 से शाम 3 बजे तक खुलेंगे स्कूल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले में गर्मी के भयंकर प्रकोप के समय में स्कूलों की समय-सारणी में किए गए परिवर्तन को अब वापस ले लिया गया है। जिला प्रशासन ने निर्णय लिया है कि 30 जुलाई से जिले के सभी सरकारी और निजी (प्रारंभिक, माध्यमिक, उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक) स्कूल अब सामान्य दिनचर्या के मुताबिक सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक खुलेंगे।

जिला दंडाधिकारी उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार, जिले में गर्मियों की छुट्टियों के बाद 30 जुलाई से सभी स्कूल सुबह 9 बजे खुलेंगे और शाम 3 बजे बंद होंगे।

# कुल्लू में गोहत्या का मामला छह प्रवासी किए गिरफ्तार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

**जम्मू-कश्मीर के हैं सभी आरोपी, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच**

जिला कुल्लू की गड़सा घाटी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। घाटी के तहत आने वाले माहून गांव पशु के प्रति क्रूरता व गोवध का मामला दर्ज हुआ है। इस घटना से गड़सा सहित पूरे जिले में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार आरोपी प्रवासी जम्मू-कश्मीर के रहने वाले हैं और यहां किराये के कमरे में रह रहे थे।

सोमवार को इस घटना की भनक के साथ ही माहून में दिनभर माहौल तनावपूर्ण रहा और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर छानबीन में जुटी रही। वहीं, हालात सामान्य रहे और माहौल न बिगड़े, इसको लेकर मौके पर दल-बल के साथ एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन भी मौके पर मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार जब गोहत्या की सूचना क्षेत्र में फैल गई तो उसके बाद यह आरोपी प्रवासी भागने की तैयारी में थे, लेकिन ग्रामीणों ने सतर्कता दिखाते हुए जंगल में इन्हें पकड़ लिया और मौके पर लाया गया।

उधर, पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस थाना भुंतर में सुजान सिंह पाल निवासी गांव माहुन जिला कुल्लू की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि सुजान सिंह पाल ने अपने बयान में कहा है कि इनके निर्माणाधीन मकान माहुन में जम्मू-कश्मीर राज्य के मजदूर का काम करने वाले 6 व्यक्ति जिनमें शकिल अहमद, खदान हुसैन, मुहम्मद असलम, आसिफ हुसैन व खादिम हुसैन व आरिफ हुसैन रह रहे हैं, जहां से गत दिन कुछ काटने की आवाज आ रही थी।

वे डर के कारण उनके कमरे में नहीं जा पाए। सोमवार को जब वह उनके कमरे में गए तो वहां पर मांस का टुकड़ा पाया गया। तब तक वे सभी किराएदार वहां से भाग गए। चार-पांच दिन पहले एक आवारा गाय व उसकी छोटी बछड़ी सड़क पर घुमते हुए नजर आये थे लेकिन सोमवार को गाय अकेली ही इधर-उधर घूम रही थी तथा बछड़ी कहीं भी नजर नहीं आ रही थी। ऐसे में उन्होंने शक के आधार पर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

# रोटरी क्लब ऊना ने रोगियों को बांटे फल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

रोटरी क्लब ऊना ने अन्नपूर्णा दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल ईसपुर में रोगियों को फल वितरित किए।

रोटरी क्लब के नवनिर्वाचित प्रधान डॉ. केआर आर्य ने कहा कि क्लब विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को लगातार आगे बढ़ा रहा है। अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट के तहत क्लब के सदस्यों ने रोटरी आयुर्वेदिक अस्पताल ईसपुर में 40 से अधिक रोगियों को फल आदि वितरित किए और उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने सभी रोगियों के स्वस्थ होने की भी कामना की। इस अवसर पर रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य एचएन चीटू, ठाकुर यशपाल सिंह, पूर्व प्रधान बलदेव चंद, आदि मौजूद रहे।



### सूडोकु 0011 (कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0010 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

30 जुलाई, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** दशमी: (4:46) : **नक्षत्र :** कृत्तिका (10:23), **पक्ष** : कृष्ण, **योग:** वृद्धि (3:54) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:54), **राहुकाल** (3:50 -5:31) ।

**विशेष दिन**

- 30 जुलाई 2024 : मंगला गौरी पूजा आज।
- 30 जुलाई, 2024 अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस आज।

**मेष:** आपका भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण आज के दिन कुछ बदल सकता है। किसी व्यक्ति को देख आपके मन में संवेदना, प्रेम और सद्भावना जन्म ले रही है।

**वृषभ:** आज आप ऐसे स्वार्थी व्यक्ति से टकरा सकते हैं, जो आपसे बार-बार फायदा उठाता रहा है। जहां तक हो सके, अपनी जमा पूंजी पर सही नियंत्रण रखें।

**मिथुन:** अपने कार्यस्थल में ट्रांसफर आपके लिए एक अच्छा मोड लेकर आ रहा है। एक बार लोगों मे मान प्रतिष्ठा बन जाने पर फिर आजीवन उसका सुख भोग भी मिलता रहता है।

**कर्क :**आजकल आपके पास अनेक प्रकार के लोग आश्रय लेने आ रहे हैं। इस वक्त आप अपने पूरे मान-सम्मान से सभी को आदर सत्कार की इच्छा पूरी कर दें।

**सिंह:** इस वक्त आपके लिए व्यवस्था और जीवन यापन के कई सवाल सामने रहेंगे। आप युवा हैं और अभी करियर के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो वहीं काम करने की चेष्टा करें।

**कन्या:**आज का दिन आपके कामकाज को सुधार लाने में विशेष योगदान दे रहा है। किसी जानकार मित्र की सलाह पर आप अपने बिगड़े हुए काम को ठीक कर सकते हैं।

**तुला:** जहां तक हो सके, अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का हल निकालें क्योंकि दूसरे का सहारा लेकर या शासन केवल कुछ कर लेने से अधिक दिनों तक प्रभाव कायम नहीं रहता और यह जरूरी भी नहीं है।

**वृश्चिक:** व्यापार व व्यवसाय की तरफ नजर रखना आपकी काम की पहली प्राथमिकता है। आज दोपहर तक आप अपना बिखरा हुआ कारोबार सही तरीके से समेट लें।

**धनु :** सभी काम भगवान के भरोसे रखकर नहीं चलना चाहिए। कुछ अपनी तरफ से भी हाथ पांव मारने जरूरी हैं।

**मकर:**आपके सभी कार्यों में शुरुआती दौर बहुत तेजी से आगे बढ़ता है और जब आप इसमें अपने फायदे का इंतजार करते हैं, तो आपके काम अटक जाते हैं।

**कुंभ:** आज जिस स्तर पर कार्यरत हैं, वहां पर चुप रहना ही अधिक कुशलता का सूचक है, लेकिन ऐसी जगह पर काफी लंबे समय तक काम करना किसी के लिए भी संभव नहीं है।

**मीन:** सुख आराम की इच्छा सभी की होती है, लेकिन यह तोहफा पहले कुछ परिश्रम करने से ही मिलता है। आप अपने जीवन में भाग्यशाली हैं। आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयमित सावधानी बरतें।

**अभियान** इंदु धीमान ने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना में अब तक 211 घरों को मंजूरी मिल चुकी है

# नगर पंचायत अंब के अस्तित्व को बचाने एक मंच पर उतरे पार्षद

**विवेक शर्मा, अंब**

नगर पंचायत अंब के तीन वर्ष पूर्ण होते ही कुछ लोगों की ओर से नगर पंचायत अंब से अपने वार्डों को बाहर करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। दूसरी तरफ नगर अध्यक्ष सहित पार्षद किसी भी सूरत में नगर पंचायत को टूटते हुए नहीं देखना चाहते हैं। एक तरफ कुछ लोग नगर पंचायत का दायरा कम करने के लिए दबाव बना रहे हैं, जबकि दूसरी ओर वर्तमान में चुने हुए सभी पार्षद नगर पंचायत का दायरा बरकरार रखने के पक्ष में हैं।

नगर पंचायत अंब के सभी वार्ड पार्षदों सहित बीते दिनों नगर पंचायत अंब अध्यक्ष इंदु धीमान ने इसके खिलाफ एसडीएम अंब और डीसी ऊना के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया था कि ये वार्ड नगर पंचायत के अभिन्न अंग हैं और इन वार्डों में सबसे ज्यादा विकास हुआ है। उपाध्यक्ष उपदेश कुमार ने बताया कि जो लोग नगर वासियों को झूठ बोल कर गुमराह कर रहे हैं, वे खुद प्रधानमंत्री आवास योजना में एक लाख 85 हजार रुपए के लाभ के साथ-साथ विभिन्न लाभ ले रहे हैं, जबकि दूसरे वार्ड वासियों को झूठ बोल कर सुविधाओं से वंचित रखने का काम किया जा रहा है। अध्यक्ष इंदु धीमान ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में अब तक 211 घरों को मंजूरी मिल चुकी है, जिसमें से 111 घर बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि बाकी घर निर्माणाधीन हैं, जिनकी किस्त लाभार्थियों को समय-समय पर मिल रही है।

इसके साथ-साथ 345 स्ट्रीट लाइटें लग चुकी हैं, जिसमें से 6 हाई मास्ट लाइट हैं, साथ ही 225 स्ट्रीट लाइटें प्रस्तावित हैं, जो जल्द ही विभिन्न वार्डों में लग जाएंगी। इसके साथ पूरे नगर पंचायत में 5 बॉयो शौचालय भी स्थापित किए गए हैं। सफाई व्यवस्था भी सुचारु रूप से चल रही है, जल्द ही अपना नगर स्वच्छ नगर का सपना पूर्ण होगा। (अनंत ज्ञान)





नगर पंचायत अध्यक्ष इंदु धीमान और उपाध्यक्ष उपदेश ठाकुर के साथ सभी पार्षद ।

**गौरव** लक्ष्य पाने के लिए कोशिश करने में हैं, न कि लक्ष्य तक पहुंचने में। –**महात्मा गांधी**

## संपादकीय

# पर्यटकों की सुरक्षा की चुनौती

मानसून सीजन के सावन माह में हिमाचल में माहौल भक्तिमय हो गया है। हर सोमवार को भक्तों का तांता लग रहा है। प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर से श्रद्धालु हिमाचल पहुंच रहे हैं। वे इस बहाने हिमाचल के मंदिरों के दर्शन करने के साथ-साथ प्रदेश के खूबसूरत पर्यटन स्थलों को भी निहार रहे हैं। इससे हिमाचल के पर्यटन को बूस्ट मिल रहा है। हिमाचल प्रदेश में पिछले छह माह में पर्यटन सीजन के दौरान 1.83 लाख से अधिक पर्यटकों के आगमन से सरकार की आर्थिकी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। पर्यटन से काराबोर के बढ़ने से सरकार के राजस्व में वृद्धि होने लगी है, जिससे निश्चित रूप से सरकार की आर्थिकी को मजबूती मिलेगी। पर्यटक जब हिमाचल आते हैं तो इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलता है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलने लगते हैं और उनकी आय में वृद्धि स्वत: ही होने लगती है।

हिमाचल में बेशुमार प्राकृतिक सौंदर्य हैं और इसी की बदौलत पर्यटक यहां खिंचे चले आते हैं, साथ ही यहां धार्मिक पर्यटन की संभावनाएं भी बहुत ज्यादा हैं, क्योंकि हिमाचल में पांच शक्तिपीठों चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, नयनादेवी, बज्रेश्वरी और चामुंडा में मां के भव्य मंदिर हैं। इन मंदिरों की मान्यता पूरे विश्व में है। लोग यहां देवी दर्शन करना अपना सौभाग्य मानते हैं। पर्यटकों को हिमाचल में ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिलें तो यहां और ज्यादा पर्यटक दस्तक दे सकते हैं। इसके लिए सरकार को बुनियादी ढांचे का विकास और ज्यादा करना होगा। हालांकि पर्यटन के विकास के लिए सरकार प्रयासरत रहती है, जो अच्छी बात है। यहां की सड़कें चकाचक होनी चाहिएं। होटल और अन्य पर्यटन सुविधाएं पर्यटकों को मयस्सर हों तो सोने पर सुहागा वाली बात हो जाएगी। पर्यटन से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होती है, जिससे बेरोजगारी दर में कमी आती है और लोगों को अपने परिवार का पालन-पोषण करने में मदद मिलती है।

हिमाचल में पर्यटन कारोबार को और ज्यादा गति देने के लिए सीएम सुक्खू ने 24 घंटे दुकानें खुली रखने का ऐलान किया है ताकि पर्यटकों को इधर-उधर न भटकना पड़े। इस सुविधा से पर्यटकों को अपने घर जैसा माहौल मिलेगा। हालांकि इस घोषणा से पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। सीएम सुक्खू ने बेशक 24 घंटे दुकानें खोलने की घोषणा की है, लेकिन सुरक्षा इंतजामों का कोई जिक्र नहीं है। सरकार ने अतीत में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए हैं, जैसे कि भारी भीड़ वाले क्षेत्रों में ड्रोन निगरानी, लेकिन दूसरी जगहों पर पर्यटकों को फुल प्रूफ सिक्योरिटी उपलब्ध करवाना मुश्किल होता है। इसके मध्य सबसे बड़ा रोना स्टाफ का है। पुलिस प्रशासन के पास इतना ज्यादा स्टाफ नहीं है कि हर जगह पुलिस ही नजर आए। एक बात और है कि दुकानों को 24 घंटे खुली रखने के जहां फायदे हैं तो वहीं नुकसान भी हैं, क्योंकि मसला सिक्योरिटी से जुड़ा है। रात में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाए रखना अपने आप में बड़ी चुनौती है। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि नशे में धुत पर्यटकों को पुलिस द्वारा उनके होटलों तक सुरक्षित पहुंचाया जाए। इसके अतिरिक्त, पुलिस को निर्देश दिया गया है कि वे नशे में धुत पर्यटकों को गिरफ्तार करने के बजाय उन्हें उनके होटल में वापस छोड़ दें। हिमाचल में पर्यटन कारोबार और बढ़े, इसके लिए सरकार को हिमाचल के पर्यटन स्थलों का विपणन और प्रचार करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके।

पर्यटन नीति में सुधार लाते रहना चाहिए। नई पर्यटन नीति बनानी चाहिए, जो पर्यटकों के हितों को ध्यान में रखती हो और उन्हें अधिक सुविधाएं प्रदान करने वाली हो। स्थानीय लोगों की भागीदारी तो बेहद जरूरी है, क्योंकि जब तक लोकल लोग सरकार की योजनाओं में शामिल नहीं होंगे, सरकार के प्रयास फलीभूत नहीं हो सकते। इसके लिए सरकार को स्थानीय लोगों के साथ तालमेल बिठाना होगा और उन्हें पर्यटन विकास में भागीदार बनाना चाहिए ताकि वे अपने क्षेत्र के पर्यटन स्थलों को बेहतर ढंग से प्रस्तुत कर सकें। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देना भी जरूरी है ताकि पर्यटन विकास के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा भी हो सके। नई पर्यटन गतिविधियों का विकास करना चाहिए जैसे कि एडवेंचर टूरिज्म, इको-टूरिज्म और ग्रामीण टूरिज्म आदि। सरकार के उपाय और जनता का साथ होगा तो निश्चित रूप से पर्यटन बढ़ेगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### 20वीं सदी के जाने-माने चिंतक

**गोविंद** चंद्र पांडे 20वीं सदी के जाने-माने चिंतक, इतिहासवेत्ता, संस्कृतज्ञ तथा सौंदर्यशास्त्री थे। वह संस्कृत, हिब्रू तथा लेटिन आदि अनेक भाषाओं के असाधारण विद्वान, कई पुस्तकों के प्रसिद्ध लेखक तथा हिंदी कवि भी थे। प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति, बौद्ध दर्शन, साहित्य, इतिहास लेखन तथा दर्शन आदि में गोविंद चंद्र पांडे को विशेषज्ञता प्राप्त थी। अनेक चर्चित किताबों तथा सैकड़ों शोध पत्रों के वह लेखक थे। आचार्य गोविंद चंद्र पांडे का जन्म इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश में हुआ था। उत्तर प्रदेश के काशीपुर नगर में आकर बसे अल्मोड़ा के एक ग्राम से निकले सुप्रतिष्ठित पहाड़ी ब्राह्मण परिवार में गोविंद चंद्र पांडे का जन्म हुआ था। उनके पिता का नाम पीतांबर दत्त पांडे था, जो कि भारत सरकार की लेखा सेवा के उच्च अधिकारी थे और माता का नाम प्रभावती देवी पांडे था। उन्होंने ऋग्वेद की अनेक कविताओं का सरस हिंदी काव्यानुवाद भी किया था। दर्शन, इतिहास और संस्कृत के गहन ज्ञान ने उनसे जो ग्रंथ लिखवाए, उनमें गूढता, प्रौढ़ता और संक्षेप में बात कहने की प्रवणता का होना स्वाभाविक था। 'राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी' से छपे इनके ग्रंथों में 'मूल्य मीमांसा' इन सभी लक्षणों को चरितार्थ करती है। बौद्ध दर्शन और बुद्धकालीन भारत पर उनके ग्रंथ सर्वोत्कृष्ट माने जाते हैं। ज्योतिष पर भी उनका अधिकार था। बाद के दिनों में वेद वाड्मय का सर्वांगीण विमर्श प्रस्तुत करने हेतु लिखा गया उनका ग्रंथ 'वैदिक संस्कृति' भी शिखर स्तर का ग्रंथ है। वर्ष 2010 में उन्हें 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया था। ■



**गोविंद चंद्र पांडे**
**जन्म :** 30 जुलाई, 1923
**मृत्यु :** 22 मई, 2011

## अपनी बात

**हिमाचल** समेत दुनियाभर में आत्महत्या के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण लोगों में सहनशक्ति कम हो गई है और उन्हें अपनी जीवन लीला समाप्त करने के सिवा कुछ नहीं दिखता। सवाल यह है कि क्या आत्महत्या किसी परेशानी का हल हो सकता है? इस संसार में आए हैं तो कुछ अच्छा करके जाओ। जीवन में कई उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन उनसे घबराकर आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम नहीं उठाया चाहिए। आत्महत्या एक जटिल और संवेदनशील विषय है। इसे करुणा और समझ के साथ समझना महत्वपूर्ण है। यदि आप या आपका कोई परिचित आत्महत्या के विचारों से जूझ रहा है, तो ऐसा करने की बिलकुल भी न सोचें। आत्महत्या कभी भी उचित कदम नहीं हो सकता है। परेशान व्यक्ति को स्वस्थ मुकाबला तंत्र खोजना चाहिए। ऐसी गतिविधियों में संलग्न रहें जो आपको तनाव और नकारात्मक भावनाओं को प्रबंधित करने में मदद करती हैं। –**रामपाल, बनूरी**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेज सकते हैं।**

# पंचायतों का सशक्तिकरण आखिर कब होगा?

पंचायत प्रतिनिधियों का फोकस केवल मात्र सरकार से मिलने वाली फंडिंग पर ही सदैव रहता है। कहने को सरकारें वेशक दावे करती रहें कि पंचायतों का विकास किया जा रहा है। सच्चाई यह कि पंचायत प्रतिनिधि अपनी शक्तियों का फिलहाल सही उपयोग अब भी नहीं कर पा रहे हैं। पंचायतों में बहुत कम लोगों के आपसी विवाद सुलझाए जा रहे और उनके मामले सीधे पुलिस के सुपुर्द किए जा रहे हैं। पंचायतें अपनी जिम्मेदारियां सही न निभाकर पुलिस के कंधों पर कुछ इस तरह बोझ बढ़ाए जा रही हैं। पुलिस की ओर से पंचायतों में भेजे जाने वाले मामलों की अनदेखी हो रही, जिसके चलते उच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया था।

लोकतंत्र की परिचायक पंचायतें आजकल भ्रष्टाचार की जननी बनती जा रही हैं। सरकारें पंचायतों का विकास किए जाने को लेकर करोड़ों रुपए का बजट आंखें बंद करके उन्हें मुहैया करवा रही हैं। प्राकृतिक आपदा से पीड़ित लोगों को प्रदेश सरकार से मिले आर्थिक अनुदान में भी कुछेक सरकारी कर्मचारियों ने अपना कमीशन लेना नहीं छोड़ा। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाबजूद भी पंचायतों का विकास अधूरा पड़ा हुआ नजर आता है। कारण साफ की गुणवत्ता में कमी, भ्रष्टाचार की संलिप्ता से सरकारों का बजट बर्बाद हो रहा है। मनरेगा के तहत सालों से गांवो में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, लेकिन फिर भी पंचायतों का कायाकल्प नहीं हो पा रहा है। अगर देखा जाए तो ऐसे विकास कार्यों में गुणवत्ता कहीं देखने तक नहीं मिलती है। कुछेक पंचायत प्रतिनिधि मनरेगा की आड़ में अपना घर भरने में लगे हुए हैं। पंचायत प्रतिनिधि चुनाव केवलमात्र अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए ही लड़ते हैं, जनता से उनका कोई सही सरोकार नहीं होता है।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

पंचायतें न तो विकास कार्य निष्पक्षता से करवा पा रही हैं और न ही पीड़ितों को ग्राम सभाओं में न्याय दिला पा रही हैं। यही नहीं पंचायतों की मिलीभगत से ही गांवों तक सरेआम अवैध शराब, चरस और चिट्टा युवाओं को बेचा जा रहा है। पंचायतों को पूर्व सूचना दिए बगैर पुलिस किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करके ले जा सकती है।

पुलिस की इस तरह की कार्रवाई पंचायत प्रतिनिधियों की जनता के प्रति गैरजिम्मेदारी को दर्शाती है। आखिर कब पंचायत प्रतिनिधि अपनी नैतिक जिम्मेदारियों को समझते हुए पंचायतों को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रयास करेंगे। क्यों कोई भी पंचायत ऐसे नशे व्यापारियों के खिलाफ लामबंद नहीं होती है। समाज को नशा मुक्त बनाने का काम सिर्फ पुलिस का ही नहीं, आम जनमानस को भी आगामी युवा पीढ़ी को बचाने के लिए आगे आना होगा। पंचायतों का सशक्तिकरण किए जाने को लेकर सरकारें हमेशा प्रयास करती नजर आती हैं, मगर बावजूद इसके कुछेक पंचायत प्रतिनिधि पंचायतीराज एक्ट से भी अवगत नहीं हो रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधियों की जनता के प्रति क्या जिम्मेदारियां हैं, इसके बारे उन्हें और जागरूक करने की जरूरत है।

ग्रामसभा की बैठकों में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होने पर ही विकास कार्यों की रूपरेखा तय की जाती है। ग्राम सभा की बैठकों में जनता का नकारात्मक रवैया ही पंचायत प्रतिनिधियों को भ्रष्टाचार किए जाने को बढ़ावा दे रहा है। फर्जी हस्ताक्षर और अंगूठों के निशानों के आधार पर ग्रामसभा बैठकों की कार्यवाही पूरी की जाती थी। पंचायत प्रतिनिधि अपनी मनमर्जी से विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित करके सरकारों को भेज रहे हैं। ग्रामसभा की बैठकों मैं कार्यवाही रजिस्टर को हस्ताक्षर लेकर खाली रखा जाता और बाद में अपनी मनमर्जी से विकास कार्यो के प्रस्ताव पारित करके पंचायतीराज एक्ट की धज्जियां उड़ाई जाती हैं। पंचायत सदस्य सिर्फ बिना सोचे समझे हस्ताक्षर किए जाने के लिए ही रह गए हैं। अधिकतर वार्ड पंचों को विकास कार्यों पर खर्च किए जाने बाले बजट और उसकी योजनाओं की कोई सही जानकारी नहीं होती है।

वार्ड पंचों को छोड़कर पंचायत प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक और विकास खंड अधिकारी कार्यालयों के जेई ही अपनी मनमर्जी से वार्डों में बजट खर्च करते जा रहे हैं। सामान की खरीद फरोख्त फर्जी बिलों के आधार पर की जा रही है, निचले स्तर के सदस्यों को इसकी कोई जानकारी नहीं होती है। मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत जहां अनुसूचित जाति के लोगों के रास्ते पक्के किए जाने का सरकार का प्रावधान है, मगर उक्त बजट का पैसा अनुसूचित जाति की बजाए अधिकतर अन्य समुदाय के विकास कार्यों पर खर्च किया गया है। हिमाचल प्रदेश की पंचायतों में अब होने वाले विकास कार्य ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया से किए जाने की प्रक्रिया चल रही थी। एक तरफ पंचायतीराज को सशक्त किए जाने की सरकारें दुहाई देती आ रही हैं, मगर वहीं बीडीसी, जिला परिषद सदस्यों की शक्तियां बार-बार छीनने को क्या समझा जाए। हिमाचल प्रदेश को दानव मुक्त करने का दावा करके भाजपा एक बार फिर केंद्र में सत्तासीन तो हो गई, मगर अब भाजपा सरकार ही दानवों की सिपहसलार बनी नजर आती है। विधानसभा चुनावी बेला पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि देवभूमि को पांच दानव खा रहे हैं। पीएमओ ने ड्रग्स, खनन, वन, ट्रांसफर और कुछेक ठेकेदार माफिया को दानव करार दिया था। युवा वर्ग देश की रीढ़ की हड्डी समान होता है, जिसे समाज और राष्ट, के पुनर्निर्माण में अपनी भागदारी सुनिशित करनी होती है।

समाज अवैध शराब, चरस, गांजा, अफीम, नशीले कैप्शूल, नकली दवाइयों की लत में पड़ चुका है। पंचायतीराज को सशक्त बनाने के लिए भ्रष्टाचार को खत्म करना ही होगा। अगर फर्जी बिलों के सहारे इसी तरह सरकारों का बजट खर्च किया जाता रहा तो उसका लाभ गरीब लोगों को सही नहीं मिल सकता है। ग्रामसभा की बैठकों में जनता की भगीदारी बड़े सरकार ने अब उन्हें लिए चाय-पान का भी प्रबंध किया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# आजकल के इंसान में संयम नाम की कोई चीज नहीं

जैसा कि पालमपुर में होने वाली घटना में एक ऐसा मामला सामने आया जिसने सारी मानवता को झिंझोड़ कर रख दिया, जो एक लड़की के ऊपर एक प्रेमी ने दराट से कई वार किए। हमारे संस्कार कहां जा रहे हैं? हमारी मानवता में आज मानव का यह विकृत रूप देखने को मिल रहा है। इंसान में संयम नाम की कोई चीज ही नहीं रही है। मानव आज दानव बन गया है। आज इंसान को एक ऐसी शिक्षा देने की जरूरत है, जो उसे गलत प्रवृत्तियों से रोके।



**लेखिका : वीणा वर्धन**
बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश

कहीं तो आज का युवा बीड़ी, सिगरेट, भांग, चिट्टा आदि नशे का शिकार हो रहा है, कहीं बेरोजगारी के हाथों तंग है, तो कहीं संस्कारहीन है। वहीं, कुछ युवा ऐसे भी हैं, जिन्हें अच्छे संस्कार दिए गए हैं, वहां एक रूप यह भी देखने को मिला कि सभी लोगों ने हिम्मत दिखाकर लड़की की जान को बचाया, उन्होंने कहीं मां, बहन, बेटी का रूप उस लड़की में नजर आया और उन्होंने हिम्मत दिखाकर उस लड़की को बचा लिया। स्कूल में बच्चों को नैतिक शिक्षा दी जानी चाहिए, अभिभावकों को भी अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिएं, ताकि वे ऐसे कदम उठाने से बचें।

लड़कियों को भी सोच-समझकर कदम उठाना चाहिए, ताकि वह ऐसी दुर्घटनाओं का शिकार होने से बचें। यह तो किस्मत अच्छी थी की लड़की को सुनसान जगह पर नहीं ले जाया गया, नहीं तो उसकी भी जान जा सकती थी।

कहते हैं जाको राखे साइयां मार सके न कोई। पुलिस का आधा काम तो मौके पर मौजूद लोगों ने ही कर दिया। आरोपी को उम्र कैद की सजा होनी चाहिए, अगर उसको साल या 2 साल की सजा होती है तो वह जेल से आकर फिर वही काम कर सकता है, वह अपना बदला फिर ले सकता है, क्योंकि बहुत बार ऐसी घटनाएं देखने को मिलती हैं। ऐसे लोगों को कम सजा होने पर वे अपनी गलतियों को बार-बार दोहराते हैं और ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं।

मैं इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करती हूं, जो हुआ बेहद शर्मसार करने वाला वाकया सामने आया है। मानवता को बचाओ, देश बचेगा, मैं सभी अभिभावकों से अनुरोध करती हूं कि अपने बच्चों पर निगरानी रखें और दूसरों की बहू, बेटियों की इज्जत करना बच्चों को सिखाएं। यहां हमें मानवता के दो रूप देखने को मिले, एक तो अच्छे संस्कारों वाले थे, जो अपनी जान की परवाह किए बिना उसे लड़की को बचा गए, मैं उनकी हिम्मत की सराहना करती हूं, जिन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए लड़की को बचा लिया।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

कविता



## सावन

डॉ. कौमार्या मनोज

यारो सावन यह कभी-कभी ,
बहुत बेइमान होता है।
किसी से होता है खफा तो,
किसी पे मेहरबान होता है।।
कहीं जलती रहती जमीं,
तो कहीं जल जान लेता है।
चिढ़ाता विरहनों को तो यह,
पौधों में जान देता है।।
प्रेमी दिलों में भर उमंग यह
हरियाली मान देता है।
सज जाती धरती दुल्हन सी
धरा सम्मान देता है।।
आराध्य हमारे शिव सावन में,
भक्तिमय ज्ञान देता है।।
आ सब मिल त्योहार मनाएं,
यह हिंदुत्व का मान देता है।।
यह हिंदुत्व का मान देता है।।।

# मशरूम उद्योग से बढ़ाया जा सकता है रोजगार का दायरा

आज देश एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां पर बढ़ते बेरोजगार युवाओं को घटते सरकारी नौकरी में समायोजित करना बहुत कठिन होता जा रहा है, ऐसा सरकार कह रही है। रेलवे, सेना, पैरामिलिट्री आरै शिक्षा में तथा भारत की कुछ नव रत्न उद्योगों में अस्सी के दशक में बहुत सारी नौकरियां थीं। भर्ती होती थी, सबको नहीं तो योग्य युवाओं को सरकारी रोजगार मिल जाता था, तब नौकरी के लिए इतना हाय तौबा सरकार नहीं मचाती थी।

रिक्तियां समयबद्ध तरीके से भर दी जाती थीं। पेंशन सबको मिलती थी। फिर नब्बे के दशक में उदारीकरण और बाजारीकरण का दौर शुरू हुआ। भारत का बाजार दुनिया के लिए खुल गया, पर भारत ने एक गलती किए बिना तैयारी किए ही अपने बाजार को दुनिया के लिए खोल दिया। प्रतिस्पर्धा दुनिया में उत्पादों को लेकर बढ़ने लगी विदेशों से सबसे ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद सस्ते दामों में बाजार में बिकने लगे, परिणाम स्वरूप भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स उघोग बंद होने लगे और बहुत से लोग बेरोजगार हो गए।

भारत में उत्पादन की जगह उत्पाद बेचने वाले ज्यादा होते गए। एक बहुत अच्छा दौर भी आया, जब भारत के साफ्टवेयर इंजीनियर्स पूरी दुनिया में अपने हुनर के दम पर अपने हुनर का लोहा मनवाया। अमेरिका जैसे देश आज भारत के साफ्टवेयर इंजीनियर्स को अपनी कंपनियों में स्थान सम्मान दे रहे हैं, पर भारत हार्ड शेयर के मामले में अभी भी बहुत पीछे हैं। हम अभी भी चिप नहीं बना पाते हैं। चीन ने हम से दस साल बाद अपने देश को दुनिया के बाजार के लिए खोला, वह आज इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद बेचने वाला दुनिया में अग्रणीय देश बन गया है।



**लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे**
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विवि पालमपुर

चीन कृषि उत्पादन में भी भारत से बहुत आगे निकल गया है। कृषि उपज जैसे चावल सब्जी आदि भारत से प्रति हेक्टेयर दोगुना पैदा करता है, पर वह अभी प्राकृतिक खेती या कार्बनिक खेती पर विचार नहीं कर रहा है।

कोविड-19 के बाद से दुनिया भर में मंदी का दौर शुरू हुआ, जो आज भी चल रहा है। हर देश मैं नौकरियां कम हुई हैं। कोविड के दौर में जब सब बंद था तो केवल कृषि क्षेत्र में ही काम हो रहा था। लोगों को रोजगार था। यही क्षेत्र ऐसा था, जो तीन प्रतिशत की दर से बढ़ रहा था, तो यह दुनिया ने माना कि हर उद्योग कोविड जैसे महामारी में बंद हो सकता है। रोजगार समाप्त हो सकता है परंतु कृषि क्षेत्र में उत्पादन होता रहेगा। लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलता रहेगा। यही एक ऐसा उद्योग है, जिसमें समझदारी से प्रबंधन किया जाए तो रोजगार के साथ लाभ दे सकता है।

भारत में विगत दस सालों से कृषि में निवेश की बात होती आ रही है, पर जितनी बात निवेश के लिए हो रही है, उतना निवेश नहीं होता दिख रहा है।

भारत सरकार भी हर वर्ष कृषि बजट कम करती जा रही है। कारण वह कृषि के क्षेत्र को निजी हाथों में देने के लिए लालयित हैं, अगर कृषि क्षेत्र निजी हाथों में गया तो जियो की रिचार्ज की तरह इतना महंगा होगा कि लोगों को भोजन नहीं मिलेगा। कृषि क्षेत्र में निजीकरण का प्रवेश बंद ही होना जरूरी है। सरकारी नौकरी के बाद अगर कहीं पर रोजगार है तो वह कृषि क्षेत्र ही है, जहां हर पढ़े-लिखे युवाओं को सुनहरा अवसर मिल सकता है। जैसे खुंभ या मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, सब्जी उत्पादन और कृषि उत्पाद का प्रसंस्करण से रोजगार सृजन की बहुत अपार संभावनाए देश में हैं। अभी हम खाद्य पदार्थों के प्रसंस्करण उद्योग में बहुत ही पीछे हैं, जबकि छोटा सा देश इंडोनेशिया अपने कृषि उत्पाद का 90 प्रतिशत संरक्षित करता है।

भारत में मशरूम की खेती से युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सकता है। इसमें न जमीन की नहीं सिंचाई की जरूरत पड़ती है। बस लड़कों को एक से छह माह का प्रशिक्षण देकर इसकी खेती और इसके विभिन्न प्रकार के उत्पाद को बनाने के लिए तैयार किया जा सकता है। सरकार युवाओं को इसकी खेती के लिए बिना ब्याज बैंकों से मशरूम इकाई स्थापित करने के लिए ऋण दिलाए, तो देश में बढ़ती बेरोजगारी को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। हम यह विश्वास के साथ कह सकते हैं कि यदि कृषि में सरकारी निवेश बढ़ाया जाए तो रोजगार की अपार संभावना उभर सकती है और ग्रामीण मजदूरों का शहर की ओर जो आकर्षण है, उसे भी रोका जा सकता है। बेरोजगारी से लड़ रहे युवाओं को उनके गांव में ही रोजगार दिया जा सकता है।

सब कुछ बंद हो सकता है, धरा पर पर कृषि बंद नहीं होगी। यह ऐसा उघोग है, जो गर्मी, बरसात तूफान में भी चलेगा। वर्ष भर मशरूम के उत्पादक के लिए ताप क्रम का प्रश्न करने के लिए एक ही की जरूरत होती है कि कमरे कितने बढ़े हैं और हर रोज कितना मशरूम का उत्पादन करना है। यह सब तय होने पर उसी के अनुरूप एसी की जरूरत होगी, फिर बीज बनाने के लिए तथा वर्ष भर खाद बनाने के लिए भी अलग से इकाई बनानी होगी। अगर मशरूम बाजार में नहीं बिकता है तो उसके विभिन्न उत्पाद जैसे अचार, बिस्कुट, पाउडर, मिठाई आदि सब बनाने के लिए एक अलग-अलग प्रसंस्करण इकाई भी लगेगी। इसके लिए सरकार को धन की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। इस वर्ष के बजट में युवाओं को उघमिता यानि इंटर प्रेन्योर पर काफी जोर दिया जा रहा है कि युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमी बनाया जाए। इस प्रशिक्षण में उनको कुछ धनरिशी भी हर माह दी जाएगी। मशरूम की खेती एक बहुत उपयोगी उद्यम हो सकता है। इस उद्यम में न धूप में, न बारिश में युवाओं को काम करना होग। एक एयर कंडीशन हाल में मशरूम की खेती करें। मशरूम एक उद्योग बन सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## पाठकों के पत्र...

**अनंत** ज्ञान समाचार पत्र ने चंद महीनों में ही अपनी खास पहचान बना ली है। यह समाचार पत्र लोगों की जुबान पर चढ़ गया है। अखबार में हाल ही में शुरू किया गया हिमाचली रंग फोटो फीचर पेज मुझे बहुत पसंद आया। मैंने अपने गांवों के लोगों को भी यह पेज दिखाया तो उन्होंने भी पेज के ले-आउट तथा फोटो सिलेक्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अखबार में हर गांव कुछ कहता है चलाई गई सीरिज भी लोगों को हिमाचली गांवों की खूबियों के बारे में विस्तार से जानकारी दे रही है।

–**जगदीश चंद,**
**जसौर ( नगरोटा बगवां )**

**मैं** अनंत ज्ञान समाचार पत्र की नियमित पाठक हूं। अखबार में शुरू किए साप्ताहिक कॉलम बेहद रोचक हैं। मुझे निखार कॉलम बेहद पसंद आया, जिसमें महिलाओं को घर बैठे ही अपनी खूबसूरती को निखारने के टिप्स मिल रहे हैं।

मेरे गांव की महिलाएं भी इस कॉलम को अब पढ़ने लग पढ़ी हैं। इसके अलावा मुझे हेल्थ टिप्स कॉलम भी खूब भाया। इस कॉलम के तहत स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों का निदान विशेषज्ञ डॉक्टर देते हैं, जो हर व्यक्ति के लिए लाभप्रद हो रहे हैं।

–**सोनिका शर्मा,**
**जंडपुर ( बैजनाथ )**

**मैं** अनंत ज्ञान समाचार पत्र रोज पढ़ता हूं। इस समाचार पत्र में एक और भी बड़ी खासियत यह है कि एक ही अखबार में पूरे हिमाचल की खबरें पढ़ने को मिल जाती हैं। आपका मंगलवार को जो धार्मिक पेज छपता है, उसमें भी देवी-देवताओं की ज्ञानबर्द्धक जानकारी होती है। आपका यह नया अखबार है, इसलिए मुझे पूरी उम्मीद है कि यह अखबार जल्द ही हिमाचल का एक प्रतिष्ठित अखबार उभर कर सामने आएगा।

–**सुतीक्ष्ण शर्मा**
**रिवाल्सर, मंडी**

**दैनिक** अनंत ज्ञान समाचार पत्र में हिमाचल प्रदेश से जुड़ी हर छोटी-बड़ी खबरों का समावेश होने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय और खेल जगत की खबरों को भी प्राथमिकता दी जा रही है, साथ ही नवाचार का प्रयास कर प्रदेश की कला व संस्कृति को भी विश्व पटल में लाने का प्रयास है। इसके अलावा धार्मिक, पर्यटन और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी पाठकों तक पहुंच रही है। पाठकों को रोचक और पूरी जानकारी उपलब्ध करने के लिए अनंत ज्ञान समूह को ढेर सारी शुभकामनाएं।

**संत कुमार चौधरी**
**सोलन, हिप्र**

**मैं** जिला ऊना के पंडोगा ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में जंगली जानवरों की समस्या प्रमुख है। यहां साथ लगते जंगली क्षेत्र है। बंदरों की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो घालूवाल से गगरेट आदि रूट पर समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**साहिल शर्मा**
**पंडोगा, ऊना**

**मैं** जिला ऊना के चलोला ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या प्रमुख है। यहां उद्योग अथवा क्रशर के कारण प्रदूषण है। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं।

अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र जिला के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो बडसाला, टक्का और झम्बर आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**राजन शर्मा**
**चलोला, ऊना**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. :* 88945-21702**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### तुगलकी फरमान से लटकी हिमकेयर योजना : निहाल चंद



**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना से छूट गए लोगों को कैशलेस इलाज देने के लिए पूर्व की जयराम सरकार द्वारा हिमकेयर योजना शुरू की थी, जिसका लाभ हर प्रदेशवासी को मिल रहा था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही इसके निजी अस्पतालों में चलाने से इनकार कर दिया। सुक्खू के मंत्रिमंडल के तुगलकी फरमान से प्रदेश का हर व्यक्ति परेशान है। यह बात भाजपा के जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए भी हिम केयर कार्ड अब प्रतिबंधित हो गया है। सुक्खू सरकार आम लोगों और कर्मचारी विरोधी सरकार है।

### राजस्व लोक अदालत का होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** तहसीलदार सरकाघाट मुनीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनता की सुविधा के लिए 30 और 31 जुलाई को सरकाघाट और रखोह में राजस्व लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा जिसके अंतर्गत लंबित इंतकाल सत्यापन तथा भूमि तकसीम के मामलों को निपटाने के लिए 30 जुलाई को सुबह 11 बजे पटवार भवन सरकाघाट और 31 जुलाई 2024 को सुबह 11 बजे पटवार भवन रखोह में राजस्व लोक अदालत आयोजित की जाएंगी।

### लोगों ने भगवान शिव की महिमा का किया गुणगान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को स्थानीय तथा आसपास के दूरदराज क्षेत्रों से आए हजारों लोगों ने श्री पंचमुखी महादेव के दर्शन किए। मंदिर में आए हुए लोगों ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। मंदिर में आए हुए श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन करके उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में चल रहे खीर के भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। लांगणा पंचायत के शूल नामक स्थान पर स्थित पंचमुखी महादेव के मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन करके भोलेनाथ की महिमा का भी गुणगान किया। तीन नदियों के पवित्र संगम पर स्थापित त्रिवेणी महादेव मंदिर (घटोड़), नागेश्वर महादेव मंदिर (कुड्ड), लक्ष्मी नारायण मंदिर कोठी (दलेड़), महामाया मंदिर (भड़ोल), अखलेश्वर महादेव मंदिर (बनांदर), संतान दात्री माता सिमसा मंदिर (सिमस), टौण भराड़ी मंदिर (चुल्ला), पंचमुखी महादेव मंदिर (लांगणा) आदि मंदिरों में शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में भारी संख्या में शिव भक्तों ने पूजा-अर्चना की और भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया।

### रोटरी क्लब ने पौधरोपण करने का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल की अगुवाई में पहले चरण में 50 औषधीय पौधों को रोपकर इसका आगाज कर दिया गया है। जलपेहड़ पंचायत के अधीन आने वाले इस प्राचीन मंदिर से जुड़ी हजारों भक्तों की आस्था को देखते हुए पहली बार औषधीय पौधों को लगाया गया है। बताया कि वन विभाग के साथ भी जोगिंद्रनगर उपमंडल में पौधरोपण किया जाएगा। वहीं वन परिक्षेत्र जोगिंद्रनगर के स्यूरी, घट्टा के जंगलों में भी पौधरोपण रोटरी की देखरेख में होगा। रविवार को रोटरी के सचिव सुशील पठानिया ने बताया कि आयुष विभाग के माध्यम से रोपे गए औषधीय पौधों में कचनार, अर्जुन, हरड़ शामिल है।

### ब्राह्मण सभा जिला मंडी की बैठक 4 को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा जिला मंडी की बैठक 4 अगस्त रविवार को संस्कार भवन मंडी में होगी। जिला महासचिव डॉ. ओम राज शर्मा ने बताया कि संस्कार भवन जेल रोड मंडी में यह बैठक सुबह 11 बजे शुरू होगी। इस बैठक में जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य भाग लेंगे। इसमें सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों व सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। महासचिव ने बताया कि बैठक में मुख्य तौर पर जिला अध्यक्ष काली दास शर्मा की अस्वस्थता के कारण कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर विचार होगा, ताकि संगठन की गतिविधियों को जारी रखने में आ रही कठिनाई दूर हो सके।

### मरम्मत के चलते 31 को बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साईगलू ई. हुक्म चंद ने बताया कि 31 जुलाई को बीर फीडर में पुरानी विद्युत तारों को बदलने व नए विद्युत पोल स्थापित करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते 31 जुलाई को सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक बीर, लाग, कथवारी, बरयारा, धार, कठयाना, सदोह, नलहोग, डोलरा-बल्ह, जमाणा, कलोथर, खड्ड कल्याणा, खपरेहड़ा, भलेड, तरनोह, घेरू, नेरन, थाम्बा, रोपड़ी व आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की है।

### युवक मंडल द्रमण ने किया पौधरोपण




**अनंत ज्ञान, मंडी।** विकास खंड द्रंग की नोहली के युवक मंडल द्रमण के सदस्यों द्वारा सोमवार को पौधारोपण व द्रमण स्कूल की पानी की टंकी की सफाई की गई। युवक मंडल द्वारा हर्बल पौधे हरड़, बहेडा, आंवला, व देवदार के पौधे लगाए व स्कूल परिसर की सफाई भी की गई। इस मौके पर अक्षय, अतुल, अभिषेक, अजय कुमार, लेखराज, करण व युवक मंडल के प्रधान तरुण भरेड़ी सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। स्कूल के अध्यापक भाल चंद ने सभी गतिविधियों में युवाओं के साथ काम किया और नेक कार्य के लिए युवाओं को प्रेरित किया।

### सरकाघाट में 100 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सेवा भारती सरकाघाट के सौजन्य से सरकाघाट में आयोजित




6 दिवसीय एक्यूप्रेशर एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में पांचवे दिन सोमवार तक क्षेत्र के 100 से अधिक मरीज अपनी स्वास्थ्य जांच कर चूके है और स्वास्थ्य लाभ भी ले रहे है और यह संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है। डॉ. निधि शर्मा डा.शिव राम और अमित शर्मा ने नेचुरोपैथी थैरेपिस्ट ने बताया कि सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों में अधिक समय कंप्यूटर पर काम करने वाले सरकारी गैर सरकारी कर्मचारियों सहित अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग कर रहे बच्चे और युवा सर्वाइकल माइग्रेन और डिस्क की समस्या से पीड़ित है। इस मौके पर अध्यक्ष राजकुमार, सचिव ललित जम्वाल, कोषाध्यक्ष विजय कुमार, स्वास्थ्य विभाग प्रमुख विक्रम ठाकुर, सोहन लाल आदि सेवाएं दे रहे है।

# बाबा भूतनाथ मंदिर में लगी भक्तों की कतार



सावन का दूसरा सोमवार

**पुष्पराज, मंडी**

सावन मास में सभी लोग भगवान शिव की आराधना करते है और भगवान शंकर के दर्शनों के लिए दूर-दूर दर्शन के लिए जाते है। मान्यता है कि सावन मास भगवान शिव को अति प्रिय है और भक्तों के जाप और शिवलिंग पर जलाभिषेक मात्र से भगवान शिव प्रसन्न हो जाते है और भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करते है। इस महीने लोगों द्वारा जगह जगह खीर का भंडारा भी लगाया जाता है और लोग बड़े ही आनंद से प्रसाद के रूप में खीर ग्रहण करते हैं।

वहीं छोटी काशी मंडी में बाबा भूतनाथ के मंदिर में भारी भीड़ देखने को मिली सावन के दूसरे सोमवार को लोग भारी संख्या में बाबा भूतनाथ के दर्शन के लिए आए थे जिस कारण लोगों को दर्शन के लिए कतारों में खड़े होकर दर्शन के लिए इंतजार भी करने पड़ा।

वहीं लोगों की भीड़ को देखते हुए महंत देवानंद सरस्वती द्वारा एक तरफ से प्रवेश और दूसरी तरफ से निकासी द्वार बनाया गया ताकि भक्त गण दर्शन करके प्रसाद लेकर अन्य भक्तों को भी दर्शन का मौका दें।

इस दौरान लोगों को जलाभिषेक के लिए भी गर्भगृह के प्रवेश द्वार पर से ही पात्र लगाया गया जिससे लोगों की आस्था का भी सम्मान रहे और जलाभिषेक भी जल्द हो सके। वहीं इस दौरान मंदिर में पूजा अर्चना करने आए श्रद्धालुओं ने बताया कि छोटी काशी के लोग सदियों से पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ सावन का माह मनाते आए है। इस साल भी सावन माह को लेकर सभी भक्तों में खासा उत्साह है। (अनंत ज्ञान)



मंदिर में दर्शन के लिए लगी भक्तों की कतार।

### 1100 कमल पुष्पों से होगा बाबा भूतनाथ का श्रृंगार

**बाबा** भुतनाथ के महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि बाबा भुतनाथ मंदिर में सावन माह में पूरा महीना हिमाचल प्रदेश सहित बाहरी राज्यों से भारी संख्या में भक्त पहुंचे है। 10 अगस्त को बाबा भूतनाथ मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जाएगी जिसमें 1100 कमल पुष्पों के साथ बाबा भूतनाथ का श्रृंगार व पवित्र जल से बाबा भूतनाथ की पावन शिवलिंग का जलाभिषेक किया जाएगा।

### मंडी में आ रहा मटमैला पानी, लोगों को सताने लगी रोगों की चिंता

# जिले में बढ़ा डायरिया व पीलिया का प्रकोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिलाभर में बढ़ते पीलिया और जल जनित रोगों के मामलों को लेकर मंडी नगर निगम ने कमर कस ली है। बता दें कि जोगिंद्रनगर में पीलिया रोग से एक 19 वर्षीय शिल्पा की मौत हो गई है और कुछ गंभीर रोगी टांडा मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिए हैं। नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट ने शहर की सभी टांकियों और कूलरों की सफाई सुनिश्चित करवाई है।

बता दें कि हाल ही में पुरानी मंडी में पीलिया के मामले आने के बाद बाबड़ी के पानी की जांच की गई, जो पीने योग्य नहीं पाया गया था। वीरेंद्र भट्ट ने कहा कि जलशक्ति विभाग से आग्रह किया है कि सभी जल स्रोतों की जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि समय रहते जल जनित रोगों से बचा जा सके।

वहीं लोगों ने स्वास्थ्य विभाग मंडी से आग्रह किया है कि पेयजल स्त्रोतों की क्लोरिनेशन सुनिश्चित की जाए। गौर हो कि मंडी में कुछ दिनों से मटमैला पानी आ रहा है, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को डर है कि मटमैले पानी से जल जनित रोग हो सकते हैं। महापौर वीरेंद्र भट्ट ने कहा कि शहर में हम पूरी तरह से चौकस हैं, सफाई अभियान जारी है।




बावड़ी के बाहर लगाया पेयजल न पीने का बोर्ड।

**नगर निगम ने सफाई अभियान किया तेज**

### डायरिया की दस्तक, शिक्षा विभाग चौकस

**जिला** में जल जनित रोगों डायरिया व पीलिया की आहट से शिक्षा विभाग चौकस हो गया है। हालांकि 3 दिन पहले ही स्कूलों को साफ सफाई के निर्देश भेजे गए थे, लेकिन स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुनः निर्देश जारी किए गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग के जिला कार्यालय द्वारा जारी पत्र में सभी प्रधानाचार्यों व मुख्याध्यापकों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि मंगलवार को स्कूल खुलने से पूर्व पानी के टैंकों हुआ स्कूल कैंपस में साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। उपनिदेशक सुशील शर्मा की ओर से शाम को जारी पत्र में प्रधानाचार्यों व मुख्याध्यापकों को कहा गया है कि यदि ऐसा संभव न हो तो विद्यार्थियों को सुरक्षित व साफ पीने का पानी मुहैया करवाया जाए। यही नहीं इन निर्देशों को बहुत ही आवश्यक बताते हुए व्यक्तिगत ध्यान देने की जरूरत पर बल दिया गया है।

> मंडी प्रशासन लोगों की सेहत को देखते हुए जल स्रोतों की क्लोरिनेशन सुनिश्चित करवाए। जोगिंद्रनगर में पीलिया से बेटी की मौत को हलके में नहीं लिया जा सकता है। सरकार मंडी जिला की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। यहां लोगों को राम भरोसे छोड़ रखा है।
> -राकेश जंवाल, विधायक व मुख्य प्रवक्ता भाजपा।

### पीलिया बना जान के लिए आफत : गुलाब सिंह



**जोगिंद्रनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री ठाकुर गुलाब सिंह ने पीलिया के मरीजों की दिन प्रतिदिन बढ़ती संख्या पर चिंता जाहिर की तथा कहा कि प्रतिदिन मरीजों की बढ़ती संख्या के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तथा हैरानी जताई की मरीज दवाइयां बाजार से खरीद कर ला रहे हैं उन्होंने सरकार से मांग की की जोगिंद्रनगर में पीलिया के मरीजों के लिए विशेष निगरानी टीम गठित की जाए ताकि मरीजों को समय पर उचित उपचार मिल सके साथ ही उन्होंने जोगिंद्रनगर हॉस्पिटल में जो डॉक्टर के पद खाली चल रहे हैं उन्हें जल्दी भर जाने की भी सरकार से मांग की है ताकि बीमारियों से बचा जा सके।

> विभाग टैंकों की समय समय पर साफ सफाई करवा रहा है। यदि कहीं मटमैला पानी आ रहा है तो इसको दुरुस्त किया जाएगा।
> -रोहित गुप्ता, एसडीओ जल शक्ति विभाग मंडी।

# मंडी कॉलेज में हॉस्टल सुविधा को लेकर लामबंद होने लगी संस्थाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**विधायकों से भी पूछे जाएंगे सवाल**

मंडी के वल्लभ कॉलेज में पर्याप्त हॉस्टल सुविधा न होने को लेकर समाजसेवी नरेंद्र वशिष्ठ, रोहित, क्रांति संगठन के अध्यक्ष विजय आदि ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी मंडी के वल्लभ कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल की पर्याप्त सुविधा नहीं है। ऐसे में छात्र रिहायश ढूंढने के लिए ही अपने तीन साल लगा देते हैं।

पिछले कुछ सालों से अत्याधिक दबाव बढ़ा है, ऐसे में यहां रिहायश के दाम आसमान छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष आई बरसात के कारण भी टारना और भ्यूली में छात्रों का सामान नष्ट हो गया था। ऐसे में छात्रों के लिए हॉस्टल की पर्याप्त सुविधा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडी कॉलेज और शहर में दबाव का बड़ा कारण जिला के दस विधायक भी रहे हैं, क्योंकि दस विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों ने समय रहते अपने क्षेत्रों में न स्वास्थ्य सुविधाओं की सुदृढ़ किया न ही शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए।

उपमंडल स्तर के कॉलेजों में सब ठीक ठाक होता तो छात्र मंडी न आते। अस्पताल में इलाज हो पाता तो लोग मंडी अस्पताल न आते, इसलिए स्थानीय स्तर पर विधायकों सवाल पूछ अभियान चलाने की आवश्यकता है। काम नहीं तो वोट नहीं अभियान की नितांत आवश्यकता है और सभी समाजसेवी संस्थाएं मिलकर जल्द ही यह अभियान शुरू करेंगी।

### जोगिंद्रनगर में नहीं थम रहा चोरियों का सिलसिला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

दारट बगला पंचायत में चोरी की वारदातों को अंजाम देने के बाद चोर गिरोह अब दारट बंगला के साथ लगती जल पेहड़ पंचायत में सक्रिय हो गया है। चोरों बीती एतवार रात को ब्यासा देवी पत्नि रब्बल राम के घर के ताले तोड़ कर घर में रखा सामान अस्त व्यस्त कर दिया। हांलाकि चोरों के हाथ इस चोरी में कुछ नहीं लगा। व्यासा देवी ने पुलिस बयान में कहा कि वह दूसरे मकान में सोयी थी तथा चोरों ने अलमारी व ट्रंक के ताले तोड़ दिये। पंचायत प्रधान प्यार चंद ने कहा कि पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया है।

# संतोष कुमारी को ब्लॉक अध्यक्ष की कमान, कृष्ण चंद बने महासचिव



बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

कबीर पंथी सुधार सभा ब्लॉक इकाई सरकाघाट का साधारण अधिवेशन जिला अध्यक्ष विधि चंद कौंडल की अध्यक्षता में शिव विलास होटल में संपन्न हुई। नई कार्यकारिणी का चुनाव पर्यवेक्षक कश्मीर की निगरानी में करवाए गए। सर्वसम्मति से संतोष कुमारी को ब्लॉक प्रधान, कृष्ण चंद को महासचिव, मेघ चंद वरिष्ठ उपप्रधान, मीरा देवी को उपप्रधान, सूबेदार रेलू राम को कोषाध्यक्ष, जेआर मंडयाल को संगठन सचिव, प्रेम सिंह को सह सचिव और कश्मीर को मुख्य सलाहकार सहित इत्यादि को सदस्य नियुक्त किया गया।

### हिमकेयर योजना को बंद करना तुगलकी निर्णय : मनीष



**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी।** सुक्खू सरकार द्वारा हिमकेयर योजना को निजी अस्पतालों में बंद करने को भाजपा ने तुगलकी निर्णय बताया है। इससे गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीज जो निजी अस्पतालों में इलाज करवा रहे थे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। भाजपा सदर मंडल के अध्यक्ष मनीष कपूर ने कहा कि इस फैसले में बदलाव किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं न होने के कारण मरीजों को परेशानी होगी।

### बायोनेस्ट केंद्र जैव प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लाएगा क्रांति

**अनिल शर्मा, मंडी**

जैव प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति लाने के उद्देश्य से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी ने बायोनेस्ट मंडी कैटलिस्ट सेंटर की स्थापना की है। यह केंद्र जैव प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य क्षेत्र में नए कारोबार शुरू करने वाले लोगों की मदद करेगा।

इस केंद्र को बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस काउंसिल द्वारा वित्तीय सहयोग प्राप्त है और शुरुआत में इसके लिए 5 करोड़ रुपए की धनराशि दी गई है। यह केंद्र भारत की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य, समाज और पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों का समाधान खोजने में मदद करेगा। साथ ही इन समाधानों को खोजने में आईआईटी मंडी की खास लोकेशन और बेहतर वातावरण का लाभ भी मिलेगा।

बायोनेस्ट आईआईटी मंडी कैटलिस्ट केंद्र का मुख्य लक्ष्य जैव प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य क्षेत्र में नई चीजें सोचने और कारोबार शुरू करने को बढ़ावा देना है। आईआईटी मंडी कैटलिस्ट के डॉक्टर सत्यवशील रमेश पवार का कहना है कि यह केंद्र जैव प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य क्षेत्र में नए कारोबार शुरू करने वालों की मदद करेगा।

### देशराज पीलिया का झाड़ा लगाकर कर रहे रोगमुक्त

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीलिया के मरीजों के लिए मसीहा बनकर आए हैं और सुबह शाम पीलिया का झाड़ा लगाकर उन्हें रोग मुक्त करने में अपना योगदान दे रहे हैं।

पिछले करीब एक सप्ताह से सुबह करीब 7 बजे से अपनी दिनचर्या शुरू करने वाले देशराज सुपुत्र मूरता राम निवासी लोअर आरठी शाम होने तक करीब 25 से 30 पीलिया रोगियों को झाड़ा लगाते हैं और स्थानीय लोगों के अनुसार इनके झाड़े से पीड़ितों को काफी लाभ मिल रहा है। देशराज ने बताया कि इस विद्या का ज्ञान विगत वर्ष लिया और इसी वर्ष से सेवा शुरू की।

### स्कूल पेयजल टंकियों की करवाएं सफाई : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** छुट्टियों के बाद खुल रहे स्कूलों को पेयजल टंकियों की साफ-सफाई व क्लोरिनेशन सुनिश्चित बनाने को कहा गया है। एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि स्कूलों की लंबी छुट्टियों के बाद पेयजल टंकियों में प्रदूषित पानी होने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि उपमंडल क्षेत्र में पीलिया सहित अन्य जल जनित रोगों की रोकथाम के लिए ऐसा करना बेहद जरूरी है। जारी आदेशों की सभी स्कूल प्रमुखों से कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित बनाने के भी निर्देश दिए हैं।

# शिव मंदिर सरकाघाट में लगी भक्तों की कतार



मंदिर में दर्शन के लिए लगी भक्तों की कतारें

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

आज सावन महीने के दूसरे सोमवार को प्राचीन शिव मंदिर सरकाघाट के प्रांगण में भगवान शिव के दर्शनों के लिए भक्तों की लम्बी कतारे लगी तथा इस मौके पर खीर भंडारे का आयोजन करवाया गया। श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शनों के लिए पूरी श्रद्धा के साथ अपनी अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग की कटिंग से घर गिरने की कगार पर

**अनंत ज्ञान, मंडी**

वार्ड नंबर सात तल्याहड़ का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त अपूर्व देवगन से मिला जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ाई करण करने के दौरान लोगों के घरों के लिए बने खतरे को लेकर पहुंचे जिसमें स्थानीय लोगों ने कंस्ट्रक्शन कंपनी पर आरोप लगाए है कि बरसात से पहले कंपनी द्वारा कार्य नहीं छेड़ा गया और अब बरसात और बारिश होने पर कंपनी के द्वारा कटिंग का कार्य शुरू कर दिया जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कटिंग के कारण घर के डंगे भी गिर गए है जिन्हें लगाने के लिए कई बार प्रशासन से गुहार लगाई जा चुकी है लेकिन फोन करने पर कंपनी के लोग रेत का टिपर या बजरी फेंक कर बात को टाल कर निकल जाते है। वार्ड नंबर सात की पार्षद सुदेश कुमारी ने कहा कि इस सिलसिले में उपायुक्त मंडी से बात हुई और उन्होंने यह आश्वासन दिया है कि कार्य जल्द से जल्द कर दिया जाएगा और कंपनी को भी निर्देश दे दिए जाएंगे की समय पर इस कार्य को किया जाए।

लोगों ने बताया कि प्रशासन द्वारा जल्द कार्य करने का निर्देश तो दिया है लेकिन यह बात भविष्य के गर्भ में है कि कब यह कार्य पूर्ण होगा।



उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन से अपना दुखड़ा सुनाते तल्याहड़ वासी।

**श्रद्धा** वैज्ञानिक आधार समेटे हुए चतुर्मास, विदेशों में हो रहे हैं शोध

# छोटी काशी में महंत राजेश्वरानंद कर रहे व्रत का पालन, लोगों को समझा रहे नियम

**अनिल शर्मा, मंडी**



महंत राजेश्वरानंद सरस्वती।

हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी तिथि से चातुर्मास का आरंभ होता है। इस बार चतुर्मास 17 जुलाई से शुरू हो गया है।

चतुर्मास में संत और गृहस्थी नियमों का पालन करते हुए पुण्य तो अर्जित करते ही हैं साथ में वर्ष भर के लिए आरोग्यता भी प्राप्त कर लेते हैं। निरोग शरीर प्राप्ति के लिए वर्तमान में मनुष्य लाखों रुपए खर्च करता है, लेकिन फिर भी एक समय पश्चात पूर्ण निरोग नहीं रह पाता है। चतुर्मास धर्म कर्म के साथ-साथ वैज्ञानिक महत्व भी रखता है, जिस पर अमेरिका, जर्मनी के शोध संस्थान और वर्लिन विश्वविद्यालय निरंतर शोध कर रहे हैं। मंडी में भी इन दिनों चतुर्मास का पालन किया जा रहा है और नित नए कार्यक्रमों के साथ-साथ उसकी वैज्ञानिकता पर भी महंत राजेश्वरानंद सरस्वती प्रकाश डाल रहे हैं। महंत राजेश्वरानंद सरस्वती ने बताया कि चतुर्मास के दौरान बहुत सी चीजों का त्याग किया जाता है और वह वस्तु गृहस्थियों को अथाह मात्रा में प्राप्त हो जाती है। (अनंत ज्ञान)

### प्राणी मात्र के कल्याण के लिए साधु, संत लेते हैं संकल्प

**महंत** राजेश्वरानंद सरस्वती ने बताया कि चतुर्मास व्रत की समाप्ति तक और मध्य में क्षौर कर्म नहीं करवाना चाहिए, नदी पर्वतों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। यात्राओं को छोड़ एकांतवास करना चाहिए। प्राणी मात्र के कल्याण के लिए साधु, संत, सन्यासी यह संकल्प लेते हैं कि जब विष्णु भगवान योगनिंद्रा में शैय्या पर शयन करेंगे तब तक हम एक ही जगह पर भजन करेंगे। चतुर्मास व्रत की समाप्ति पर वेदज्ञ ब्राह्मणों द्वारा भगवान नारायण के योगनिंद्रा से जागने पर श्री सूक्त, ब्रह्म सूक्त, रूद्र सूक्त और पुरुष सूक्त और विष्णु सहस्त्रनाम, गायत्री पढ़ कर विशेषकर हवन किया जाता है।



मंडी में काशी विश्वनाथ मंदिर में सजे दरबार का दृश्य।

### श्रीविष्णु आज भी करते हैं वचन का पालन

**चतुर्मास** में भगवान विष्णु योग निंद्रा में पाताल लोक को चले जाते हैं। महंत राजेश्वरानंद सरस्वती ने बताया कि जब श्रीविष्णु भगवान योगनिंद्रा में जाते हैं तब शिवजी ही पालन करते हैं, इसलिए चतुर्मास में शिवजी की विशेष पूजा होती है। श्रीविष्णु भगवान राजा बली को दिए वचन के कारण इस समय पाताल लोक में निवास करते हैं। इसके बाद कार्तिक मास की देवोत्थान एकादशी के दिन जब भगवान विष्णु योग निंद्रा से जागते हैं, तो पुनः लोक मंगल से जुड़े काम शुरू हो जाते हैं और माता तुलसी से विवाह करते हैं इसके बाद सभी शुभ कार्य फिर से शुरू हो जाने से चतुर्मास समाप्त हो जाता है।

### भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर 17 अगस्त को होगा राज्य अधिवेशन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल किसान सभा के राज्य कमेटी सदस्य जोगिंद्र वालिया ने बताया कि राज्य भर में राष्ट्रीय उच्च मार्ग हेतु सड़क निर्माण, हाईडल प्रोजेक्टों, रेलवे लाइन, एयरपोर्ट विस्तार, टावर लाइन व अन्य निर्माण कार्यों के लिए किसानों की जमीने अधिग्रहित की जा रही हैं लेकिन कहीं भी भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को लागू नहीं किया जा रहा है। किसान सभा ने अन्य प्रभावित संघठनों से मिलकर स्थानीय स्तर पर संघर्ष किया है तथा अब पूरे राज्य में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को लामबंद कर 17 अगस्त को राज्य स्तरीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रभावितों के मुद्दों पर चर्चा करते हुए संघर्ष की रूपरेखा बनाई जाएगी।

# लोगों को बताए हेपेटाइटिस रोग से बचने के नुस्खे



जानकारी एकत्रित करते हुए महाविद्यालय के छात्र एवं प्रोफेसर तथा अन्य स्टाफ ।

**अनंत ज्ञान, मंडी/जोगिंद्रनगर**

राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर के सभागार में प्रिंसिपल सुनीता सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय हेपेटाइटिस दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जिला से आए लोक सिंह नेगी जन शिक्षा सूचना अधिकारी मंडी व डॉ. संजय गुप्ता खंड चिकित्सा अधिकारी पद्दर ने संबोधित किया। इस जागरूकता शिविर में हेपेटाइटिस रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई कि यह संक्रमण पांच तरह का होता है जिसे हेपेटाइटिस ए, बी, सी,डी व ई के नाम से जाना जाता है।

जिला मंडी के जोगिंद्रनगर क्षेत्र में इस समय हेपेटाइटिस ए पीलिया के केस अधिक आ रहे हैं। इस कारण जागरूकता शिविरों का महत्व बढ़ जाता है।

# मिंजर की पहली शाम शहीदों के नाम

**ओपी शर्मा, चंबा**

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 2024 की पहली सांस्कृतिक संध्या पुलिस आर्केस्ट्रा बैंड द हार्मनी ऑफ पाइन्स के नाम रही। पुलिस बैंड ने इस दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी यादों में एक से बढ़कर एक तराने छेड़ उनको याद किया। इसके अलावा हिमाचली गायिका ममता भारद्वाज व भावना जरियाल ने भी सांस्कृतिक संध्या में दमदार प्रस्तुतियां देकर खूब समां बांधा।

मिंजर मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने दीप प्रज्जवलित और शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सांस्कृतिक संध्या का आगाज किया। इस मौके पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी विधायक चंबा नीरज नैय्यर उपायुक्त चंबा सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे हैं। ममता भारद्वाज ने पाणी री टांकी ओ भाई रामा, इन्हा बडियां जो तुडका लाणा ओ ठेकेदारनिए समेत अन्य गानों को प्रस्तुत किया। भावना जरियाल ने सरस्तवी वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश पुलिस आर्केस्ट्रा बैंड द हारमनी ऑफ दि पाइंन के कलाकारों ने खूब समा बांधा। उन्होंने बहुत से देशभक्ति व नए और पुराने गाने गाकर खूब वाहवाही लूटी।

इससे पूर्व सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत रोशन एंड कंचन ने पारंपरिक मुसाधा गायन से की गई। इस दौरान भोलेनाथ के भजन व अन्य मुसाधा गायन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद चंबा लोकमंच के कलाकारों ने रघु गाडा को तुझ बिन मुल्ख नमाणा, चंबा आर की नदियां पार, तेरी तिल चोली गानों पर डांस किया। रामा किसान कल्ब साहो ने चंद्रशेखर मंदिर साहो के नृत्य करके भोलेनाथ को याद किया। इसके अलावा सनातन धर्म चंबा, विरास्त मंच चंबा ने चम्बा की संस्कृति से रू-ब-रू करवाया। (अनंत ज्ञान)


अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 2024 की पहली सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार।


पहली संध्या का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते राज्यपाल व डीसी।


सांस्कृतिक संध्या के शुभारंभ पर राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

# मिंजर मेले में देश भर से पहुंचे कारोबारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में कारोबार के लिए बाहरी राज्यों से व्यापारियों के पहुंचने का सिलसिला आरंभ हो गया है। रविवार को स्टॉल खरीदने के बाद व्यापारियों ने अपनी दुकानदारी सजानी आरंभ कर दी है। इसके साथ ही मिंजर मेला में व्यापारिक गतिविधियां आरंभ हो गई हैं, जोकि आगामी दस अगस्त तक जारी रहेंगीं। इस मर्तबा मिंजर मेले का आयोजन 28 जुलाई से चार अगस्त तक किया जा रहा है। मिंजर मेले में कारोबार के लिए देश के विभिन्न राज्यों से व्यापारी चंबा पहुंचे हैं। मिंजर मेले में कई नामी कंपनियों ने भी अपने स्टाल लगाए हैं।

रविवार को दिन भर कारोबारी स्टालों पर सामान सजाने में व्यस्त दिखे। रविवार को मेले के पहले दिन चौगान में लोगों की नाममात्र की भीड़ ही उमड़ी, लेकिन कारोबारियों को उम्मीद है जैसे-जैसे मेला परवान चढ़ेगा तो कारोबार गति पकड़ेगा। मिंजर मेले के दौरान चौगान नंबर-एक, दो और चार में व्यापारिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जबकि तीन नंबर चौगान में झूले आदि लगाए गए हैं। एसडीएम ने कहा कि मिंजर मेले के दौरान कानून व शांति व्यवस्था बरकरार रखने को लेकर भी पुलिस ने शहर में कड़ा पहरा बिठा दिया है।

शहर के हरेक एंट्री प्वाइंट पर अस्थायी नाके लगाकर गहन जांच पड़ताल के बाद वाहन को गुजरने की इजाजत दी जा रही है। चौगान में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हुड़दंगियों पर नजर रखने के लिए एंटी गुंडा स्क्वायड अलग से तैनात किया गया है।


मिंजर मेले में खिलौने बेचता हुआ एक व्यक्ति।

# चौथी सांस्कृतिक संध्या में केवल सिंह पठानिया होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**31 को सुबह 11 बजे लोगों से मिलकर करेंगे उनकी समस्याओं का समाधान**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया 30 जुलाई से चंबा प्रवास पर रहेंगे ।

उप मुख्य सचेतक के जारी प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि केवल सिंह पठानिया 31 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला की चौथी सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि होंगे ।



उन्होंने बताया कि केवल सिंह पठानिया 30 जुलाई को सांय डलहौजी पहुंचेंगे। उनका रात्रि ठहराव भी डलहौजी रहेगा।

केवल सिंह पठानिया 31 जुलाई को सुबह 9 बजे डलहौजी से भलेई माता मंदिर जाएंगे । उप मुख्य सचेतक भलेई माता मंदिर में पूजा-अर्चना करने के पश्चात सुबह 11 बजे लोगों से मिलेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। वह सांय 8 बजे चंबा चौगान आएंगे तथा अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला की चौथी सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि होंगे । केवल सिंह पठानिया 1 अगस्त को सुबह चंबा से रैत (कांगड़ा) के लिए प्रस्थान करेंगे।


मिंजर मेले के दौरान मैदान में बैठे हुए लोग।

# तुनुहट्टी बैरियर पर पुलिस का कड़ा पहरा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पड़ोसी राज्य पंजाब के पठानकोट में संदिग्ध दिखने की सूचना के बाद जिला चंबा के प्रवेशद्वार तुनुहट्टी में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। बताते चलें कि 26 जून से अभी तक 17 संदिग्धों को पंजाब के आसपास के इलाकों में देखे जा चुके हैं।

इसके चलते तुनुहट्टी और जिला कांगड़ा के साथ लगने वाला जिला चंबा के वार्डर मलकवाल में भी दो एचपी पुलिस बटालियन सकोह के हैड कांस्टेबल प्रवीण कुमार के अगवाई में एक पुलिस की टुकड़ी तैनात कर दी गई है।

इन दोनों बैरियरों में बिना किसी चेकिंग के जिले में किसी वाहन को प्रवेश नहीं होने दिया जा रहा है। वहीं पुलिस द्वारा संदिग्ध व अन्य वाहनों की चेकिंग की जा रही है, ताकि अपराधियों को पकड़ा जा सके।


वाहनों की चेकिंग करती हुई पुलिस।

**पठानकोट में संदिग्ध दिखने की सूचना मिलते ही बढ़ाई चौकसी**

उधर, डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर ने भी लोगों से अपील कि है यदि कही पर भी कोई भी संदिग्ध नजर आता हो तो इसकी सूचना नजदीक के पुलिस स्टेशन पर दें।

# मणिमहेश यात्रा : देहरा के युवक की हृदय गति रुकने से मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मणिमहेश यात्रा पर गए देहरा निवासी युवक की सुंदरासी में हृदय गति रुकने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार कांगड़ा के देहरा से 6 लोगों का ग्रुप शनिवार को मणिमहेश यात्रा पर गया था, लेकिन जब मणिमहेश डल झील में नहाने के बाद जैसे ही यह ग्रुप सुंदरसी में पहुंचे तो 20 वर्षीय विजय कुमार पुत्र विनोद शर्मा हृदय गति रुकने के कारण अचानक बेहोश हो गया।

मौके पर खड़े एसडीआरएफ के जवानों ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे उठाकर भरमौर अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। मृतक विजय कुमार का अभी तक पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है।

उधर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगामी कार्यवाही जा रही है। खंड चिकित्सा अधिकारी शुभम भंडारी ने कहा है कि मणिमहेश यात्रा पर गए एक युवक को नागरिक अस्पताल भरमौर लाया गया था, लेकिन जब तक उसे अस्पताल पहुंचाया गया तब तक युवक की मौत हो चुकी थी।

# उपायुक्त कार्यालय के अंदर भाजपा का असली चरित्र आया सामने : संदीप

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि जिस तरह से सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के अंदरए बिलासपुर में भाजपा के नेताओं ने नारेबाजी की है वह निंदनीय घटना है और कॉंग्रेस पार्टी उसका खंडन करती है। संदीप सांख्यान ने कहा कि इस उपायुक्त कार्यलय बिलासपुर के अंदर जाकर जिस तरह से भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त बिलासपुर के सामने नारेबाजी की है वह एक आराजकतावादी विचारों की द्योतक है।

उन्होंने कहा कि उपायुक्त कार्यालय के अंदर भाजपा के नेता जो भी समस्याओं को लेकर गए थे उनको उपायुक्त बिलासपुर के सामने विचार-विमर्श करके समाधान निकलना चाहिए था न कि नारेबाजी करके आराजकतावादी विचारों को उजागर करके राजनीति की सस्ती लोकप्रियता हासिल करनी चाहिए थी।

उक्त भाजपा कार्यकर्ताओं के इस डेपुटेशन को भाजपा के वरिष्ठ नेताए प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के तीन बार के विधायक रणधीर शर्मा लीड कर रहे थे। यदि भाजपा का वरिष्ठ नेता इस तरह की आराजकता वादी समझ को आगे बढ़ाता है तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ही नहीं बल्कि भाजपा के लिए भी शर्मनाक है। संदीप सांख्यान ने कहा कि भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं को समझना चाहिए कि यह कार्यालय जिला की सम्पूर्ण व्यवस्था को देखता है और वहीं से लॉ एंड व्यवस्था चलती है ।

# सियूल नदी में डूबने से दूल्हे के दोस्त की मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा के सलूणी में सियूल नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है और शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार रविवार रात को हंगूई नामक गांव में एक बारात बणी गांव के लिए आई थी, जिसमें 18 वर्षीय विजय कुमार पुत्र नरसिंह गांव बलवास पंचायत बड़ेला शादी में शामिल होने गया था। रविवार 10 बजे विजय कुमार अपने दोस्तों सहित सियूल नदी में नहाने गया था।

विजय कुमार दोस्तों के साथ जब नदी मे नहा रहा था कि अचानक पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में जा गिरा और डूबने से उसकी मौत हो गई। विजय कुमार को डूबता देख उसके दोस्तों ने मदद के लिए शोर मचाया। प्रधान ग्राम पंचायत सलोनी अनिल कुमार ने जैसे ही आवाज सुनी वह मौके पर मदद के लिए पहुंचे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

# विक्रमादित्य सिंह 31 से चंबा के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 31 जुलाई से 2 अगस्त तक चंबा ज़िला के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे।

विभागीय प्रवक्ता ने प्रवास कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए बताया हैं कि विक्रमादित्य सिंह 31 जुलाई को दोपहर 1 बजे खज्जियार में लोक निर्माण और शहरी विकास विभाग के ज़िला अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उसके बाद वह भरमौर में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। उनका रात्रि ठहराव विश्राम गृह भरमौर में रहेगा । उन्होंने बताया कि लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री 1 अगस्त को भरमौर में सुबह 10.30 बजे अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करेंगे । इसके पश्चात वह दोपहर 12.15 बजे चोली-क्वारसी सड़क मार्ग पर निर्मित होने वाले 68 मीटर लंबे स्टील ट्रस पुल की आधारशिला रखेंगे।

विक्रमादित्य सिंह होली का दौरा करने के बाद अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि होंगे। 2 अगस्त को विक्रमादित्य सिंह उपायुक्त कार्यालय चंबा के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री दोपहर 12.45 बजे मंगला ग्राम पंचायत में मंगला-टपुन्न संपर्क मार्ग, संपर्क मार्ग जरूण, संपर्क मार्ग तढग्रां के एमटी तथा सीडी कार्यों का शिलान्यास करने के पश्चात दोपहर 2 बजे के बाद चंबा से शिमला के लिए रवाना होंगे ।

# चमेरा चरण-3 के खड़ामुख स्थित जलाशय की 31 को होगी सिल्ट फ्लशिंग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राष्ट्रीय जल विद्युत निगम की विद्युत परियोजना चमेरा चरण-3 के खड़ामुख स्थित जलाशय की 31 जुलाई को रात 11 बजे से सिल्ट फ्लशिंग की जाएगी।

महाप्रबंधक अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत परियोजना चमैरा चरण-3 के खड़ामुख स्थित जलाशय की 31 जुलाई को रात 11 बजे से लेकर 1 अगस्त को दोपहर 2 बजे तक फ्लशिंग की जाएगी। फ्लशिंग का कार्य बांध में होने वाले अतिरिक्त जल प्रवाह पर निर्धारित होगा ।

उन्होंने बताया की सिल्ट फ्लैशिंग के दौरान खड़ामुख स्थित जलाशय के दरवाजे खोलकर धीरे-धीरे पानी छोड़ा जाएगा जब तक नदी फ्री फ्लो में न आ जाए ।

# छवि चमकाने में सरकार खर्च कर रही पैसे : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार अब जनहित विरोधी रास्ते पर चल निकली है। मुख्यमंत्री अब अपनी छवि चमकाने के लिए सरकार के पैसे बर्बाद करना चाहते हैं। अब सरकार ने हर मंत्री के लिए दो लोगों को भर्ती करने को मंज़ूरी दे रही है। जो मंत्री की छवि चमकाएंगे। इतने बड़े सरकारी महकमें, सलाहकारों की फौज और सरकार की छवि बनाने के लिए रखी गई सेना के बाद भी सरकार की छवि चमक नहीं पा रही है। सरकार की छवि चमकाने के लिए काम करने की आवश्यकता है, झूठ फैलाने की नहीं। सरकार चाहती है कि जिस तरह वह झूठ बोलकर सत्ता में आई है उसी तरह वह झूठी छवि गढ़ कर सत्ता में बनी रह सकती है।

मुख्यमंत्री को इस आडंबर से बाहर आकर जनता के लिए जमीन पर काम करना होगा। छवि चमकाने से अब काम चलने वाला नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इलाज के लिए एक साल से अस्पताल का चक्कर काट रहे मरीज को सरकार की छवि चमकाने का लाभ कैसे मिल सकता है। बिस्तर पर लाचार पड़ा व्यक्ति का जीवन सरकार की चमकती छवि से नहीं, उनकी सहारा पेंशन से ही बदल सकती है, जिसे सरकार ने लंबे समय से रोक रखी है, क्या सरकार प्रदेश के गिने-चुने ऐसे जरूरतमंद लोगों के लिए पेंशन भी नहीं दे सकती है। जिससे उनकी जिंदगी थोड़ी आसान हो सके।

**बेखौफ**

## विधायक जीतराम कटवाल ने अवैध खनन को लेकर प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

# खनन माफिया दिनदहाड़े खड्डों का सीना कर रहा छलनी

**गोपाल कपिल, झंडूता**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने अवैध खनन को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि खनन माफिया दिनदहाड़े खड्डों का सीना छलनी कर रहा है। खड्डों से रेत, बजरी व पत्थर जैसी सामग्री निकालकर खूब कमाई की जा रही है। अवैध खनन से खड्डों का जलस्तर लगातार कम होता जा रहा है, जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। भाजपा सरकार के समय झंडूता विधानसभा क्षेत्र के कोने.कोने में लोगों को भरपूर पानी मुहैया करवाया जा रहा था, लेकिन अब अवैध खनन से खड्डों का जलस्तर घटने से पेयजल योजनाएं बुरी तरह से प्रभावित हो रही हैं। आलम यह है कि बरसात के मौसम में भी लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। खनन माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई न होने से साफ जाहिर है कि इसमें सरकार की पूरी सांठगांठ है।

सोमवार को जीतराम कटवाल ने घराण और कोसरियां पंचायतों के दौरे के दौरान लोगों से मुलाकात करके उनकी समस्याएं जानीं। उसके बाद उन्होंने झंडूता में मंडल भाजपा कार्यालय में विभिन्न इलाकों से अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे लोगों की बात भी सुनी। लोगों ने पानी के साथ ही सड़कों की दयनीय हालत तथा बिजली की कम वोल्टेज और अघोषित कटों से हो रही समस्या से भी उन्हें अवगत करवाया। इस पर जीतराम कटवाल ने कहा कि अभी ज्यादा बारिश नहीं हुई है। इसके बावजूद ग्रामीण इलाकों में हाल ही में बनाई गई संपर्क सड़कें लगातार क्षतिग्रस्त हो रही हैं। यह सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता को नजरअंदाज करने का नतीजा है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं का तुरंत प्रभाव से समाधान करके उन्हें राहत पहुंचाई जाए।


लोगों की समस्याएं सुनते हुए विधायक जीतराम काटवाल।

जीतराम कटवाल ने समोह में सीआईएसएफ के दिवंगत जवान सुरेंद्र कुमार की अंतिम यात्रा में भी भाग लिया। छत्तीसगढ़ में तैनात सुरेंद्र की हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई थी। दिवंगत जवान को श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ ही जीतराम कटवाल ने पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस भी बंधाया। परिवार के सदस्य के हमेशा के लिए बिछुड़ जाने के नुकसान की भरपाई कभी नहीं की जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

# गैस सिलेंडर फटने से तीन मंजिला मकान में लगी आग

**अनंत ज्ञान, पांगी**

जिला चंबा के जनजातीय क्षेत्र पांगी के दायरे में आने वाली ग्राम पंचायत सेचू में एक तीन मंजिला मकान में गैस सिलेंडर फटने से 12 लाख का नुकसान हुआ है। इस घटना में तीन मंजिला मकान जलकर राख हो गया है। इस घटना में 10 कमरें जलकर राख हो गए है। वहीं परिवार के कुछ सदस्यों को आग बुझाते से मामूली चोटें भी आई हुई है।

उधर पांगी प्रशासन को घटना की सूचना मिलते ही पटवारी व नायब तहसीलदार को नुकसान का आकलन करने के लिए मौके पर भेजा हुआ है।मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह जब अमरजीत पुत्र भीम दास निवासी सेचू पंचायत के घर के किचन से अचानक धुआं निकलने लगा तो घर से सभी सदस्य चिल्लाते हुए बहार निकल गए। देखते ही देखते घर के भीतर एक बड़ा धमाका हुआ है। रसोईघर में रखा गैस सिलेंडर जैसे ही फटा तो आग पूरे घर में फैल गई। आग की लपटों को देखकर आसपास के लोगों मौके पर पहुंच गए।

उधर एसडीएम पांगी रमन घरसंघी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पटवारी व नायब तहसीलदार को घटना का जायजा लेने के आदेश जारी कर दिए है। उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवार को नुक्सान के हिसाब से मुआवजा दिया जाएगा।

# ऑल्टो टैक्सी दुर्घटनाग्रस्त एक व्यक्ति घायल

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह के साथ लगती ग्राम पंचायत तादी के जागर में एक टैक्सी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें एक युवक रुप लाल आंशिक रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार टैक्स मालिक व चालक वेदप्रकाश हर रोज की तरह अपने काम के लिए टैक्सी स्टैंड पडोह की ओर आ रहा था अचानक मोड़ पर गाड़ी अनियंत्रित हो कर 80 मीटर गहरी ढांक में जा गीरी। चालक व इनका रिश्तेदार पहले ही खिड़की से बाहर गिर गए। जिस में रूप लाल को आंशिक चोटिल हुआ। जोनल अस्पताल मंडी में उपचार चल रहा है। गाड़ी का पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस चौकी पंडोह ने मामला दर्ज कर लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### दालंग-यांगला मार्ग को किया जाएगा अपग्रेड



**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में सड़क, पानी, बिजली शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ी पर विशेष प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इन कार्यों को धरातल पर उतरने के लिए जनजातीय उपयोजना के तहत समुचित धनराशि की भी व्यवस्था की जा रही है। यह बात विधायक अनुराधा राणा ने पंचायत बरगुल, मूलिंग शिफ्टिंग व गोंधला के विभिन्न गांव में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कही। अनुराधा राणा ने ग्राम पंचायत मूलिंग में आयुष विभाग के स्वास्थ्य औषधालय भवन के निरीक्षण उपरांत कहा कि आयुष विभाग के विभागीय औषधालय भवन के निर्माण के लिए भूमि का भी चयन किया जा रहा है। उन्होंने राजस्व अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि स्वेच्छा से भूमि दान करने वालों के साथ गिफ्ट डीड की प्राथमिकता से सभी औपचारिकताएं जल्द पूर्ण करें, ताकि विभाग का भवन तैयार हो सके। विधायक ने ग्रामीणों की मुख्य मांग पर दालंग यांगला संपर्क मार्ग की विशेष मरम्मत कर अपग्रेड करने की भी बात कही उन्होंने कहा कि इस संपर्क मार्ग को जल्द अपग्रेड किया जाएगा और बस सुविधा भी लोगों के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने पंचायत गोशाल में सामुदायिक भवन के द्वितीय तल में महिला मंडल भवन बनाने के लिए निर्देश जारी किए उन्होंने कहा कि यांगला महिला भवन मंडल के लिए भी समुचित धनराशि का प्रावधान किया जाएगा।

### लला मेमे फाउंडेशन ने चलाया सफाई अभियान



**केलांग।** लाहौल-स्पीति की समाजसेवी संसत लला मेमे फाउंडेशन ने पवित्र तीर्थ स्थल मणिमहेश में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान एसडीएम भरमौर कुलबीर राणा ने लला मेमे फाउंडेशन के 10 सदस्यीय दल को भरमौर के भरमानी माता से मणिमहेश के लिए रवाना किया। लला मेमे फाउंडेशन के सदस्यों ने मणिमहेश युवक मंडल हड़सर व हरियाणा से मणिमहेश की यात्रा पर आए रवि, योगेश, आर्यन व आशीष व तीसा से आए युवकों ने इस सफाई अभियान में भाग लिया। उन्होंने संपूर्ण परिक्रमा स्थल के साथ-साथ झील के आसपास सफाई की। फाउंडेशन के अध्यक्ष मंगल मनेपा ने बताया कि एसडीएम भरमौर की ओर से सफाई अभियान के लिए आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। मनेपा ने बताया कि मणिमहेश एक विश्वविख्यात धार्मिक स्थल है और इस धार्मिक स्थल की पवित्रता को बनाए रखने के लिए हम सब को सामूहिक प्रयास करना चाहिए। सफाई अभियान में मणिमहेश युवक मंडल हड़सर के सदस्य नेक राज, जनक, विजय, हीरा ने बताया कि स्थानीय युवकों के माध्यम से भी समय-समय पर सफाई अभियान चलाया जाएगा।

### अपराध पर नियंत्रण बारे दिए जरूरी दिशा-निर्देश



**केलांग।** न्यू पुलिस लाइन केलांग में लाहौल-स्पीति पुलिस की जेसीसी, वेलफेयर एवं मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी के द्वारा की गई। इस दौरान पुलिस उपअधीक्षक मुख्यालय राज कुमार, जिला निरीक्षक अनिल कुमार, थाना प्रभारी केलांग उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह, थाना प्रभारी उदयपुर उपनिरीक्षक मुकुल शर्मा, प्रभारी पुलिस थाना काजा उपनिरीक्षक पवन कुमार (ऑनलाइन माध्यम) एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। बैठक में जवानों के वेलफेयर से संबंधित मुद्दों पर संवाद व वेलफेयर से संबंधित समस्याओं का भी मौके पर ही समाधान किया गया। उसके पश्चात मासिक अपराध समीक्षा बैठक से संबंधित विषय में पुलिस अधीक्षक के द्वारा बैठक ली गई।

### सरकार रोजाना ले रही गलत निर्णय : अरविंद

**कुल्लू।** कुल्लू जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार अपने कार्यकाल में रोजाना गलत निर्णय ले रही है और उनके गलत निर्णय का खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस सरकार के द्वारा प्रदेश के निजी अस्पतालों में हिमकेयर कार्ड की सुविधा बंद कर दी गई है, जिससे जनता की परेशानी आने वाले दिनों में और बढ़ेगी। अरविंद चंदेल ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार के द्वारा लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में हिमकेयर कार्ड योजना को शुरू किया था, ताकि इलाज के लिए उन्हें दिक्कत का सामना न करना पड़े, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार आए दिन गलत फैसले लेकर जनता की परेशानियों को बढ़ा रही है। कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने हाल ही में सरकार द्वारा निजी अस्पतालों में हिमकेयर कार्ड की सुविधाओं को बंद करने के फैसले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से प्रदेश भर के 31 लाख हिमकेयर कार्ड धारक प्रभावित होंगे। प्रदेश में 292 अस्पताल इस योजना के तहत सेवाएं प्रदान कर रहे थे और अब तक प्रदेश में 7,64,707 मरीजों का मुफ्त इलाज हो चुका है, जिस पर 988 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इसके अतिरिक्त 370 करोड़ रुपए का भुगतान अभी भी सरकार द्वारा किया जाना बाकी है।

### आईआरएडी में अपलोड करें दुर्घटना संबंधी जानकारी



**कुल्लू।** एकीकृत सड़क सुरक्षा डेटाबेस (आईआरएडी) को लेकर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम प्रशिक्षण कार्यशाला में जहां मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू डॉ. नागराज पवार मुख्यातिथि रहे। वहीं, जिला रोल आउट प्रबंधक विनायक विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस मौके पर सीएमओ डॉ. नागराज पवार ने कहा कि कुल्लू के निजी अस्पतालों को एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस (आईआरडीए) में पंजीकृत किया जाएगा। इससे सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत रिपोर्ट सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को मिल सकेगी। निजी अस्पतालों को दुर्घटना की संपूर्ण जानकारी डेटाबेस में अपलोड करनी होगी। डॉ. पवार ने बताया कि देश सहित हिमाचल में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों का विश्लेषण कर आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने और दुर्घटनाओं में नियंत्रण के लिए सरकार की ओर से आईआरएडी (एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटाबेस) मोबाइल ऐप और वेब एप्लीकेशन तैयार किया गया है। इस डाटाबेस द्वारा दुर्घटना के कारणों की सही जानकारी होने से संबंधित विभागों के अधिकारीगण दुर्घटनाजन्य सड़क खंडों में आवश्यक सुधारात्मक उपायों का पता लगा सकते हैं।

# सड़कों की खस्ताहालत को लेकर विधायक ने ग्रामीणों के साथ किया धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सोमवार को उपमंडल मुख्यालय आनी में विरोध-प्रदर्शन किया। उन्होंने यह प्रदर्शन पीडब्ल्यूडी के दलाश सबडिवीजन के तहत आने वाली पुनन से गाड़-डीम सड़क की खस्ताहालत के विरोध में किया।

इस विरोध प्रदर्शन में सड़क से लाभान्वित होने वाले बखनाओ पंचायत के गाड़, डीम, खनेरी सहित कई अन्य गांवों के लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उनका कहना है



आनी के विधायक जनता के साथ आनी में निकाली रोष रैली के दौरान।

कि इस सड़क में बड़े-बड़े अनगिनत गड्ढों के कारण वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। सेब सीजन सिर पर है और सड़कें ऐसी हालत में हैं कि पिकअप और वाहन चालक इस सड़क में आने से तौबा कर रहे हैं, ऐसे में बागवानों को उनकी साल भर की मेहनत कर तैयार की गई सेब की फसल को मंडियों तक पहुंचाने की चिंता सताने लगी है।

विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने ग्रामीणों सहित एसडीएम कार्यालय के बाहर नारेबाजी की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को गाड़-डीम सड़क को 15 अगस्त से पहले दुरुस्त करने का अल्टीमेटम दिया और आनी कस्बे में चक्का जाम की चेतावनी दी। विधायक ने कहा कि आनी की बहुत सी सड़कों में एक साल कलवर्ट बंद पड़े हैं, बरसात का पानी सड़कों में बह कर डंगे गिर रहे हैं और जो डंगे बीती बरसातों में गिरे हैं, उन्हें एक साल बाद भी लगाया नहीं जा सका है। कई सड़कें ऐसी हैं, जहां बसें नहीं जा पा रही या फिर आधे रास्ते तक ही जा रही हैं। विधायक ने एसडीएम के माध्यम से प्रदेश सरकार को मांगपत्र भेजा, जिसमें उन्होंने आनी की सड़कों को सेब सीजन से पहले 15 अगस्त तक दुरुस्त करने की मांग की है।

## मल्टी टास्क वर्कर्स ने मांगों को लेकर सरकार को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



प्रदेश शिक्षा विभाग में कार्यरत मल्टी टास्क वर्कर्स ने शिक्षा विभाग के माध्यम से सरकार को अपना मांग पत्र सौंपा है।

सोमवार को हिमाचल प्रदेश मल्टी टास्क वर्कर यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत की अध्यक्षता में हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग अधीक्षक ग्रेड वन अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एलआर गुलशन और महासचिव कश्मीर सिंह ठाकुर से अधीक्षक ग्रेड वन महासंघ के स्थापना दिवस पर हमीरपुर में मिला। इस दौरान मल्टी टास्क वर्कर्स ने मांग पत्र को प्रदेश सरकार को प्रेषित किया, जिसमें प्रदेश सरकार से मांग की गई कि जो भी स्कूल मर्ज किए जा रहे हैं, उनके मल्टी टास्क वर्कर्स को साथ लगते स्कूलों में तैनात किया जाए। इसके अलावा मल्टी टास्क वर्कर्स को 10 महीने के बजाय 12 महीने का वेतन दिया जाए। वहीं, यह भी मांग उठाई कि मल्टी टास्क कर्मी के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सरकार जल्द से जल्द स्थायी नीति बनाए क्योंकि इसमें गरीब, विधवा, विकलांग व 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोग लगे हुए हैं।

## गीले अपशिष्ट के निस्तारण के लिए करें व्यवस्था

**कुल्लू।** कुल्लू में स्थित डीसी कार्यालय में नगर परिषद अधिकारियों और क्षेत्रीय अस्पताल के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में डीसी कुल्लू ने नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि वह नियमानुसार अपने कार्य क्षेत्र के अंदर आने वाले अस्पताल के शुष्क अपशिष्ट के निस्तारण की व्यवस्था करने के लिए जल्द उचित कदम उठाएं। डीसी ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि वे भविष्य में गीले अपशिष्ट के निस्तारण के लिए अपने स्तर पर व्यवस्था करें, ताकि उसका उचित निपटारा हो सके।

# अजय मिस्टर व सोनल के सिर सजा मिस पहाड़ी का खिताब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बेंगलुरु में बसे हिमाचलियों ने हर वर्ष की भांति इस बार भी हिमाचली संगम-2024 का भव्य आयोजन किया। हिमाचली इन बंगलुरू ग्रुप की ओर से इस संगम उत्सव में जहां पहाड़ी संस्कृति की छटा बिखेरी। वहीं, पहाड़ी खाना और गाना दोनों ने भी खूब रंग जमाया, जिसका हर किसी ने खूब लुत्फ उठाया।

कार्यक्रम में बेंगलुरु में रहने और काम करने वाले 1500 से अधिक हिमाचली लोगों ने भाग लिया। हिमाचली इन बेंगलुरु (हिब) समुदाय हर साल इस कार्यक्रम को मनाता है। इस समुदाय ने हिमाचल के सीएम सुक्खू को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया था। हालांकि मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में नहीं जा पाए, लेकिन उन्होंने बेंगलुरु में रह रहे सभी हिमाचलियों के लिए एक वीडियो संदेश साझा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं, बेंगलुरु से संबंध रखने वाले कुल्लू के एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन को भी इस कार्यक्रम के बारे में जब पता चला, तो उन्होंने भी एक वीडियो संदेश के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं साझा कीं और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हिमाचल व बेंगलुरु दोनों राज्यों की संस्कृति को जहां बढ़ावा मिलेगा। वहीं, आपसी प्यार भी बढ़ेगा।



हिमाचली संगम-2024 के आयोजन के दौरान हिमाचल के लोग व मिस्टर व मिस खिताब के विजेता।

### हिमाचली नाटी पर खूब झूमे सभी

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस उत्सव में हिमाचली नाटी भी शामिल थी। हिमाचलियों के साथ-साथ बेंगलुरु के लोग भी नाटी पर खूब झूमें। समारोह में उपस्थित लोगों ने इन सभी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

### मंडियाली धाम के लगे चटकारे

इस वर्ष इस कार्यक्रम में हिमाचली धाम में मंडियाली धाम परोसी गई थी, जिसके लिए मंडी जिले विशेष रूप से 8 बोटी भी खाना बनाने के आमंत्रित किए गए थे। इस मंडियाली धाम ने हर हिमाचली व बेंगलुरु के लोगों को चटकारे लगाने पर मजबूर किया।

### मिस्टर और मिस पहाड़ी 2024 चुने

इस समारोह में हिमाचली धाम के साथ-साथ जहां हिमाचली संस्कृति का भी बखान हुआ वहीं, इस दौरान मिस व मिस्टर पहाड़ी प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। इसमें अजय कटोच को मिस्टर पहाड़ी व सोनल राठौर को मिस पहाड़ी के खिताब से नवाजा गया। इस कार्यक्रम में हिमाचलियों का अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जहां प्यार देखने को मिला। वहीं, बहुत सी यादें भी उन्होंने इस समारोह के माध्यम से कैमरे के माध्यम से समेटी।

# पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण आठ घंटे बंद रहा लेह मार्ग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण सोमवार को मनाली-लेह मार्ग आठ घंटे बंद रहा। इस मार्ग पर केलंग सराय पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। पुल के क्षतिग्रस्त होने से खतरा बढ़ गया था। बीआरओ ने सोमवार सुबह पुल का मरम्मत कार्य शुरू किया।

शाम चार बजे तक पुल तैयार कर लिया। हालांकि चार बजे के बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई, लेकिन वाहन चालकों व पर्यटकों को आठ घंटे तक सड़क बहाली का इंतजार करना पड़ा। मनाली-लेह मार्ग के सरचू तक दीपक परियोजना, जबकि सरचू से लेह तक हिमांक परियोजना सड़क की देखरेख कर रही है। बीआरओ ने इस मार्ग पर जगह-जगह सड़क मरम्मत का कार्य शुरू किया है। 430 किमी लंबे इस मार्ग के डबल लेन



बन जाने से न केवल सफर सुहाना हुआ है, बल्कि सफर मात्र 10 घंटे का रह गया है। वाहन चालक नरेंद्र ने बताया कि पुल मरम्मत कार्य के चलते पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। इस कारण पर्यटकों व राहगीरों को दिक्कत भी हुई। लेह मार्ग के चकाचक हो जाने से सफर सुहाना हो गया है। सरचु पोलिस चेक पोस्ट के इंचार्ज छोटे लाल ने बताया कि शाम चार बजे वाहनों की आवाजाही सुचारु हो गई। बीआरओ अधिकारी ने बताया कि पुल क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। पुल की मरम्मत कर ली गई है।

## मंदिरों में भक्तों का लगा जमावड़ा

**पतलीकूहल।** सावन के महीने में इन दिनों शिव मंदिरों में भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है। श्रद्धालुओं के लिए मंदिरों में कमेटी और दानियों के



सौजन्यों से भंडारे का आयोजन किया जाता है। सावन के दूसरे सोमवार को बाड़ी स्थित शिव मंदिर में खीर का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन बाड़ी, जैंडी और बशकोला गांव के भक्त मिल कर करते हैं। इस दौरान सैकड़ों शिव भक्तों ने शिव मंदिर बाड़ी में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी बाड़ी के प्रधान रीमन सिंह ठाकुर ने बताया कि शिव मंदिर में हर साल सावन महीने में तीनों गांव बाड़ी, जैंडी और बशकोला मिलकर खीर के भंडारे का आयोजन करते हैं। सावन माह में शिव की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है इसलिए बाड़ी में स्थित शिव मंदिर में सैकड़ों की संख्या में आसपास के लोग पूजा करने आते हैं। इन भक्तों को माह में एक बार कमेटी तीनों गांव के साथ मिलकर खीर भंडारे का आयोजन करती है। इस मंदिर में दो शिवलिंग विराजमान हैं, जिस कारण इस मंदिर की विशेषता काफी अधिक है।

## संगठन को पूरा समय देने वाले सदस्यों को संगठन के साथ जोड़ा जाएगा : बलदेव

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बलदेव सिंह ठाकुर को हिंदुस्तानी सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सोमवार को जिला मुख्यालय ढालपुर में स्थित प्रेस क्लब भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बलदेव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंदुस्तानी सेवादल की तरफ से उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। हिंदुस्तानी सेवादल गांधीवादी विचारधारा एवं सेवादल पद्धति पर आधारित एक सामाजिक संस्था है। बलदेव के अनुसार हिंदुस्तानी सेवादल का उद्देश्य भारतीय जनता में स्वंयसेवा द्वारा संगठित कार्य और आत्म निर्भरता पैदा कर उनका विकास गांधीवादी विचारधारा के अनुरूप करना है, जिसका लक्ष्य आदर्श नागरिक तैयार करना है। बलदेव इससे पूर्व जय हिमाचल वीर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

इस दौरान बलदेव ने उन्हें दी गई जिम्मेदारी के लिए हिंदुस्तानी सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीपी जोशी ओर सचिव बलराम सिंह भदौरिया का धन्यवाद करते हुए बताया कि उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है। (अनंत ज्ञान)

### हिंदुस्तानी सेवादल कार्यकारिणी के सदस्य

प्रताप कौंडल बिलासपुर, करतार सुंदरनगर, प्रताप ठाकुर सोलन, सहाव सिंह मेहता रोहड़ू, विश्वानंद ठाकुर चैल सोलन, रमेश ठाकुर कंडाघाट सोलन, देवेंद्र शर्मा मंडी, शिव चंद जुवाली कांगड़ा, निक्का राम चौधरी मंडी, ओंकार ठाकुर गलोड़ हमीरपुर, किशोरी लाल हमीरपुर, नरेश ठाकुर ऊना, अनुराग शर्मा सपाटू सोलन आदि को चुना गया। महिला विंग के नवनियुक्त सदस्य में कुमारी मनभरी कांगड़ा, शकुंतला कश्यप मंडी, सीता चौहान सोलन, सत्य वर्मा सुनी शिमला, सरिता चंदेल शिमला, पुष्पा नेगी कुल्लू को चुना गया। जिला अध्यक्ष में दर्शन लाल लाहौल-स्पीति, रोहित ठाकुर कुल्लू, चित्र राम शास्त्री मंडी, मस्त राम हमीरपुर, उत्तम डोगरा कांगड़ा, देवराज पुजारी चंबा, राकेश शर्मा ऊना, राजेश्वर ठाकुर सोलन, मोहन दास शर्मा एमडी शिमला, मनोज ठाकुर सिरमौर, अजित नेगी टापरी किन्नौर, राज कुमार बिलासपुर को चुना गया। मुख्य प्रशिक्षण अध्यक्ष में दीनू राही कुल्लू, दीना नाथ भंडारी मंडी, रोशन लाल बरमाणा बिलासपुर को चुना गया।




हिंदुस्तानी सेवा दल के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष बलदेव सिंह ठाकुर पत्रकारों को संबोधित करते हुए।

## हिमकेयर योजना बंद कर मरीजों का बढ़ाया दर्द : ठाकुर

**मनाली।** भाजपा मनाली मंडल के अध्यक्ष ठाकुर दास ने निजी अस्पतालों में हिमकेयर योजना का लाभ बंद किए जाने पर प्रदेश की सुक्खू सरकार पर हमला बोला है। सुक्खू सरकार ने रोगियों के दर्द को और बढ़ा दिया है। पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा 141 निजी अस्पतालों में चलाई गई इस योजना को बंद करने से साफ हो गया है कि सुक्खू सरकार लगभग दो साल से प्रदेश में बदले की भावना से कार्य कर रही है। नीजि अस्पतालों में हिम केयर योजना को बंद किए जाने से सुक्खू सरकार की नाकामियों का पता चला है। सुक्खू सरकार अभी तक जनता को कोई भी लाभकारी योजना नहीं दे पाई है।

# पीएम की भुट्टिको की सराहना से बुनकर व प्रदेश की जनता गौरवान्वित : सत्य प्रकाश

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

पूर्व मंत्री एवं भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा है कि मन की बात कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के भुट्टिको शॉल और ऊनी कपड़ों का जिले किया, जो कि हिमाचल के बुनकरों के लिए गर्व का विषय है।

ढालपुर स्थित प्रेस क्लब भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से भुट्टिको सोसायटी का जिक्र होने से जहां सोसायटी से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े लोगों का हौसला बढ़ा है। वहीं, हिमाचल प्रदेश के हथकरघा उद्योग से जुड़े बुनकरों व लोगों के साथ-साथ इस व्यवसाय में नए बुनकरों के जुड़ने का रास्ता भी




पूर्व मंत्री एवं भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर व सोसायटी के अन्य पदाधिकारी।

निश्चित रूप में प्रशस्त होगा। इसके अलावा हथकरघा बुनकरों को घरेलू और विदेशी बाजार में उचित स्थान प्राप्त होगा। पूर्व मंत्री और भुट्टिको के अध्यक्ष सत्यप्रकाश ठाकुर ने कहा कि मेरे लिए हथकरघा क्षेत्र में की गई अपनी 65 वर्षों से अधिक की तपस्या और चार पीढ़ियों के लिए गर्व का क्षण है। भुट्टिको की आत्मा स्व. वेदराम ठाकुर ने छोटी सी सोसायटी के रूप मर जो बीज बोया था, वह सोसायटी आज फल बनकर देश व दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाने के साथ ही हजारों लोगों को रोजगार भी प्रदान कर रही है। हमारी चार पीढ़ियों के समर्पण भाव से हथकरघा और सहकारिता के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करने का महत्वपूर्ण प्रतिफल है, जो देश के प्रधानमंत्री के मुखारविंद से मन की बात कार्यक्रम में भुट्टिको शॉल और गर्म वस्त्रों की वैश्विक पहचान के जिक्र से भुट्टिको के उत्पादों की सत्यता, व्यापकता और गुणवता प्रमाणित हुई है।

**बैठक** अधिकारियों को 15 दिन के भीतर कार्रवाई कर सूचना एसडीएम कार्यालय भेजने के निर्देश

# समस्याओं पर उचित कार्रवाई करे विभाग: नरेश वर्मा

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

उपमंडल स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम नरेश वर्मा ने सभी विभागों के अधिकारियों को बैठक में पेश की गई समस्याओं पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि बैठक में सदस्यों की ओर से जनहित में पेश की गई समस्याओं के निवारण पर विभागीय कार्रवाई की सूचना 15 दिनों के भीतर उपमंडलदंडाधिकारी कार्यालय को भेजना भी सुनिश्चित किया जाए, जो कार्य उपमंडल स्तर के अधिकारियों द्वारा किए जाने हैं उस कार्य को तुरंत अंजाम दिया जाए और जो कार्य उच्चाधिकारियों के द्वारा किया जाना है



उपमंडल स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम आनी।

उसे संबंधित अधिकारी के ध्यान में लिखित में लाया जाए। समिति के सदस्य रामकृष्ण ने बैहना से शेगुबाग और कोट की पेयजल योजना का मामला उठाया।

आईपीएच के अधिशाषी अभियंता किशोर कुमार ने इस दौरान मामले पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। सदस्य ने नगान में 66केवी के स्टेशन की अनियमित्ता और एनएच-305 को दुरुस्त करने का मामला भी उठाया। सदस्य रमेश ने दशोग और सदस्य उत्तम ठाकुर ने अमरबाग क्षेत्र में खतरनाक बिजली की तारों को तुरंत हटाने और डंगा लगाने के कारण सड़क की समस्या बैठक में रखी। सदस्या कुकी ठाकुर ने चिमनी कैंची से कोठी सड़क दुरुस्त न होने का मामला उठाया। फलैला नाला के पास एनएच-305 पर लगातार हो रहे भू-स्खलन और जलोड़ी क्षेत्र में सड़क मार्ग दुरुस्त न होने के कारण समस्याओं को समिति के ध्यान में लाया गया। सदस्य बालकृष्ण ने नंहोंग पंचायत की सड़कों में डंगे गिरने के कारण खस्ताहाल सड़क का मामला उठाया। सदस्य सुभाष ने राणाबाग से करशैगाड़ की खस्ताहाल सड़क की समस्या के निवारण की मांग की। उपमंडलाधिकारी ने मामले पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने को कहा। सदस्य ने पंचायत सचिवों को पंचायत में न आने की समस्या का प्रश्न उठाया। उन्होंने मांग की कि समिति के अध्यक्ष मामले पर उचित कार्रवाई करे क्योंकि इस कारण लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम ने मौके पर ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने को कहा। (अनंत ज्ञान)

## सरकार व प्रशासन स्थानीय विधायक को जनहित के मुद्दों से दूर रखकर कर रहे मनमानी : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार क्षेत्र में मुख्य सड़क के आसपास की 15 पंचायतों में 100 मीटर के दायरे के क्षेत्र को सरकार ने टीसीपी के अंतर्गत लाने की अधिसूचना जारी कर दी है, जिस कारण अब लगभग 20 गांवों में निर्माण कार्य को लेकर टीसीपी की अनुमति लेने पड़ेगी व निर्माण कार्य जटिल हो जाएंगे। ऐसे में विभिन्न हित्तधारकों व पंचायत प्रतिनिधियों की इस अधिसूचना पर अलग-अलग प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं।



ऐसे में बंजार उपमंडलाधिकारी तथा गांव व नगर नियोजन अधिकारी की ओर से बंजार के जीभी में गत दिनों जनसुनवाई के लिए बैठक रखी गई थी, जिसमें विभिन्न हित्तधारकों, समाजसेवियों व जनप्रतिनिधीयों को आमंत्रित किया गया था, लेकिन बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी को इस बैठक में न तो आमंत्रित किया गया और न ही इसकी कोई सूचना दी गई, जिस पर शौरी ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि कांग्रेस सरकार व प्रशासन स्थानीय विधायक को जनहित के मुद्दों से दूर रखकर अपनी मनमानी करना चाहती है। इसलिए जनहित की इस अतिमहत्वपूर्ण बैठक से स्थानीय विधायक को दूर रखा गया व इसकी कोई सूचना देना उचित नहीं समझा गया। विधायक शौरी ने कहा कि वे इस मामले में बंजार उपमंडलाधिकारी तथा नगर नियोजन अधिकारी के खिलाफ विधानसभा में विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाएंगे। एक विधायक के पद की गरिमा व मान को दरकिनार कर स्थानीय प्रशासन कांग्रेस सरकार के नुमाइंदों के हाथों की कठपुतली बनकर रह गया है।



## न्यूज ब्रीफ

### जयप्रकाश बने चूड़ेश्वर लीजेंड्स के अध्यक्ष



**नाहन।** हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता एचपीसीएल सीजन-3 में इस बार सिरमौर की टीम चूड़ेश्वर लीजेंड्स सिरमौर के नाम से पहली बार भाग लेगी। यह निर्णय हरिपुरधार में चूड़ेश्वर लीजेंड सिरमौर की बैठक में लिया गया। बैठक में चूड़ेश्वर लीजेंड्स सिरमौर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें जयप्रकाश ठाकुर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। सुरेश चौहान को चूड़ेश्वर लीजेंड्स सिरमौर का कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया, जबकि राजेंद्र गाज्टा को सर्वसम्मति से महासचिव मनोनीत किया गया। बैठक में संजीव को कोषाध्यक्ष, जबकि रणवीर ठाकुर और विक्रम सिंह को चूड़ेश्वर लीजेंड्स सिरमौर का मुख्य सलाहकार बनाया गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं मुख्य सलाहकार रणवीर ने बताया कि शीघ्र ही चूड़ेश्वर लीजेंड सिरमौर की क्रिकेट टीम को चयन करने और गठन करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, ताकि एचपीसीएल लीग के टूर्नामेंट में उच्च स्तर की टीम को भेजा जा सके।

### डॉ. धनीराम शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल आज यानी 30 जुलाई को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल प्रातः 10.30 बजे सोलन की पंचायत तुंदल के रूढ़ा में 'वन महोत्सव तथा पौधरोपण अभियान' में शामिल होंगे।

### चार लोगों को की कृत्रिम अंग लगाने की पहल



**नाहन।** रोटरी क्लब सिरमौर हिल्स की ओर से आध्यात्मिक कृत्रिम अंग के लिए नाहन से रोटरी क्लब के प्रधान अमित धारी की ओर से पानीपत में अंगों के मेजरमेंट के लिए चार लोगों को ले जाया गया, उन्होंने बताया कि 15 दिन बाद ये अंग इनको जीरकपुर में लगाए जाएंगे और ट्रेनिंग भी दी जाएगी की इनको कैसे प्रयोग करना है। जरूरतमंद लोगों की मदद करना ही रोटरी क्लब सिरमौर हिल्स का प्रयास रहता है। रोटरी क्लब के प्रधान ने कहा कि वो हमेशा जरूरतमंद लोगों की सेवा के तत्पर तैयार रहते हैं हाल में ही अभी नाहन हॉस्पिटल में उन्होंने चिल्ड्रन वार्ड को एडॉप्ट किया है।

### प्रो. आरके पठानिया अन्नपूर्णा सेवा समिति के प्रधान




**सोलन।** अन्नपूर्णा सेवा समिति सोलन की आम सभा की बैठक स्थानीय पैरागॉन होटल में संपन्न हुई, जिसमें समिति के करीब डेढ़ सौ सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से समिति की नई टीम का चयन किया गया। रिटर्निंग आफिसर प्यारे लाल गुप्ता व सहायक रिटर्निंग अफसर आरपी राणा ने समिति के सभी पांच पदों के लिए विधिवत चुनाव करवाए। बैठक में प्रो. आरके पठानिया को समिति का प्रधान, अशोक ग्रोवर को उपप्रधान, बलवंत सिंह को महासचिव, संतोष भल्ला को सहसचिव व अश्विनी सिंगला को कोषाध्यक्ष चुना गया। सभी पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। रिटर्निंग अफसर पीएल गुप्ता ने चुनाव प्रक्रिया को शुरू किया सर्वसम्मति से चुनाव के उपरांत गुप्ता ने सभी पांचों पदाधिकारियों को सेवा व समर्पण की शपथ दिलाई।

### हिमकेयर योजना को बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण : पाल



**सोलन।** भाजपा जिला अध्यक्ष रतन सिंह पाल ने कहा कि सोलन में वर्तमान सरकार द्वारा दो सौ कार्यालय बंद करने के बाद अब हिम केयर जैसी योजना को निजी अस्पतालों में बंद करवाना दुर्भाग्यपूर्ण है और हिमाचल के गरीब लोगों के साथ धोखा है। केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना शुरू करने के बाद प्रदेश के जो अन्य वर्ग था , उनको कैशलेस इलाज देने के लिए हिमकेयर योजना को लागू कर पूरे प्रदेश के गरीब जन मानस को उस योजना में शामिल किया था, जिसका लाभ प्रदेश के गरीब लोगों को मिला था, लेकिन जिस प्रकार वर्तमान सरकार ने इस योजना को निजी अस्पतालों में बंद किया, उससे साफ जाहिर हो गया कि यह सरकार जन और कर्मचारी विरोधी है। र पाल ने कहा कि कांग्रेस की यह मित्रो की सरकार ने हिमकेयर योजना को इसलिए बंद किया और उसे अब अवरुद्ध करने का प्रयास कर रही है क्योंकि यह जनकल्याणकारी योजना को पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा शुरू किया गया था। वर्तमान में हिमाचल और हिमाचल से बाहर 292 अस्पतालों में हिम केयर कार्ड की सुविधा दी जा रही थी। इनमें 141 निजी अस्पताल थे, अब भी राज्य सरकार के ऊपर करीब 370 करोड़ की देनदारी है।

# हिमुडा की शर्तों में पिसने को मजबूर लोग

## निगम के नियंत्रण के बावजूद हाउसिंग कॉलोनी में व्यावसायिक गतिविधियां प्रतिबंधित

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन के वार्ड-14 के तहत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेज एक और फेज-2 में स्थानीय लोगों पर हिमुडा की शर्ते लागू हैं। निगम में विलय का बावजूद कॉलोनी में बने भवनों में व्यावसायिक गतिविधियां प्रतिबंधित हैं। कॉलोनी में सैकड़ों भवन बनने के बावजूद यहां डेली नीड की दुकान खोलना मुश्किल है। ऐसे में स्थानीय लोगों को दूध, अंडा, ब्रेड और अन्य छोटी-छोटी चीजों को लाने के लिए सैकड़ों सीढ़ियां चढ़कर बाजार आना पड़ता है। शुरू में हिमुडा ने कॉलोनी में शॉपिंग कांप्लेक्स बनाया जरूर पर, तब जनसंख्या कम होने के कारण किसी ने दुकानें नहीं ली। बाद में हिमुडा ने शॉपिंग कांप्लेक्स को आबकारी एवं कराधान विभाग को बेच दिया। मांग को देखते हुए कुछ लोगों ने अपने गैरेज में डेली नीड्स की दुकानें खोली, तो हिमुडा ने नोटिस थमा दिए। ऐसे में अब कॉलोनी के लोग निजी भवनों में बने गैरेज में जरूरत की व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति दिए जाने की मांग उठा रहे हैं। रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी वार्ड पार्षद राजीव कौड़ा के नेतृत्व में मामला सरकार के ध्यानार्थ लाने की तैयारी कर रही है।



वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी फेज-एक और फेज-दो।

### सुविधाएं देने के दावे हवा

हिमुडा ने अस्सी के दशक में प्रदेश की पहली आवासीय कॉलोनी का निर्माण सोलन के सपरून में किया था। योजना के मुताबिक यहां पर आवासीय भवनों का निर्माण तो किया पर मास्टर प्लान के मुताबिक स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी, सीवरेज, पार्किंग और शॉपिंग कांप्लेक्स की सुविधाएं देने के दावे किए गए। दशकों बीत जाने के बावजूद कॉलोनी में स्वास्थ्य, शिक्षा और पार्किंग के लिए जगह उपलब्ध नहीं हुई पर हिमुडा की तरफ से रेसिडेंट्स पर थोपी गई शर्तें आज भी लागू हैं। हिमुडा ने सपरून में बनी हाउसिंग कॉलोनी फेज-एक और फेज-दो में भवनों का पोस्सेशन देने के साथ किसी भी तरह की व्यावसायिक गतिविधि नहीं करने की शर्त भी लागू कर दी। नब्बे के दशक में फेज-एक कॉलोनी को तत्कालीन नगर परिषद में शामिल कर दिया। निकाय के नियंत्रण में आने के बावजूद स्थानीय लोगों को हिमुडा की शर्तों से छुटकारा नहीं मिल पाया।

### पार्किंग की जगह नहीं

कॉलोनी में बढ़ती आबादी के साथ वाहनों की संख्या में इजाफा हुआ है। हालात ऐसे हैं कि कॉलोनी में वाहन पार्क करने की जगह नहीं बची है। कॉलोनी में हिमुडा के अधिकतर भवन डिस्मेंटल कर नए सिरे से बनाए गए हैं। आबादी बढ़ने और बाजार से दूरी के चलते यहां पर लोगों को डेली नीड की चीजों को खरीदने के लिए शहर पहुंचना पड़ता है। नियम के मुताबिक निकाय के दायरे में आने वाले क्षेत्रों में व्यवसायिक गतिविधियां की जा सकती हैं।

स्थानीय पार्षद पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा ने कहा कि मामले को संबंधित विभाग के मंत्री के समक्ष उठाया जाएगा। साथ ही नगर निगम के माध्यम से भी कॉलोनी को हिमुडा की शर्तों से मुक्त करने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

## स्नेचरों के आतंक के सामने पुलिस बेबस

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला में स्नेचिंग व लूटपाट के मामले रुकने के नाम नहीं ले रहे हैं। रोजाना मोबाइल स्नेचिंग की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना है और पुलिस स्नेचरों के आगे बेबस नजर आ रही है। एरिया में स्नेचरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि दिन-दिहाड़े पैदल सड़कों से मोबाइल स्नैच के साथ-साथ लूटपाट भी कर रहे है, जिससे अब पैदल चलना भी मुश्किल हो चुका है, लेकिन बद्दी पुलिस अभी तक एक भी अपराधी को नहीं पकड़ पाई है। अब बद्दी में भूपनगर के समीप अमित कुमार नाम के व्यक्ति के साथ मारपीट के बाद मोबाइल स्नेचिंग का मामला सामने आया।

पुलिस को दी शिकायत में अमित ने बताया कि बीते दिन दवा लेने के लिए अपने कमरे से वर्धमान चौक की तरफ जा रहा था, तो अज्ञात लोग आए, जिन्होंने पहले मारपीट की और फोन छीनकर जबरन ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से छह हजार रुपए ट्रांसफर करवाए और 1500 रुपए कैश जेब से निकालकर फरार हो गए, जिसके बाद मोबाइल फोन फेंक कर धमकी दी, अगर किसी तरह की शिकायत दी, तो फिर से मारपीट करेंगे। पीड़ित ने बद्दी थाने में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि शिकायत मिली है, जिसकी जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## जर्नलिस्ट ऑफ यूनियन संगड़ाह इकाई के अध्यक्ष बने हेमंत चौहान

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नौहराधार में स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में मंडल जर्नलिस्ट ऑफ यूनियन संगड़ाह इकाई का पहली बार गठन किया गया, जिसमें करीब एक दर्जन से अधिक पत्रकारों ने भाग लिया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार संजीव ठाकुर व कपिल ठाकुर ने की।

बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी गठित की गई। बैठक में तय किया गया कि सभी मंडल स्तर के पत्रकार एक जुट होकर संगठन पत्रकारों के हितों की लड़ाई में अग्रणी रहेंगे। वहीं, क्षेत्र की समस्याओं व विकासात्मक मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष हेमंत चौहान, महासचिव कश्मीर सिंह, योगेंद्र कपिला उपाध्यक्ष, विनोद ठाकुर कोषाध्यक्ष, रामलाल शर्मा कार्यालय सचिव, कपिल शर्मा प्रेस सचिव, विजय कुमार को सह-सचिव बनाया गया। वहीं कमलनयन चौहान, राजेश



ठाकुर, दीपांशु शर्मा, मुकेश कुमार, सोनल ठाकुर, प्रवीण कुमार को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य सलाहकार भीम सिंह ठाकुर व मेला राम शर्मा ने सभी नवगठित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी नियुक्त पदाधिकारी अपने-अपने पदों की गरिमा बनाए रखने के साथ-साथ अपने क्षेत्रों की समस्याओं को जिम्मेदारी के साथ उठाएं। वरिष्ठ पत्रकार संजीव ठाकुर व कपिल ठाकुर संयोजक, मुख्य सलाहकार वरिष्ठ पत्रकार भीम सिंह ठाकुर व मेला राम शर्मा को बनाया गया।

## चिट्टे की सप्लाई में संलिप्त पंजाब के तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस का नशा तस्करों, असामाजिक तत्वों और चोरों के खिलाफ कार्रवाई का अभियान लगातार जारी है। एसपी सोलन गौरव सिंह के नेतृत्व में पुलिस की तरफ से नशा तस्करों पर विशेष रूप से कड़ी नजर रखी जा रही है।

इस क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि पंजाब के रोपड़ जिले से चिट्टा तस्कर आरोपी हरप्रीत सिंह का नेटवर्क हिमाचल के युवाओं को भारी मात्रा में चिट्टा सप्लाई करने में सक्रिय है, जिसको सोलन पुलिस ने ध्वस्त किया है। इसके तहत पुलिस की स्पेशल टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर पावर हाउस रोड सोलन में खड़ी गाड़ी को चेक किया, तो कार में सवार दो युवकों राजीव गुप्ता पुत्र पवन कुमार गुप्ता निवासी सोलन उम्र 35 वर्ष व अमित रावत पुत्र अशोक रावत निवासी 26 वर्ष को करीब 19 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया और कार को भी जब्त किया गया। इस संदर्भ में पुलिस थाना



पंजाब और सोलन से गिफ्तार चिट्टा सप्लायर पुलिस की गिरफ्त में।

सदर सोलन में अभियोग के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इस मामले की जांच के दौरान चिट्टे के सप्लायर नेटवर्क का आरोपी रोपड़ निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ जिम्मी नामक एक व्यक्ति पाया गया, जिससे ये खरीद कर लाए थे, जिस पर आरोपी हरप्रीत सिंह पुत्र कुलजीत सिंह निवासी रोपड़ पंजाब उम्र 31 साल को मोहाली पंजाब से गिरफ्तार किया गया है, जिसे न्यायालय में पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है। जांच पर पाया गया कि आरोपी हरप्रीत सिंह काफी समय से हिमाचल के युवाओं को चिट्टा सप्लाई कर रहा था।

गिरफ्तार दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। एक अन्य मामले में 26 जुलाई की रात्रि को पुलिस थाना सदर सोलन की पुलिस टीम द्वारा एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए गांव बावरा चंबाघाट स्थित एक मकान से तीन युवकों नितिन कुमार पुत्र संतराम निवासी तहसील अर्की उम्र 24 वर्ष, दीक्षित शर्मा पुत्र चंद्र निवासी सलोगड़ा उम्र 24 वर्ष व साहिल पुत्र हरीश कुमार निवासी सोलन उम्र 21 को करीब छह ग्राम चिटटा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में अभियोग के तहत मामला पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर जांच की गई, जिस पर पाया गया कि यह आरोपी हरप्रीत सिंह से ही खरीद कर लाए थे, जिस पर उसे थाना सदर सोलन पुलिस की टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है, जो 3 दिन की पुलिस हिरासत में है। सोलन पुलिस द्वारा पिछले एक वर्ष में अब तक बाहरी राज्यों के 100 से ज्यादा आरोपियों जिनमें चिट्टे/नशे के 90 बड़े सप्लायर हैं, जो दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, असम, महाराष्ट्र आदि राज्यों से हैं, उनको गिरफ्तार किया जा चुका है।

## टैक्सी ऑपरेटर यूनियन ने सीपीएस से उठाई पार्किंग के निर्माण की मांग

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

द फ्रेंड्स टैक्सी ऑपरेटर यूनियन व छोटे माल वाहक यूनियन दाड़लाघाट के सदस्यों ने दाड़लाघाट में पार्किंग का निर्माण करवाने की सरकार व प्रशासन से मांग उठाई है।

इसी को लेकर छामला में प्रदेश सरकार में मुख्य संसदीय सचिव व विधायक अर्की संजय अवस्थी से टैक्सी यूनियन व छोटे मालवाहक यूनियन के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सीपीएस से कहा कि दाड़लाघाट में



सीपीएस संजय अवस्थी से मिलते द फ्रेंड्स टैक्सी ऑपरेटर यूनियन सदस्य।

पार्किंग न होने के चलते लोगों के लिए पार्किंग की समस्या चिंता का विषय बन गई है। पार्किंग न होने से स्थानीय टैक्सी यूनियन, छोटे मालवाहक यूनियन और दुकानदारों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। छोटे मालवाहक व टैक्सी यूनियन के मालिकों व चालकों ने बताया कि यहां पर एक पार्किंग होनी चाहिए, जिससे सभी टैक्सी व छोटे मालवाहक अपनी गाड़ियां खड़ी कर सकें। संजय अवस्थी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि यूनियन की मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

## उपचुनाव की आड़ में लोकसभा चुनाव में मिली हार को छिपाने का प्रयास कर रहे सीपीएस : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा प्रवक्ता सोलन शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि लोकसभा चुनावों में अपने अर्की विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 15000 से अधिक वोटों की लीड़ दिलाकर कांग्रेस की नाक कटाने वाले कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं विचाराधीन सीपीएस संजय अवस्थी के पास अब कहने को कुछ नहीं। उपचुनावों की आड़ में अवस्थी कांग्रेस को मिली शर्मनाक हार को छिपाने की कोशिश में है।



सोलन से भाजपा का सफाया होने की डींगे हांकने वाले पहले अपने गिरेबान में झांक कर तो देखें। अवस्थी को इस बात का अंदाजा होना चाहिए कि हाल ही में लोकसभा चुनाव में शिमला के सांसद सुरेश कश्यप 91451 वोटो से जीत प्राप्त की थी, जबकि अकेले सोलन जिले से 52106 वोट से लीड भारतीय जनता पार्टी को मिली थी। कार्यकारी अध्यक्ष व विचाराधीन सीपीएस संजय अवस्थी के बूथ कंधार से कांग्रेस को मात्र 19 वोटों की लीड दिलाने में कामयाब हुए थे और अर्की से सबसे ज्यादा लीड़ भारतीय जनता पार्टी को 15484 वोटों की लीड मिली थी।

## संजय अवस्थी आज अर्की के प्रवास पर

**सोलन।** मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी 30 जुलाई को अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। संजय अवस्थी आज पंचायत सरयांज के पमबाड़ में वन विभाग द्वारा आयोजित 75वें मंडल स्तरीय वन महोत्सव की अध्यक्षता करेंगे। मुख्य संसदीय सचिव तदोपरांत पमबाड़ में स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

## हिमकेयर योजना बंद करना निंदनीय : ठाकुर

**सोलन।** भाजपा मंडल सोलन के अध्यक्ष मदन ठाकुर ने कहा कि पूर्व की



जयराम सरकार ने जनता को समर्पित हिमकेयर योजना से इलाज करवाने में प्रदेश की जनता को आसानी से स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही थी पर हाल ही में सुक्खू सरकार के मंत्रिमंडल ने हिम केयर कार्ड को निजी अस्पतालों में चलाने से इनकार कर दिया है, जो कि निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। हिमाचल में सरकारी कर्मचारियों के लिए भी हिम केयर कार्ड को बंद कर दिया है। इससे प्रदेश की जनता आहत और निराश है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस फैसले को तुरंत प्रभाव से वापस ले, अन्यथा भाजपा आंदोलन करेगी।

## हिमकेयर योजना बंद कर कांग्रेस ने किया जनता से धोखा : बलदेव

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर ने हिमाचल की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश के प्राइवेट अस्पतालों में हिम केयर कार्ड को बंद करने के निर्णय पर निराशा प्रकट करते हुए इसे जनहित के खिलाफ कांग्रेस का एक और तुगलकी फरमान बताया है।



कांग्रेस की मौजूदा सरकार हिमाचल के इतिहास की सबसे क्रप्ट, कन्फ्यूज और कामचोर सरकार साबित हुई है। 19 महीने की इस सरकार की अपनी तो कोई उपलब्धि है ही नहीं। साथ ही भाजपा के अच्छे कामों पर तालाबंदी कर कांग्रेस जनता के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है। साल 2019 में भाजपा ने अपने कार्यकाल में हिमाचल में आयुष्मान भारत योजना से छूट गए लोगों को कैशलेस इलाज देने के लिए हिमकेयर योजना को शुरू किया था, जिसे प्रदेश के लाखों लोगों को लाभ मिल रहा था। सरकारी अस्पतालों में अच्छा इलाज न मिलने की स्थिति में प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवाने की सुविधा जनता के लिए वरदान बनी थी, मगर हिमाचल में जनता का सहारा बनी हिमकेयर योजना को कांग्रेस सरकार ने निजी अस्पतालों के लिए बंद करने का तुगलकी फैसला लिया है।

## प्रदेश में की जा रही अध्यापकों की भर्ती

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बीबीएनडीए के सभागार में सोमवार को बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ की समस्याओं के निराकरण एवं विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक का आयोजन किया।

मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी और नालागढ़ के स्थानीय विधायक हरदीप सिंह बाबा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। सीपीएस ने एरिया के विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। क्षेत्र के विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, ताकि बीबीएन क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंच सकें। विकास कार्यों के क्रियान्वयन में अधिकारियों का अहम योगदान होता है। परियोजनाएं समयबद्ध पूर्ण हो सके, इसके लिए अधिकारियों के मध्य समन्वय होना



बीबीएनडीए कार्यालय में सीपीएस राम कुमार चौधरी बैठक लेते हुए व मौजूद अन्य लोग।

आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा उपनिदेशक को स्कूलों में अध्यापकों के रिक्त पदों तथा कमरों की कमी बारे सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि बैठक के माध्यम से लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सकेगा। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरना है। प्रदेश में शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए चरणबद्ध तरीके से अध्यापकों की भर्ती की जा रही है। बैठक के दौरान लगभग 40 मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और इसके निपटारे के लिए विचार-विमर्श किया। मुख्य संसदीय सचिव ने इससे पूर्व बीबीएनडीए कार्यालय झाड़माजरी (बद्दी) में 44 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित बैठक कक्ष का भी लोकार्पण किया। राम कुमार चौधरी ने बैठक में विभिन्न जनप्रतिनिधियों की समस्याएं सुनीं और अधिकांश का मौके पर निपटारा किया तथा शेष समस्याएं संबंधित अधिकारियों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

## युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**सोलन।** उपप्रधान सलोगड़ा ने थाने पर सूचना दी कि मुकाम सलोगड़ा में मेला ग्राउंड के साथ रहने वाले मनीष नामक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान मालिक के घर पर मृतक के पिता चमन लाल जिला सोलन और मृतक का भाई सचिन, माता, मासी अन्य परिवार के सदस्य की मौजूदगी में मृतक मनीष कुमार उम्र 17 वर्ष का शव कमरे के अंदर पाया और रस्सी का ऊपर वाला हिस्सा छत के पंखे के लोहा कुंडा में बंधा हुआ पाया। जांच में मृतक के गले में रस्सी के फंदे के निशान पाए गए। मौके पर कोई भी सुसाइड नोट आदि न पाया गया। मौके पर हाजिर मृतक मनीष के परिजनों व रिश्तेदारों के बयान लिए गए हैं। जांच में पाया गया कि मृतक मनीष उपरोक्त जो अपने मासड़ अजय कुमार व मासी गंगा देवी सलोगड़ा के पास करीब 4 सालों से रह रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत बायला
विकास खंड नालागढ़, जिला सोलन (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बायला में विकास कार्य करवाने हेतु वर्ष 2024-25 में निर्माण सामग्री हेतु सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्रमांक | सामग्री | दर |
|---|---|---|
| 1. | रेता खड्ड/सेंड वाशिंग/सेंड क्रशर | प्रति फुट |
| 2. | बजरी खड्ड | प्रति फुट |
| 3. | बजरी 20 एमएम क्रशड | प्रति फुट |
| 4. | बजरी 20 एमएम गोल | प्रति फुट |
| 5. | बजरी 40एमएम, 65एमएम क्रशड | प्रति फुट |
| 6. | सोलिंग पत्थर 100एमएम 150 एमएम | प्रति फुट |
| 7. | ईंट द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार |
| 8. | शटरिंग लकड़ी/लोहा | प्रति फुट |
| 9. | पत्थर | प्रति पत्थर |
| 10. | वाटर टैंकर | प्रति टैंकर |
| 11. | सिवल सप्लाई रामशहर से ग्राम पंचायत बायला लोडिंग/ अनलोडिंग सहित सीमेंट ढुलाई किराया गाड़ी | |
| 12. | टाइल्स 40एमएम, 60एमएम, 80एमएम | |
| 13. | भूमि कटिंग बाया जेसीबी ब्रेकर (रोकर) लॉग बुक सहित | प्रति घंटा |
| 14. | पेंट दरबाजे खिड़कियां लोहे इत्यादि | |
| 15. | साईन बोर्ड, पेंटिंग एवं स्लोगन लिखाई सहित | |
| 16. | भूमि कटिंग व मिटटी ढुलान | प्रति फुट पर किलोमीटर |

इच्छुक पार्टियों की कुटेशन दिनांक 06/08/2024 को समय 5 बजे सायं तक डाक द्वारा या स्वयं पंचायत कार्यालय बायला में पहुंचनी होगी तथा दिनांक 07/08/2024 को 11.30 बजे निविदाएं निविदादाताओं के सामने खोली जाएंगी।

**निविदा की शर्तें:-** 1. सप्लायर के पास (जीएसटी) नम्बर होना आवश्यक है सामग्री की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए घटिया सप्लाई आने पर माल रद्द किया जाएगा तथा सप्लायर के पास सामग्री बिल के साथ एम फार्म होना अनिवार्य होगा। 2. समय पर सप्लाई न करने की दशा में पंचायत कुटेशन रद्द कर सकती है। 3. सामग्री की गुणवत्ता तकनीकी सहायक कर्मचारी अधिकारी द्वारा प्रमाणित होना अनिवार्य है। 4. निविदा बंद लिफाफे में चाहिए जिस सप्लाई की कुटेशन को पास किया जाएगा उसे 20000/- रूपए सिक्योरिटी के तौर पर पंचायत कार्यालय में जमा करवाने होंगे तथा कुटेशन अवधि समाप्त होने पर सिक्योरिटी राशि वापिस कर दी जाएगी। 5. प्रधान को निविदाओं के समय में बदलाव करने का अधिकार होगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत बायला**
**विकास खंड नालागढ़, जिला सोलन (हि.प्र.)**


**मांग** आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति नहीं बनाई तो होगा आंदोलन

## आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती भ्रष्टाचार का अड्डा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर आउटसोर्स वर्कर्स की सीटू के बैनर तले नाहन में बैठक संपन्न हुई। बैठक में वर्कर्स की लंबित मांगों को लेकर मंथन किया गया और नई कार्यकारिणी गठित करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीटू के जिला महासचिव आशीष कुमार ने बताया कि आउटसोर्स वर्कर्स की लंबित मांगों को लेकर बैठक में चर्चा की गई। पिछले करीब 13-14 वर्षों से प्रदेश में हजारों आउटसोर्स वर्कर्स कार्य कर रहे हैं, जिसमें से



सिरमौर आउटसोर्स वर्कर्स नाहन की बैठक में लंबित मांगों को लेकर मंथन करते हुए।

करीब 1800 कर्मचारी सिरमौर के शामिल हैं। अभी तक इन कर्मचारियों के लिए कोई भी स्थायी नीति नहीं बनाई गई। उन्होंने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है, जिसमें सरकार भी संलिप्त है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इन आउटसोर्स कर्मचारियों को किसी कंपनी के माध्यम से रखने की बजाय सरकार इनको सीधे तौर पर भर्ती करे, जिससे कर्मचारियों के साथ-साथ सरकार को भी आर्थिक लाभ होगा। वहीं, आउटसोर्स वर्कर्स मोहम्मद रिजवान ने कहा कि पिछले लंबे समय से प्रदेश स्तर पर कर्मचारी स्थायी नीति को लेकर समय-समय पर मांग उठा रहे हैं। इस दौरान अलग-अलग सरकारें सत्ता में आई, मगर सभी ने केवल आश्वासन दिया।

सिरमौर में विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जो कर्मचारी जिस विभाग में कार्य कर रहा है, उसको उसी विभाग में शामिल किया जाए। इन कर्मचारियों के भविष्य को देखते हुए कोई स्थायी नीति बनाई जानी चाहिए।

## जनविरोधी निर्णय लेना बंद करे सुक्खू सरकार : प्रताप रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार जन विरोधी निर्णय लेने बंद करें क्योंकि आपने विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाए थे, जो आज भी सपने बनकर ही रह गए हैं।



आपने मुख्यमंत्री का पद संभालते ही हजारों सरकारी संस्थान बंद कर दिए हैं, जो पूर्व मुख्यमंत्री ने जनता की मांग पर खोले थे, अब भी आपने सरकारी संस्थानों को बंद करने का सिलसिला जारी रखा है, पिछले दिनों भी आपने प्रदेश में 99 स्कूल बंद करने के फरमान जारी किए हैं, इतना ही नहीं आप लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं भी धीरे-धीरे बंद कर रहे हैं आपने 125 यूनिट मुफ्त बिजली भी कुछ लोगों के लिए बंद कर दी है, जो पूर्व मुख्यमंत्री ने दी थी आपने विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की जनता के साथ 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का भी वादा किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### अफजाल अंसारी की सजा रद्द, सांसद बने रहेंगे



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने कृष्णानंद राय हत्याकांड मामले में गैंगस्टर एक्ट के तहत अंसारी को मिली चार साल की सजा को रद्द कर दिया है। अब अंसारी की सांसदी पर मंडरा रहा खतरा समाप्त हो गया और वह सांसद बने रहेंगे। 2005 में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के बाद अफजाल पर यह मामला दर्ज किया गया था। कोर्ट ने इसी मामले में अफजाल की सजा बढ़ाने की उत्तर प्रदेश सरकार और कृष्णानंद राय के बेटे पीयूष कुमार राय की अपील भी खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने सोमवार को दिया। कोर्ट ने तीनों अपील पर लंबी सुनवाई के बाद गत चार जुलाई को फैसला सुरक्षित कर लिया था।

### एसडीआरएफ ने 21 कांवड़ियों को बचाया

**देहरादून।** भारी बारिश के बीच टिहरी जिले के बूढ़ा केदार क्षेत्र में भटक गए 21 कावड़ियों को राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) ने सोमवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। एसडीआरएफ से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार रात नौ बजे के आसपास बूढ़ा केदार क्षेत्र में 21 कावड़ियों के एक समूह के गंगोत्री से लौटते समय रास्ता भटकने की सूचना मिली जिसके बाद तत्काल, उप निरीक्षक दीपक जोशी के नेतृत्व में एसडीआरएफ के एक दल को रवाना किया गया। टीम सुबह छह बजे सभी 21 कावड़ियों को भारी बारिश के बीच दुर्गम पहाड़ी मार्ग और उफनती नदी के किनारे से सुरक्षित बाहर निकालकर ले आई।

### अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति का हैरिस को समर्थन



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति अल गोर ने मध्यम वर्ग और जलवायु संबंधी मुद्दों के पक्ष में तेल और गैस अधिकारियों के खिलाफ खड़े होने के कमला हैरिस के लंबे रिकॉर्ड का हवाला देते हुए नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के रूप में उनका समर्थन किया है। हैरिस (59) अमेरिका में नवंबर में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार हैं। उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के इस दौड़ से हटने के बाद पिछले सप्ताह राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा की थी। हालांकि, अभी डेमोक्रेटिक पार्टी ने उन्हें अपना आधिकारिक प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

### किन्नर कैलाश यात्रा में टेंट, भोजन की दरें निर्धारित

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** एक अगस्त से 26 अगस्त तक आयोजित होने वाली किन्नर कैलाश यात्रा के इस बार तंगलिंग के अलावा पूर्वानी के रास्ते से भी यात्रा के लिए प्रशासन प्रयासरत है, ताकि यात्रा सुगमता से हो सके। यात्रा के लिए पूर्वानी रुट को मौसम को देखते हुए फैसला लिया जाएगा। बहरहाल एक अगस्त को तंगलिंग रास्ते से यात्रा शुरू कि जाएगी, इस के लिए भोजन व टेंट के दर भी निर्धारित कर दी गई है। किन्नर कैलाश यात्रा के दौरान निजी संस्थाओं द्वारा लगाए गए टेंटों में रहने के लिए 1300 रुपए प्रति श्रद्धालु भोजन सहित व 700 रुपए बिना भोजन दरें प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई हैं। प्रशासन निर्धारित दरों से अधिक वसूली करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। इस तरह प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर 500 मीटर पर शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। प्रशासन ने सुरक्षा व आपात स्तिथि से निपटने के लिए पुलिस व होमगार्ड के जवानों की तैनाती भी की जाएगी।

### पटना हाईकोर्ट के फैसले पर रोक से इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसके तहत बिहार में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी करने वाले संशोधित आरक्षण कानूनों को रद्द कर दिया था। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ बिहार सरकार की ओर से दायर 10 याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमति जताई। संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। सीजेआई ने कहा कि हम मामले को सूचीबद्ध करेंगे, लेकिन हम कोई रोक नहीं लगाएंगे।

### पुंछ में जंग लगा मोर्टार का गोला बरामद



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक गांव में सोमवार को जंग लगा हुआ मोर्टार का एक गोला मिला, जिसे बाद में निष्क्रिय कर दिया गया। अधिकारियों ने उन्होंने बताया कि मोर्टार का गोला सुरनकोट इलाके के द्राबा गांव में घास के मैदान में पड़ा हुआ था। इसे देखने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पास के एक सैन्य शिविर को दी। सूचना मिलने के बाद सेना के विशेषज्ञों ने बिना किसी नुकसान के, इस गोले को निष्क्रिय कर दिया।

### यूपी में सड़क हादसे में दो कांवड़ियों की मौत

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के उझानी क्षेत्र में दो मोटरसाइकिल के बीच भीषण टक्कर में दो कांवड़ियों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर निवासी अंकित (30) और उसका साथी अनिल (25) कछला घाट से गंगा जल लेकर घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में उझानी कोतवाली क्षेत्र में बरेली-मथुरा मार्ग पर स्थित भूड वाली मजार के पास उनका वाहन सामने से आ रही कांवड़ियों की मोटरसाइकिल से टकरा गया। इस भीषण टक्कर में अंकित और अनिल के साथ-साथ दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार दो अन्य कांवड़िये गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने चारों कांवड़ियों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने अंकित और अनिल को मृत घोषित कर दिया।

### गैंगस्टर और भाइयों की अढ़ाई करोड़ की संपत्ति कुर्क

**शाहजहांपुर (उप्र)।** शाहजहांपुर जिले में मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश पर, गैंगस्टर सुहेल और उसके भाइयों की लगभग अढ़ाई करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति कुर्क कर ली गई है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन में गैंगस्टर कानून की धारा 14(1) के तहत रविवार को सुहेल उर्फ बार्डर और उसके भाइयों इमरान तथा कामरान की संपत्ति कुर्क कर ली गई है। इस जायदाद की कीमत लगभग अढ़ाई करोड़ रुपए आंकी गई है।

### गुजरात में 110 करोड़ की ट्रामाडोल दवा जब्त

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले के मुंद्रा बंदरगाह पर सीमा शुल्क विभाग ने पश्चिम अफ्रीकी देशों सिएरा लियोन और नाइजर भेजी जा रहीं 110 करोड़ मूल्य की ट्रामाडोल की 68 लाख गोलियां जब्त की हैं। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने जारी एक बयान में बताया कि आईएसआईएस लड़ाकों के लंबे समय तक जागने के लिए इस दवाई का सेवन करने संबंधसी खबरों के बाद से ट्रामाडोल हाल के दिनों में 'लड़ाकू दवा' के रूप में प्रयोग किया जा रहा है।

# ग्वादर में सुरक्षा बलों के साथ झड़प में तीन की मौत

**एजेंसी, कराची**



पाकिस्तान में अशांत बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर शहर में बलोच लोगों के अधिकारों के लिए धरना के बाद प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा बलों से झड़प हुई जिसमें कम से कम तीन लोग मारे गए तथा कई अन्य जख्मी हुए। मीडिया में सोमवार को आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। बलूचिस्तान यकजेहती समिति (बीवाईसी) द्वारा आयोजित धरना रविवार को शुरू हुआ और सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प में 14 लोगों सहित कई लोग जख्मी हो गए। बीवाईसी बलूचिस्तान प्रांत के लोगों के अधिकारों और उसके प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए प्रदर्शन कर रही है।

'डॉन' अखबार की खबर के मुताबिक, अधिकारियों ने ग्वादर जाने वाले रास्तों की ओर अवरोधक लगा दिए, फिर भी बड़ी संख्या में लोग 'बलोच राजी मुची' (बलोच राष्ट्रीय सभा) के लिए मरीन ड्राइव पर जमा होने में कामयाब रहे। जब लोगों ने मरीन ड्राइव पहुंचना शुरू किया तो कुछ जांच चौकियों और ग्वादर के पास सुरक्षा बलों के साथ झड़पों की खबर है। प्रदर्शनकारियों द्वारा कुछ चौकियों पर हमला करने की भी रिपोर्ट है जिसके बाद सुरक्षा बलों को आंसू गैस के गोले और रबड़ की गोलियां चलानी पड़ीं। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई तथा 28 लोग जख्मी हुए हैं। उन्होंने बताया कि ग्वादर के सरकारी अस्पताल में तीन शव हैं तथा आठ लोग जख्मी हैं।

सुरक्षा बलों ने शनिवार शाम को झड़पों के दौरान गोलीबारी की, जिसमें मस्तुंग में 14 लोग घायल हो गए। रविवार को तुरबत में चार अन्य लोग जख्मी हुए।

## 'उन्नति एप्पल परियोजना' शानदार उदाहरण : धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने कहा कि चंपावत में कोका-कोला इंडिया और इंडो डच हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (आईडीएचटी) प्रोजेक्ट उन्नति एप्पल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण साझेदारी निभा रहे हैं।

गोरलचोड़ निकट ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड सदन नई दिल्ली से वर्चुवल रूप से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की 'उन्नति एप्पल परियोजना' इस बात का शानदार उदाहरण है कि किस प्रकार सामूहिक प्रयासों से कृषि परिवर्तन को बढ़ावा मिल सकता है। इस पहल की सफलता हमारे किसानों की दृढ़ता और कड़ी मेहनत का परिणाम है।

इस परियोजना से चंपावत में सेब की खेती करने वाले किसानों में आए सकारात्मक बदलावों के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये काश्तकार चंपावत को आदर्श जनपद की परिकल्पना को साकार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## मनू भाकर डीएवी कॉलेज से पीजीडीएमसी का कोर्स कर रहीं

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



निशानेबाज मनु भाकर डीएवी कॉलेज से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मास कम्यूनिकेशन (पीजीडीएमसी) का कोर्स कर रहीं हैं। मनु भाकर की तैयारी को देखते हुए इस बार चंडीगढ़ ही नहीं पूरे देश को उनसे पेरिस ओलंपिक में पदक की आस थी।

इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन के जज और कॉलेज के शूटिंग कोच डॉ. अमनेंद्र मान ने खुशी जताते हुए कहा कि मनु भाकर ने पेरिस जाने से पहले मुझसे वादा किया था कि इस बार ओलंपिक पदक जीतकर ही देश लौटूंगी। उन्होंने कहा कि मनु ने अपना वादा पूरा किया। कोच ने कहा कि मनु ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। वह सिर्फ 0.1 पॉइंट से रजत पदक जीतने से चूकी। पेरिस ओलंपिक में देश के लिए पहला मेडल लाकर उसने पेरिस में भारत का ही नहीं चंडीगढ़ का भी नाम रोशन किया है। कोच ने कहा कि पेरिस से लौटने पर डीएवी कॉलेज में मनु का जोरदार स्वागत व सम्मान किया जाएगा। कॉलेज की प्राचार्य रीटा जैन और डीएसडब्ल्यू पूर्णिमा सहगल ने भी मनु भाकर की इस उपलब्धि पर खुशी जताई और कहा कि हमें अपनी छात्रा पर गर्व है।

उसने देश के साथ चंडीगढ़ का नाम भी पूरी दुनिया में रोशन कर दिया है। इस दौरान कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने ढोल की थाप पर डांस कर ओलंपिक में पहला पदक जीतने की खुशी मनाई। कॉलेज की प्राचार्य और स्टाफ भी जश्न में शामिल हुआ। (अनंत ज्ञान)

## मुख्यमंत्री धामी ने किया 'वो 17 दिन' पुस्तक का विमोचन



**जगदीश शर्मा, देहरादून**

नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'वो 17 दिन' पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक 'वो 17 दिन' सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों पर आधारित है। मुख्यमंत्री ने सिलक्यारा सुरंग को लेकर अपने अनुभव भी साझा किए और कहा कि 41 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालना एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन से ही बचाव अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण हो पाया।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान पुस्तक के लेखक राजीव रंजन सिंह को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सकारात्मकता और अनुभवों से भरी यह पुस्तक निश्चित ही पढ़ने योग्य है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष श्याम जाजू, पूर्व सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी और पुस्तक के लेखक राजीव रंजन सिंह उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## पूर्व खेल मंत्री संदीप के खिलाफ आरोप तय



**चंडीगढ़।** यौन शोषण मामले में फंसे हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ चंडीगढ़ जिला अदालत में केस चल रहा है। सोमवार को अदालत में आरोपी पूर्व मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ आरोप तय कर दिए गए हैं।

संदीप सिंह के खिलाफ आरोप तय करने की कार्रवाई में ही लगभग डेढ़ वर्ष से ज्यादा समय लगा है। अब इस मामले में संदीप सिंह के खिलाफ केस चलेगा। गौरतलब है कि 26 दिसंबर 2022 को जूनियर महिला कोच ने हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न सहित अन्य आरोप लगाते हुए चंडीगढ़ पुलिस में शिकायत दी थी। (अनंत ज्ञान)

## ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज ने 300 पौधे रोपे

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



मोहाली को हरा भरा और स्वच्छ पर्यावरण निर्माण के उद्देश्य को प्रमुख रखते हुए ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज ने मोहाली के विभिन्न सेक्टरों में 300 पौधों का रोपण किया। यह अभियान ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज पंजाब के प्रेसिडेंट लवलीन सिंह सैनी के दिशा निर्देश पर ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज मोहाली के संयोजक प्रीत कमल सिंह सैनी के नेतृत्व में आयोजित किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मोहाली के डीएसपी सिटी 2 हरसिमरन सिंह बल व विशेष अतिथियों के तौर पर एसएचओ गगनदीप सिंह, हरजोत गब्बर, हिम्मत सैनी तथा सम्मानित अतिथि के तौर पर जत्थेदार अजमेर सिंह कोटला निहंग ने शिरकत की।

इस अवसर पर ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के संयोजक प्रीत कमल सिंह सैनी ने बताया कि पर्यावरण को हरा भरा रखने की पहल के तहत सेक्टर 78,89,80,81 के विभिन्न हिस्सों में 300 पौधों का रोपण किया गया है। इन पौधों की देखभाल का कार्य पौधों रोपित क्षेत्र के निवासियों को सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि सावन के महीने में पौधा रोपण से प्राकृतिक संसाधनों को बढ़ावा मिलता है जिससे पर्यावरण को संतुलित किया जा सकता है। यह न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंचता है बल्कि स्थानीय इकोसिस्टम को भी सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने मोहाली जिला निवासियों से अपील की है कि वह इस सावन में ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करें और इसे एक सामूहिक प्रयास बनाएं।

इस अवसर पर मोहाली के डीएसपी सिटी 2 हरसिमरन बल ने अपने विचार रखते हुए एनजीओ के इस प्रयास की सराहना की और इस संबंध में जागरूकता फैलाने की बात पर बल दिया। (अनंत ज्ञान)

## जयशंकर ने किया भारत-चीन सीमा विवाद में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से इनकार

**एजेंसी, टोक्यो**



**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-चीन सीमा विवाद में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से इनकार करते हुए सोमवार को कहा कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच मुद्दे का समाधान उन्हीं दोनों को निकालना है। जयशंकर ने तोक्यो में संवाददाता सम्मेलन में कई सवालों के जवाब में कहा कि भारत और चीन के बीच वास्तविक मुद्दे को सुलझाने के लिए हम अन्य देशों की ओर नहीं देख रहे हैं।

क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए यहां आए जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ भारत के संबंध अच्छे नहीं हैं। हमारे बीच एक समस्या है, या मैं कहना चाहूंगा कि भारत और चीन के बीच एक मुद्दा है। मुझे लगता है कि हम दोनों को इस पर बात करनी चाहिए और समाधान निकालना चाहिए।

चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ दो बार हुई बैठक को याद करते हुए कहा कि जाहिर है कि दुनिया के अन्य देशों की भी इस मामले में रुचि होगी, क्योंकि हम दो बड़े देश हैं और हमारे संबंधों की स्थिति का बाकी दुनिया पर प्रभाव पड़ता है, लेकिन हम अपने बीच के वास्तविक मुद्दे को सुलझाने के लिए अन्य देशों की ओर नहीं देख रहे हैं।

### जापान के पीएम के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

**विदेश** मंत्री जयशंकर ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से सोमवार को मुलाकात कर उनसे क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) से संबंधित मामलों व भारत-जापान संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर विचार विमर्श किया। जयशंकर अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा और ऑस्ट्रेलिया की पेनी वोंग के साथ 'क्वाड' के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए तोक्यो में हैं।

## पाक का मित्र देशों से कर्ज व देनदारियों के पुनर्निर्धारण करने का अनुरोध

**इस्लामाबाद।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से राहत पैकेज हासिल करने के लिए चीन और दो अन्य मित्र देशों से 27 अरब डॉलर से अधिक के कर्ज व देनदारियों के पुनर्निर्धारण का अनुरोध किया है। वाशिंगटन स्थित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पिछले महीने घोषणा की थी कि उसने पाकिस्तान को सात अरब अमेरिकी डॉलर का ऋण देने के लिए उसके साथ 'स्टाफ' स्तर के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने चीन से लौटने के बाद कहा कि 27 अरब अमेरिकी डॉलर के पुनर्निर्धारण के लिए चीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के साथ बातचीत जारी है।

## सपा ने की नेता प्रतिपक्ष बनाने में दलित और अल्पसंख्यकों की उपेक्षा : मायावती

**एजेंसी, लखनऊ**



**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का चयन करने में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा है।

अखिलेश यादव ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में एक बैठक के बाद सिद्धार्थनगर जिले के इटवा विधानसभा क्षेत्र से सातवीं बार विधायक चुने गए माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को पत्र भेजा। इस पर मायावती 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सपा मुखिया ने लोकसभा आम चुनाव में, खासकर संविधान बचाने की आड़ में यहां पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों) को गुमराह किया और उनका वोट ले लिया, लेकिन उप्र विधानसभा में प्रतिपक्ष का नेता बनाने में जो इन समुदायों की उपेक्षा की गई, यह भी सोचने की बात है। सपा में एक जाति विशेष को छोड़कर बाकी पीडीए के लिए कोई जगह नहीं। ब्राह्मण समाज की तो कतई नहीं, क्योंकि सपा व भाजपा सरकार में जो इनका उत्पीड़न व उपेक्षा हुई है वह किसी से छिपा नहीं।

## सुप्रीम कोर्ट ने पुल ढहने संबंधी जनहित याचिका पर बिहार सरकार व एनएचएआई से जवाब मांगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**उच्चतम** न्यायालय ने जनहित याचिका पर बिहार सरकार और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) समेत अन्य से सोमवार को जवाब मांगा, जिसमें बिहार में पिछले कुछ हफ्तों में कई पुल ढह जाने के मद्देनजर राज्य में पुल की सुरक्षा और स्थिरता को लेकर चिंताएं व्यक्त की गई हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने जनहित याचिका पर बिहार सरकार व अन्य को नोटिस जारी किए। याचिका में उन पुल की पहचान करने के लिए एक संरचनात्मक ऑडिट और एक विशेषज्ञ समिति गठित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है, जिन्हें इसके निष्कर्षों के आधार पर या मजबूत बनाया जा सकता है या ध्वस्त किया जा सकता है।

## शहीदों के सम्मान में 351 फुट लंबे तिरंगे के साथ निकाली कांवड़ यात्रा

**एजेंसी, मुजफ्फरनगर**

**श्रावण** मास में कांवड़ यात्रा जारी है। कांवड़ यात्रा में आस्था के साथ-साथ देशभक्ति की भी झलक देखने को मिली। यूपी के मुजफ्फनगर में कांवड़ियों की ओर से शहीदों को समर्पित 351 फुट लंबी तिरंगा कांवड़ निकाली गई।

तिरंगा कांवड़ को बागपत के 40 शिव भक्तों की टोली ने कड़ी मेहनत के बाद तैयार किया है, जो शहीद जवानों को समर्पित की गई है। तिरंगा कांवड़ के आगे भगवान शिव विराजमान है। भगवान राम और राम मंदिर की तस्वीर लगाई गई है। इसके अलावा तिरंगा कांवड़ पर 'जय श्री राम' लिखा गया है। 351 फुट लंबी तिरंगा कांवड़ को देखने के लिए लोगों में भी उत्साह है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु तिरंगा कांवड़ को देखने के लिए पहुंचे और उन्होंने फोटों भी खिंचवाई।



**अमरनाथ यात्रा** आतंकी हमलों के बीच बाबा बर्फानी के श्रद्धालुओं के हौसले बुलंद, अब तक 4.55 लाख ने किए दर्शन

# 1,832 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना

**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू-कश्मीर** में अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का नया जत्था बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ है। 3,880 मीटर ऊंचे अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 1,800 से अधिक तीर्थयात्री सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू के आधार शिविर से रवाना हुए।

इस बार श्रद्धालुओं ने 4.55 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा के दर्शन किए। पिछले साल यह संख्या 4.5 लाख थी। इसके साथ ही इस बार बाबा अमरनाथ के भक्तों ने 12 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।



सोमवार को 1,832 तीर्थयात्रियों का 32वां जत्था केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सुरक्षा में 62 वाहनों के काफिले में सुबह 3.22 बजे भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। इस जत्थे में 1,358 पुरुष, 363 महिलाएं, दो बच्चे और 109 साधु-साध्वियां शामिल हैं।अमरनाथ यात्रा के लिए 1,263 तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे मार्ग के माध्यम से वार्षिक तीर्थयात्रा करने के लिए पहलगाम पहुंचेंगे। वहीं, 569 ने गांदरबल जिले में छोटे लेकिन 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग को चुना है। 29 जून को यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना किया गया था। यात्रा का आखिरी जत्था 19 अगस्त को रवाना किया जाएगा। यह यात्रा 52 दिन तक चलती है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर पहला जत्था रवाना किया था।

## रिपोर्ट : ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की तरफ तेजी से बढ़ रहा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दुनिया** का मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की तरफ भारत तेजी से बढ़ रहा है। ग्लोबल फाइनेंशियल फर्म लाजार्ड की रिपोर्ट के में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में ग्लोबल फर्म की ओर से कहा गया है कि भारत के पास एक मजबूत डेमोग्राफिक डिविडेंड है और युवाओं की संख्या अधिक होने का फायदा देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगा व 2060 तक भारत को ग्रोथ करने में मदद करेगा।

देश की 80 प्रतिशत से ज्यादा आबादी 50 वर्ष से कम है और आय में वृद्धि होने से मध्यम वर्ग के हाथ में ज्यादा पैसा आ राह है।



### भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था

**मौजूदा** समय में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले दो कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था को बड़े स्तर पर स्थिर करने का काम किया है। साथ ही डिजिटल अर्थव्यवस्था से करोड़ों लोगों को जोड़ा है और कई टैक्स सुधार लागू किए हैं।

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 05 | 02 | 02 | 09 |
| 02. | ऑस्ट्रेलिया | 04 | 03 | 00 | 07 |
| 03. | जापान | 04 | 02 | 02 | 08 |
| 04. | द.कोरिया | 04 | 02 | 01 | 07 |
| 05. | अमेरिका | 03 | 06 | 03 | 12 |
| 06. | फ्रांस | 03 | 05 | 02 | 10 |
| 07. | ग्रेट ब्रिटेन | 02 | 03 | 03 | 08 |
| 08. | जर्मनी | 02 | 00 | 00 | 02 |
| 09. | इटली | 01 | 02 | 03 | 06 |
| 09. | कजाकस्तान | 01 | 00 | 02 | 03 |
| 23. | भारत | 00 | 00 | 01 | 01 |

# कांस्य से चूके अर्जुन, 10 मीटर एयर राइफल में 'चौथे स्थान' पर रहे

**एजेंसी, शेटराउ ( फ्रांस )**



भारतीय निशानेबाज अर्जुन बबूता अहम मुकाम पर चूके और पदक जीतने के करीब पहुंचने के बाद सोमवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे। बबूता ने 208.4 स्कोर किया। क्रोएशिया के मिरान मारिसिच के 10.7 के जवाब में उनका 9.5 का शॉट भारी पड़ गया।

उन्होंने फाइनल की शुरूआत 10.7 से की और फिर 10.2 स्कोर किया। तीसरे शॉट पर 10.5 स्कोर के साथ वह चौथे स्थान पर पहुंच गए और फिर 10.4 के साथ तीसरे स्थान पर पहुंचे। पहली सीरीज उन्होंने 10. 6 पर खत्म की। दूसरी सीरीज में उन्होंने 10.7, 10.5, 10.8 के पहले तीन शॉट लगाए।

इस समय उनके और विश्व रिकार्डधारी चीन के शेंग लिहाओ से 0.1 अंक ही पीछे थे। लिहाओ ने 252.2 के ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन को रजत और क्रोएशिया के मारिसिच को कांस्य पदक मिला।

## रमिता 7वें स्थान पर रही

भारत की रमिता जिंदल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में सातवें स्थान पर रही। बीस वर्ष की रमिता ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 145.3 स्कोर किया। वह दस शॉट के बाद 7वें स्थान पर थी, जब एलिमिनेशन शुरू हुआ। इसके बाद उसने 10.5 का शॉट लगाकर छठा स्थान हासिल किया और नॉर्वे की हेग लीनेट डस्टाड बाहर हो गई। अगले शॉट पर रमिता बाहर हुई। रमिता ने विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता मेहुली घोष और तिलोत्तमा सेन को घरेलू ट्रायल में हराकर पेरिस का टिकट कटाया था।



145.3 स्कोर बनाया

## मनु-सरबजोत मिश्रित टीम कांस्य पदक के मुकाबले में





**शेटराउ ( फ्रांस )।** भारत को पेरिस ओलंपिक में पहला पदक दिलाने वाली मनु भाकर ने सरबजोत सिंह के साथ सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक के मुकाबले के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

मनु ने रविवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था और ओलंपिक पदक जीतने वाली वह पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनी।

भारत को उन्होंने ओलंपिक की निशानेबाजी रेंज पर 12 साल बाद पदक दिलाया था। मनु और सरबजोत ने मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक के दौर में प्रवेश किया जहां उनका सामना मंगलवार को कोरिया से होगा।

## पेरिस ब्रीफ

### बैडमिंटन : साविक-चिराग का मैच रद्द



**पेरिस।** जर्मन खिलाड़ी मार्क लैम्सफस के चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का पुरुष युगल ग्रुप-सी का मुकाबला रद्द कर दिया गया है। भारतीय जोड़ी को सोमवार को लैम्सफस और मार्विन सेडेल की जर्मन जोड़ी से मैच खेलना था।

### ओलंपिक ट्रायथलन तैराकी अभ्यास फिर रद्द

**पेरिस।** सीन नदी के पानी का स्तर खराब होने से ओलंपिक ट्रायथलन की तैराकी स्पर्धा के लिये तैयारी लगातार दूसरे दिन रद्द कर दी गई। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि मंगलवार को स्पर्धा शुरू होने पर ट्रायथलीट इस नदी में तैराकी कर सकेंगे। विश्व ट्रायथलन, उसकी मेडिकल टीम और शहर प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि अगले 36 घंटों में धूप खिलने और तापमान बढ़ने से पानी की गुणवत्ता बेहतर होगी। विश्व ट्रायथलन ने पानी की गुणवत्ता की समीक्षा के लिए बैठक के बाद तैराकी का अभ्यास रद्द करने का फैसला किया। अधिकारियों ने कहा कि उद्घाटन समारोह के दिन आई बारिश के कारण पानी की गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ा है।सीन नदी का जल प्रदूषित होने के कारण पिछले सौ साल से यहां तैराकी पर प्रतिबंध है। ओलंपिक से पहले पानी को साफ करने के लिए आयोजकों ने 1.4 अरब यूरो खर्च किए हैं।

### क्रिकेटर भी स्वर्ण पदक जीतना चाहते : द्रविड़

**पेरिस।** क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने के धुर समर्थक रहे दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ ने कहा कि क्रिकेटर इन खेलों का हिस्सा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े खेल महाकुंभ में प्रतिस्पर्धा करने को लेकर ''ड्रेसिंग रूम में गंभीर बातचीत'' सुनी है। क्रिकेट को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है। द्रविड़ इस संबंध में 'ओलंपिक में क्रिकेटः एक नए युग की शुरुआत' विषय पर पैनल चर्चा में भाग लेने के लिए फ्रांस की राजधानी में हैं। पूर्व भारतीय कप्तान और कोच द्रविड़ ने कहा,'' मैंने इस संबंध में ड्रेसिंग रूम में गंभीर बातचीत सुनी है। लोग 2026 में होने वाले टी-20 विश्व कप और 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के साथ 2028 के ओलंपिक खेलों के बारे में भी चर्चा कर रहे हैं। मैंने उन्हें यह कहते सुना है कि 2028 में ओलंपिक है।'' उन्होंने कहा,''क्रिकेटर भी स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं, पोडियम पर खड़े होना चाहते हैं, और खेल गांव, एक बड़े खेल आयोजन का हिस्सा बनना चाहते हैं, और इतने सारे खिलाड़ियों के साथ बातचीत करना चाहते हैं।'' द्रविड़ ने कहा,''मुझे पूरा विश्वास है कि जब अगला ओलंपिक करीब होगा तो क्रिकेटर इसके लिए तैयारी कर रहे होंगे। वे इसे गंभीरता से लेंगे और खिलाड़ी वहां पहुंचने के लिए जी-जान से मेहनत करेंगे।''



### कठिन यात्रा करके पहुंचा अफगान जूडो खिलाड़ी

**शेटराउ (फ्रांस )।** ओलंपिक खेलने पहुंचे लगभग सभी खिलाड़ियों को तैयारियों के लिए पूरी सुविधाएं दी जाती है, लेकिन जब खिलाड़ी युद्ध से जर्जर अफगानिस्तान जैसे देश से हो तो उसे खेलों के इस महासमर में भाग लेने का अपना सपना पूरा करने के लिए छह हजार किलोमीटर और पांच देशों की यात्रा भी करनी पड़ सकती है। अफगानिस्तान के जूडो खिलाड़ी सिबगातुल्लाह अरब 2021 में तालिबान के कब्जे वाले अफगानिस्तान से भाग निकले। इसके बाद पांच देशों में शरण ली और आखिर में 6000 किलोमीटर का सफर तय करके जर्मनी पहुंचे। वह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की शरणार्थी टीम का हिस्सा हैं और पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की जूडो स्पर्धा के 81 किलोवर्ग में उतरेंगे। अफगानिस्तान में टीवी पर जूडो की विश्व चैम्पियनशिप देखकर उन्हें इस खेल से मुहब्बत हो गई, लेकिन उनके शौक को परवान चढ़ाने का कोई जरिया नहीं था। तालिबान के कब्जे के बाद वह यूरोप भाग गए जिस समय उनकी उम्र सिर्फ 19 साल थी। उन्होंने कहा ,'' जब मैने अफगानिस्तान छोड़ा तो पता नहीं था कि बचूंगा या नहीं। इतनी दिक्कतें झेली है।'' नौ महीने में उन्होंने ईरान, तुर्किये, यूनान, बोस्निया और स्लोवेनिया की यात्रा की और आखिर में जर्मनी में बस गए। उन्होंने कहा ,'' रास्ते में मेरी तबीयत बहुत बिगड़ गई थी और मैं तनाव में भी था।'' मोंशेंग्लाबाख में एक जूडो क्लब से जुड़े इस खिलाड़ी ने मैड्रिड में 2023 यूरोपीय ओपन में सातवां स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा ,'' मेरे माता-पिता अभी भी अफगानिस्तान में हैं और मुझसे रोज बात होती है। वे मुझे अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं।''

### अगस्त में दिल्ली प्रीमियर लीग आयोजित करेगा डीडीसीए

**नई दिल्ली ।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) का पहला टूर्नामेंट अगस्त में आयोजित किया जाएगा। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने सोमवार को यह घोषणा की। इस टी-20 टूर्नामेंट में पुरुष और महिला दोनों वर्ग के मैच होंगे। इन मैचों को अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। लीग के लिए फ्रैंचाइजी नीलामी रविवार को आयोजित की गई और इसमें छह पुरुष टीम कुल 49.65 करोड़ रुपए में बिकी। डीपीएल के पहले सत्र में कुल 40 मैच होंगे जिनमें पुरुष वर्ग में 33 और महिला वर्ग में सात मैच खेले जाएंगे।

# लक्ष्य ने बेल्जियम के कैरेगी को 43 मिनट में हराया

**एजेंसी, पेरिस**



ओलंपिक में पदार्पण कर रहे भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने धीमी शुरुआत से उबरकर पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा के ग्रुप एल में बेल्जियम के जूलियन कैरेगी को सीधे गेम में हरा दिया।

लक्ष्य ने ग्रुप के अपने पहले मैच में रविवार को केविन कोर्डन को हराया था, लेकिन गुआटेमाला के खिलाड़ी के कोहनी की चोट के कारण प्रतियोगिता से हटने के बाद उनके सभी नतीजों को 'डिलीट' कर दिया गया।

इस तरह ग्रुप-एल में अब सिर्फ तीन खिलाड़ियों के बीच चुनौती की है जबकि पहले चार खिलाड़ी दावेदारी पेश कर रहे थे। भारत के दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने दुनिया के 52वें नंबर के खिलाड़ी कैरेगी को 43 मिनट में 21-19, 21-14 से शिकस्त दी।

## पोनप्पा और क्रास्टो की लगातार दूसरी हार

भारत की अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी पेरिस ओलंपिक बैडमिंटन महिला युगल में सोमवार को जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा से हारकर लगातार दूसरी हार के साथ बाहर होने की कगार पर पहुंच गई हैं। भारतीय जोड़ी को 48 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी ने 21-11, 21-12 से पराजय का सामना करना पड़ा।

# आखिरी मिनटों में हरमनप्रीत के गोल से भारत ने अर्जेंटीना को ड्रॉ पर रोका

**एजेंसी, पेरिस**



आखिरी सीटी बजने से एक मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर भारत ने पेरिस ओलंपिक पुरुष हॉकी स्पर्धा में पूल-बी के मैच में रियो ओलंपिक चैंपियन अर्जेंटीना को 1-1 से ड्रॉ पर रोका।

भारत को इस मैच में मिले 10वें पेनल्टी कॉर्नर पर यह पहला गोल आया जो सारी कहानी खुद कहता है। पिछले मैच में भी 59वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर हरमनप्रीत के गोल की बदौलत ही भारत ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया था।

टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम पूरे मैच में रंगत में नहीं दिखी। पेनल्टी कॉर्नर बेहद कमजोर रहा और मनप्रीत सिंह तथा हार्दिक सिंह जैसे अनुभवी मिडफील्डर मैच में कहीं दिखे ही नहीं। इसके अलावा अहम मौकों पर फॉरवर्ड पंक्ति ने कई गलतियां की और मौके गंवाए। अर्जेंटीना ने 22वें मिनट में लुकास मार्तिनेज के गोल के दम पर बढ़त बना ली और उसके बाद भारतीय टीम बराबरी के गोल के लिए तरसती रही।

भारतीयों ने सर्कल के भीतर कई बार हमले बोले लेकिन अर्जेंटीना के गोलकीपर सैंतियागो तोमास ने जबर्दस्त मुस्तैदी से भारत का हर वार नाकाम कर दिया। ऐसा लग रहा था कि अर्जेंटीना तोक्यो ओलंपिक के पूल चरण में भारत से 1-3 से मिली हार का बदला चुकता कर लेगा, लेकिन भारत का किस्मत ने साथ दिया और 59वें मिनट में अहम पेनल्टी कॉर्नर मिला। भारतीय टीम पेनल्टी स्ट्रोक की मांग कर रही थी, लेकिन रेफरल के बाद कार्नर दिया गया।हरमनप्रीत ने इस पर गोल करके स्टेडियम में मौजूद भारतीय दर्शकों को निराश लौटने से बचा लिया।

## महिलाओं के बाद पुरुष तीरंदाजी टीम ने भी किया निराश



**पेरिस।** तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव की भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम ओलंपिक क्वार्टर फाइनल में सोमवार को यहां तुर्किये से 2-6 से हार गई। भारतीय टीम ने शुरूआती दो सेट गंवाने के बाद तीसरे सेट में वापसी की लेकिन तुर्किये के तीरंदाजों ने चौथा सेट जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। भारत को 53-57, 52-55, 55-54, 54-58 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले महिला तिकड़ी भजन कौर, अंकिता भकत और दीपिका कुमारी को नीदरलैंड ने 6-0 से हराकर बाहर किया था।

# टेनिस में भारतीय चुनौती समाप्त

**एजेंसी, पेरिस**



सुमित नागल के एकल तथा रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी की पुरुष युगल जोड़ी के पहले दौर में हारने के साथ ही भारत की पेरिस ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता में चुनौती समाप्त हो गई। बोपन्ना और बालाजी को एडवर्ड रोजर वासेलिन और गेल मोनफिल्स की फ्रांसीसी जोड़ी से 5-7, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। मोनफिल्स ने अंतिम समय में घरेलू टीम में घायल फैबियन रेबौल की जगह ली थी।

बोपन्ना का यह संभवतः आखिरी ओलंपिक था। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी डेविस कप से पहले ही संन्यास ले चुका है। भारत ने टेनिस में केवल एक ओलंपिक पदक जीता है। लिएंडर पेस ने 1996 के अटलांटा खेलों में एकल में कांस्य पदक जीता था।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज क्लीन स्वीप की

**एजेंसी, बर्मिंघम**



बेन स्टोक्स के अपने देश के लिए सबसे तेज अर्धशतक और मार्क वुड के पांच विकेट से इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराकर सीरीज 3-0 से क्लीन स्वीप की। इंग्लैंड के कप्तान ने अपना अर्धशतक पूरा करने के लिए सिर्फ 24 गेंद खेली।

उन्होंने 28 गेंद में 57 रन बनाए और क्रेग ब्रैथवेट की गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। बेन डकेट ने 16 गेंद में 25 रन का योगदान दिया। इस सलामी जोड़ी ने लगभग 12 के रन रेट से रन जुटाये, जिससे इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 7.2 ओवर में बिना विकेट गंवाये 87 रन बनाकर जीत हासिल की। वेस्टइंडीज ने दो विकेट पर 33 रन से खेलना शुरू किया लेकिन वुड की गेंदबाजी के सामने पूरी टीम 175 रन पर ढेर हो गई, जिन्होंने 40 रन देकर पांच विकेट झटके।

इससे इंग्लैंड को जीत के लिए 82 रन का लक्ष्य मिला। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट पारी और 114 रन से और दूसरा टेस्ट 241 रन से जीता था।

# सोलन के श्रवण पंवार ने राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में जीता रजत



राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में रजत पदक जीतने के बाद श्रवण प्रतिभागियों के साथ।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शेड्स कॉलेज सोलन के छात्र श्रवण पंवार ने गोवा में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता 24-28 जुलाई को (मापुसा ) गोवा में ऐमेचर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा करवाई गई। कॉलेज प्रबंधन ने श्रवण की सफलता का श्रेय कठिन व निरंतर परिश्रम को जाता है।

वहीं श्रवण ने इस सफलता का श्रेय अपने कोच भूषण व अपने परिजनों को दिया, जिन्होंने इस परिश्रम में उनका मनोबल बढ़ाया। कॉलेज प्रबंधन ने श्रवण को खिताब महाविद्यालय के नाम करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## सुमित को रजत



**मंडी।** मंडी जिला के गुटकर निवासी सुमित जम्वाल ने राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीता है। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सुमित का चयन अब एशियन गेम्स के लिए हुआ है।

## अजय को कांस्य



जिला मंडी के गांव कोटली के अजय ठाकुर ने राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में कांस्य पदक जीत कर अपनी मंडी माण्डव नगरी व कोटली का नाम रोशन किया है।

**श्रीलंका दौरा**

टीम इंडिया का 3 मैचों की सीरीज का अंतिम टी-20 मुकाबला आज

# श्रीलंका का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत

**एजेंसी, पालेकल्ल**



फाइल फोटो

**नए** कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम किसी भी तरह से ढिलाई नहीं बरतेगी और मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका की कमजोरियों का फायदा उठाकर तीन मैच की सीरीज में 'क्लीन स्वीप' करने के लिए मैदान पर उतरेगी।

भारत पहले दोनों मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर चुका है, लेकिन उसका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा। भारत ने रविवार को बारिश से प्रभावित दूसरा मैच सात विकेट से जीता था।

जिस दिन श्रीलंका की महिला टीम ने भारत को हराकर अपना पहला टी-20 एशिया कप जीता, उस दिन भी उनकी पुरुष टीम का प्रदर्शन खराब रहा। श्रीलंका के लिए सबसे बड़ी चिंता उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन है। दूसरी तरफ भारत ने अभी तक विश्व चैंपियन की तरह ही प्रदर्शन किया है। भारत ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। भारतीय खिलाड़ियों की रणनीति और कौशल में आत्मविश्वास साफ झलक रहा है तथा वह किसी भी समय दबाव में नहीं दिखे।

भारतीय कप्तान ने अभी तक 58 और 26 रन की पारियां खेल कर आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। उनके कुशल नेतृत्व में भारतीय टीम ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया है।

**शाम 7 बजे शुरू होगा मैच**

### संभावित टीमें

**भारत ।** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह। खलील अहमद, मोहम्मद सिराज।

**श्रीलंका ।** दिनेश चंडीमल, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), पथुम निसांका, कुसल परेरा, चैरिथ असलांका (कप्तान), वानिंदु हसरंगा, कामिंडु मेंडिस, दासुन शनाका, चामिंडु विक्रमसिंघे, बिनुरा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो, दिलशान मदुशंका, मथीशा पथिराना, महेश थीक्षाना, डुनिथ वेलालेज।

